दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 257 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 2 रुपए+st ■ पृष्ठ : 8+st

## 15 जनवरी को जयपुर में ऐतिहासिक होगा आर्मी डे समारोह, मुख्यमंत्री भजनलाल ने फिर ली बैठक

**मिलिट्री प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के साथ गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फिर से आर्मी डे समारोह को लेकर बातचीत की**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** वैसे मिलिट्री की ओर से हर साल 15 जनवरी को आर्मी डे का आयोजन किया जाता है लेकिन मिलिट्री की ओर से जयपुर में यह आयोजन मिलिट्री परिसर में ही किया जाता है लेकिन इस बार अगले साल 15 जनवरी को मिलिट्री की ओर से आयोजित किया जाने वाला आर्मी डे समारोह पहली बार मिलिट्री परिसर से बाहर जयपुर में खुले तौर पर आयोजित किया जाएगा इस समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे इसके लिए उन्होंने जयपुर जिला प्रशासन और पुलिस के सभी बड़े अधिकारियों को मिलिट्री के अधिकारियों के साथ समन्वय और तालमेल बनाए रखते हुए समारोह को शानदार तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं इस आयोजन के लिए भजनलाल शर्मा ने पहले भी मिलिट्री पुलिस और जिला प्रशासन के बड़े अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करके समारोह को शानदार तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए थे गुरुवार को भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर की दक्षिणी पश्चिमी मिलिट्रीकमान के बड़े अधिकारियों पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की इस बैठक में पिछली बैठक में जो निर्णय लिए गए थे उनके क्रियान्वयन के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों से सवाल जवाब किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने काफी देर तक इस बैठक में मौजूद अफसर से बातचीत की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जानकारी के अनुसार 15 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाले आर्मी डे कार्यक्रम में एक तरफ जहां मिलिट्री की ओर से अत्याधुनिक हथियार उपकरण इत्यादि का प्रदर्शन किया जाएगा टैंक मिसाइल इत्यादि का प्रदर्शन किया जाएगा इसके अलावा मिलिट्री के जवान मोटरसाइकिल पर हैरत इंगेज करतब दिखाएंगे मिलिट्री के जवानों की परेड भी होगी इसके अलावा समारोह स्थल और मिलिट्री की परेड के दौरान राजस्थान की कला संस्कृति इत्यादि की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएगी जिसमें राजस्थानी कलाकार नृत्य गायन इत्यादि का प्रदर्शन करेंगे कुल मिलाकर यह कार्यक्रम काफी रोमांचक होगा ऐतिहासिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की भागीदारी ज्यादा सुनिश्चित की जा रही है ताकि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हो इसके अलावा देश और विदेश के पर्यटकों को भी इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लाने के प्रयास किए जाएंगे ताकि विदेशी पर्यटक भी इस कार्यक्रम का आनंद ले सके समारोह स्थल पर सभी तरह की व्यवस्थाएं दर्शकों के लिए सुनिश्चित करने के बारे में भी मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से कहा है कार्यक्रम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के अलावा कार्यक्रम देखने आने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके बारे में प्रशासन को साफ निर्देशित किया गया है ।15 जनवरी को आयोजित इस आर्मी डे कार्यक्रम में मिलिट्री की ओर से रक्तदान शिविर साइकिल परेड रनर परेड इत्यादि कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जबरन धर्म परिवर्तन बिल को मंजूरी दी, अब बन गया कानून

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जबरन धर्म परिवर्तन बिल को मंजूरी प्रदान कर दी है अब यह बिल कानून बन गया है हालांकि प्रदेश में 2005 और 2008 में भी इसी तरह का बिल राजस्थान विधानसभा में पारित होकर राज भवन तक पहुंचा था लेकिन दोनों बार ही राज्यपाल ने बिलों को मंजूर नहीं किया था लेकिन इस बार प्रदेश की भजनलाल सरकार ने जबरन धर्म परिवर्तन बिल को नए स्वरूप में राजस्थान विधानसभा में पारित करवा कर राज भवन मंजूरी के लिए भिजवाया था जिसे राज्यपाल ने मंजूर कर लिया है जानकारी के अनुसार राजस्थान विधानसभा के मानसून सत्र में प्रदेश की भजनलाल सरकार की ओर से राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध बिल 2025 पास करवा कर राज भवन मंजूरी के लिए भिजवाया था जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस बिल को मंजूरी दे दी है अब यह बिल कानून बन गया है अब इस मामले में पुलिस में मामला दर्ज भी होगा और बिल में उल्लेखित सजा के अनुसार दोषी लोगों को सजा भी मिलेगी। राज्यपाल की ओर से मंजूर किए गए बिल में जबरन धर्म परिवर्तन करवाने वाले दोषी व्यक्ति को 14 साल की सजा और 5 लाख रुपए तक का जुर्माना भरने का प्रावधान है इसके अलावा संस्थागत और समूह के रूप में कोई जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में उम्र कैद और 50 लाख रुपए तक की भी जुर्माना भरने की सजा का प्रावधान किया गया है इस बिल की खासियत यह है कि जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में ही यह बिल लागू होगा अगर कोई व्यक्ति अपनी इच्छा से और बिना किसी दबाव में अपने मूल धर्म को वापस ग्रहण करता है तो यह बिल उस पर लागू नहीं होगा लेकिन अगर कोई लालच देकर किसी पर प्रेशर डालकर और गलत तरीके से कोई किसी का धर्म परिवर्तन करता है तो यह बिल पूरी तरह से लागू होगा जानकारी के अनुसार राजस्थान में लंबे समय से जबरन धर्म परिवर्तन के मामले आए दिन देखने को मिल रहे थे। श्रीगंगानगर , हनुमानगढ़ और आदिवासी इलाकों में कई तरह के प्रलोभन लालच देकर लोगों के धर्म परिवर्तन करवाने की सूचनाओं और शिकायतें लगातार मिल रही थी इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए लंबे समय से सामाजिक संगठन मांग उठा रहे थे 2005 और 2008 में राजस्थान विधानसभा से पास करवा कर जबरन धर्म परिवर्तन संबंधी बिल राजभवन भेजा गया लेकिन दोनों ही बार राज्यपालों ने मंजूरी नहीं दी लेकिन इस बार राज भवन ने जबरन धर्म परिवर्तन बिल पर अपनी अंतिम मोहर लगा दी इसके बाद यह बिल अब कानून बन गया है।

## *राजस्थान भाजपा के दर्जन भर नेता बिहार चुनाव में पार्टी का करेंगे प्रचार*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बिहार विधानसभा चुनाव में राजस्थान भाजपा के दर्जन भर नेता चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं बिहार में चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान भाजपा की ओर से दर्जन पर नेताओं की लिस्ट पार्टी हाई कमान को दिल्ली में भेजी गई है इन नेताओं में राजस्थान भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद दामोदर अग्रवाल राजस्थान सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, अनुराग जांगिड़ सहित दर्जन भर नेताओं को बिहार में पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी दी गई है जानकारी के अनुसार बिहार के विधानसभा चुनाव बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा दोनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बार बिहार में यूपीए की ओर से नीतीश कुमार की सरकार के खिलाफ जोरदार माहौल बनाने का प्रयास किया गया कांग्रेस के राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव ने जिस तरह से पिछले दिनों बिहार में वोट चोरी को लेकर जो यात्रा निकाली उस यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी और तेजस्वी यादव इन दोनों नेताओं ने बिहार के कई विधानसभा सीटों पर केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की वर्तमान सरकार पर कई मामलों को लेकर जोरदार प्रहार किया था राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा अपनी पूरी यात्रा के दौरान जोर-जोर से उठाया हालांकि राहुल गांधी की इस यात्रा के दौरान उनकी सभाओं में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति भी दिखाई लेकिन यह तो आने वाला समय ही बताया कि राहुल गांधी की वोट चोरी को लेकर निकाली गई यात्रा का कितना बेनिफिट कांग्रेस पार्टी को मिला लेकिन इस यात्रा के बाद एनडीए की रणनीतिकार बिहार के चुनाव को लेकर कुछ ज्यादा ही सीरियस नजर आ रहे हैं हालांकि बिहार चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर यूपीए के घटक दलों में विचार विमर्श का दौर जारी है अभी टिकट बंटवारे को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई है कुछ इसी तरह के हालात एनडीए के घटक दलों में भी नजर आ रहे हैं इसलिए बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर छोटे-बड़े सभी दल पूरी तैयारी के साथ अपना भाग्य आजमाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे नेता कई राज्यों के भाजपा नेताओं को दिल्ली में पार्टी के उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया था जिसके लिए राजस्थान भाजपा से भी चुनाव प्रचार के लिए नेताओं की लिस्ट मांगी गई थी जिसमें राजस्थान भाजपा की ओर से दर्जन भर नेताओं के नाम चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली भेजे गए हैं अब इन नेताओं को बिहार मेंपार्टी के उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए तमाम तरह की रणनीति और चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी निभाने को कहा गया है।

## राजस्थान में ठंड की दस्तक, सिरोही में पारा 15.8 डिग्री



जयपुर

बारिश थमने के साथ ही उत्तर-पश्चिमी हवाएं सक्रिय हो गई हैं, जिससे राजस्थान में मौसम का मिजाज बदलने लगा है। उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और वहां से आने वाली ठंडी हवाओं ने राज्य में सर्दी का असर बढ़ा दिया है। सिरोही में रात का तापमान गिरकर 15.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। वहीं शेखावाटी, हनुमानगढ़, बीकानेर और गंगानगर क्षेत्रों में भी न्यूनतम तापमान लगातार 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल राज्य में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा। दिन में धूप खिलने से अधिकतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, लेकिन सुबह-शाम उत्तरी हवाओं के चलते ठंडक बनी रहेगी। पिछले 24 घंटों में जयपुर, अलवर, सीकर, नागौर, बीकानेर, चूरू और पिलानी सहित अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सीकर का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण हो रही बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों तक पहुंच रहा है।

## जीआर इंफ्रा के 40 ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे, उदयपुर और जयपुर में भी रेड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हाईवे और रेल परियोजनाओं के कार्यों से जुड़ी जीआर इंफ्रा के राज्यों में स्थित विभिन्न स्थानों और कार्यालय पर गुरुवार को सुबह इनकम टैक्स विभाग की विभिन्न टीमों की ओर से एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया हालांकि खबर लेकर जाने तक इनकम टैक्स विभाग और जिस कंपनी के यहां छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया है उनकी ओर से किसी भी तरह का कोई बयान सामने नहीं आया है लेकिन राजस्थान के उदयपुर के सेक्टर 11 में स्थित जीआर इंफ्रा के कार्यालय पर गुरुवार को सुबह ही इनकम टैक्स की टीम ने छानबीन शुरू की इसके अलावा जयपुर में भी जीआर इंफ्रा के श्याम नगर स्थित कार्यालय पर इनकम टैक्स की टीम की ओर से जांच पड़ताल की जा रही है इसके अलावा गुरुग्राम नोएडा दिल्ली मध्य प्रदेश और गुजरात में करीब अलग-अलग शहरों में 40 ठिकानों पर इनकम टैक्स की टीमों की ओर से सघन जांच पड़ताल गुरुवार की सुबह से शुरू की गई है प्रारंभिक जांच पड़ताल में इनकम टैक्स की टीमों की ओर से डिजिटल डाटा दस्तावेज बैंक अकाउंट्स बुक्स इत्यादि सभी कब्जे में कर इनकी जांच पड़ताल की जा रही है विभिन्न तरह के आर्थिक लेनदेनों के संदर्भ में जांच पड़ताल खबर लिखे जाने तक जारी थी जानकारी के अनुसार जीआर इंफ्रा का करीब 8000 करोड़ का कारोबार है वर्ष 2022 में इस



कंपनी से जुड़े कुछ ठेकेदारों पर सीबीआई की ओर से छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया था जिसमें कई बड़ी जानकारियां सीबीआई को मिली थी अब जिस तरह से इनकम टैक्स की ओर से पूरे देश में एक साथ इस कंपनी के सभी ठिकानों पर जांच पड़ताल की गई है उससे कंपनी प्रबंधन से जुड़े लोगों में खलबली जरूर मच गई है हालांकि कहा जा रहा है कि कंपनी ने अपने सभी कर्मचारियों को गुरुवार को ऑफिस में नहीं आने को कहा है और घर से ही ऑफिस संबंधी काम संपादित करने को कहा गया है विभिन्न ठिकानों पर आईटी की टीमों की ओर से की गई छानबीन में व्यापक स्तर पर डिजिटल डाटा दस्तावेज बैंक अकाउंट्स संबंधी जानकारियां मिली है इसलिए इनकी जांच पड़ताल में काफी समय लगेगा इसलिए गुरुवार देर रात तक या या एक-दो दिन जारी रहने की संभावना है जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपए के इनकम टैक्स चोरी जैसी जानकारियां शुरुआती जांच पड़ताल में ही सामने आई है।

## एसएमएस अग्निकांडः एसके इलेक्ट्रॉनिक के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में हुए अग्निकांड में एस. के. इलेक्ट्रॉनिक्स के खिलाफ एसएमएस थाने में मामला दर्ज किया गया है इस मामले की जांच एसएमएस थाना प्रभारी राजेश कुमार की ओर से की जाएगी यह मामला सवाई मानसिंह अस्पताल सिंह अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ प्रशासन की ओर से दर्ज करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटरमें फायर सिस्टम में तकनीकी गड़बड़ी की वजह से अस्पताल में पिछले दिनों बड़ा अग्निकांड हुआ था जिसमें अस्पताल में इलाज करवा रहे मरीजों की मौत भी हुई थी अग्नि की चपेट में आए कई मरीज का अभी उपचार जारी है जैसे ही इस मामले की सूचना प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मिली वे तुरंत आधी रात को अस्पताल में पहुंचे और अस्पताल में खड़े होकर उन्होंने खुद राहत बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग की पूरी रात भजनलाल शर्मा अस्पताल में ही रहे मौके पर आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास करने के साथ-साथ ट्रॉमा सेंटर में अग्नि की लपटों में चारों तरफ से गिरे मरीज और उनके परिजनों को सुरक्षित निकालकर उन्हें सेफ जगह पर पहुंचाया गया मुख्यमंत्री शर्मा ने तुरंत इस मामले में जांच के लिए वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इकबाल खान के अध्यक्षता में कमेटी भी गठित की और अस्पताल में फायर सिस्टम का संचालन करने वाली एसके इलेक्ट्रॉनिक के टेंडर को हाथों-हाथ ही निरस्त करने के साथ-साथ इस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करवाने के निर्देश दिए इसी के परिपेक्ष में अब दोषी कंपनी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है इस पूरे मामले की जांच अभी सरकार की ओर से गठित की गई कमेटी की ओर से की जा रही है कमेटी को 7 दिन के अंदर मामले की जांच कंप्लीट करके सरकार को सौंपने की बात कही गई थी कमेटी की ओर से की गई जांच और कमेटी की ओर से की गई सिफारिश के आधार पर ही सरकार इस मामले में आगे कदम उठाएगी हालांकि सरकार ने सवाई मानसिंह अस्पताल के अधीक्षक सुशील भाटी और ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी अनुराग धाकड़ को हटा दिया था इसके अलावा संबंधित अधीक्षण अभियंता को सस्पेंड भी कर दिया गया था इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की थी।

## अमित शाह के 13 अक्टूबर के जयपुर दौरे को लेकर भजनलाल शर्मा ने हाई प्रोफाइल मीटिंग ली

**जयपुर के सीतापुर में स्थित जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर में नए कानून पर आमजन के लिए खोले जाने वाली प्रदर्शनी का अमित शाह करेंगे उद्घाटन, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस को भी करेंगे संबोधित, प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं से भी कर सकते हैं संवाद**

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** देश के गृहमंत्री और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह का 13 अक्टूबर को जयपुर दौरा सुनिश्चित हो गया है इस संदर्भ में आधिकारिक जानकारी भी मीडिया के साथ शेयर कर दी गई है अमित शाह के जयपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को हाई प्रोफाइल मीटिंग का आयोजन किया इस मीटिंग में गृह विभाग के अतिरिक्त सचिव भास्कर के सामंत सहित पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारी मौजूद रहे बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अमित शाह के 13 अक्टूबर के जयपुर के कार्यक्रम से जुड़ी तमाम तरह की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए, अमित शाह 13 अक्टूबर को 11.40 पर सांगानेर एयरपोर्ट पर आएंगे और फिर यहां से सीतापुरा स्थित जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन केंद्र में नए कानून पर आयोजित की गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे यह प्रदर्शनी 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक आम जन के लिए खुली रखी गई है यह प्रदर्शनी सुबह 10.00 से शाम 5.00 तक दर्शकों के लिए खुली रखी गई है इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की ओर से लागू किए गए नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है नए कानून से क्या फायदा हुआ है और इन सारे नए कानून के बारे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी हो इसके लिए बाकायदा प्रदर्शनी में नए कानून के बारे मेंऑडियो वीडियो लघु फिल्म इत्यादि के माध्यम से बहुत ही सरलता से जानकारी देने का प्रयास किया गया है इस प्रदर्शनी में क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा तथा नए कानून के बारे में दशकों से राय भी पूछी जाएगी इसके अलावा नए कानून कितने सार्थक और प्रभावी हुए हैं इसके बारे में भी दशकों से राय और सलाह ली जाएगी राजस्थान पुलिस की ओर से नए कानून के प्रचार प्रचार में क्या-क्या तरीके अपनाए गए और किस तरह से इन कानून का प्रचार प्रसार किया जा रहा हैइन कानून को लेकर किस तरह का फीडबैक सामने आया है इन सब के बारे में राजस्थान पुलिस की ओर से बाकायदा विस्तार से स्थिति स्पष्ट की गई है।

### प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बातचीत करेंगे अमित शाह

जानकारी के अनुसार नए कानून पर आयोजित की गई प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करेंगे बातचीत के दौरान अमित शाह नए कानून को लेकर जिलेवार समीक्षा करेंगे और प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों से नए कानून के क्रियान्वयन के संदर्भ में भी आवश्यक सवाल जवाब करने के अलावा लोगों का इन नए कानून के प्रति क्या नजरिया है और यह नए कानून लोगों को कितने फायदेमंद साबित हो रहे हैं इसके बारे में भी अधिकारियों से फीडबैक लेंगे पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टरों से बातचीत के दौरान अमित शाह इन नए कानून के जनता में प्रचार प्रसार के बारे में भी अधिकारियों से सवाल जवाब करेंगे इसके अलावा प्रदेश के पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टरों से वर्तमान हालातो में सुरक्षा के अतिरिक्त कड़े प्रबंध करने संबंधी विषयों पर भी चर्चा कर सकते हैं क्योंकि हाल ही में जिस तरह से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने वाले प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में रहने वाले लोगों को पकड़ा गया है उसके बाद गृह मंत्रालय प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में रहने वाले संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को निर्देशित किया गया है इसलिए सीमावर्ती जिलों के पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ अमित शाह बातचीत में ज्यादा समय बिता सकते हैं।

### अमित शाह के जयपुर कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी काफी उत्साहित

13 अक्टूबर के अमित शाह के जयपुर के कार्यक्रम को लेकर राजस्थान भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं में काफी हलचल मची हुई है क्योंकि मदन राठौड़ अभी 2 दिन दिल्ली में रहकर आए थे दिल्ली दौरे के दौरान उनकी पार्टी के कई नेताओं से बातचीत हुई थी मदन राठौड़ अपनी नई टीम के सदस्यों की लिस्ट बहुत पहले ही पार्टी हाई कमान को दे चुके हैं लेकिन अभी राठौर की ओर से प्रस्तुत की गई लिस्ट पर पार्टी हाई कमान ने अंतिम निर्णय नहीं लिया है इसकी वजह से कई महीने बीत जाने के बावजूद भी मदन राठौड़ अपने स्तर पर अपनी नई टीम का गठन नहीं कर पा रहे हैं अब जिस तरह से अमित शाह का जयपुर का कार्यक्रम निर्धारित हुआ है उसके बाद कहा जा रहा है कि पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से भी अमित शाह मुलाकात कर सकते हैं।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
10 अक्टूबर, 2025


## राजस्थान कराटे प्रतियोगिता में अभिनव वर्मा का नेशनल चयन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में अलवर जिले के अभिनव वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल स्तर पर चयन पाया है अभिनव वर्मा पुत्र जितेंद्र वर्मा निवासी दाउदपुर अलवर पब्लिक स्कूल के छात्र हैं उन्होंने पिछली कराटे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था BSB कराटे एकेडमी के कोच अनिल चौधरी ने बताया कि अब तक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कराटे प्रतियोगिताओं में किसी भी खिलाड़ी का नेशनल स्तर पर चयन नहीं हुआ था। इस बार यह उपलब्धि अभिनव वर्मा ने अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है इस उपलब्धि पर विद्यालय में रैली निकालकर, ढोल-नगाड़ों के साथ अभिनव वर्मा का भव्य स्वागत किया गया।

## शहरी सेवा शिविर में लाभार्थियों को मिला स्वामित्व का हक

### नगर परिषद ने जारी किए पट्टे



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अंतर्गत गुरुवार को झूलेलाल मंदिर, किशनगढ़ रोड, खैरथल में आयोजित शिविर में आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान लाभार्थी नारायण केवलानी पुत्र मोटूमल केवालानी, भागूमल भूरानी पुत्र मोहनलाल भूरानी तथा धर्मदास पुत्र ठाकुरदास ने अपने प्लॉट का पट्टा बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। नगर परिषद खैरथल द्वारा आवश्यक दस्तावेजों की जांच उपरांत आवेदकों को उनके प्लॉटों के पट्टे जारी किए गए। पट्टा प्राप्त होने पर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एंव प्रशासन का आभार जताया। यह शिविर नगर परिषद खैरथल क्षेत्र के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ शिविर स्थल पर ही उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## 10 व 11 अक्टूबर को यहां लगाए जाएंगे शहरी सेवा शिविर

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(नि.सं.)।** शहरी क्षेत्र में लग रहे शहरी सेवा शिविर के तहत 10 अक्टूबर को नगर परिषद खैरथल के वार्ड 34, 35 हेतु झूलेलाल मंदिर किशनगढ़ बास रोड खैरथल, नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड 43, 44, 45 हेतु कार्यालय नगर परिषद भिवाड़ी में, नगर परिषद तिजारा के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर सभागार नगर परिषद तिजारा में, नगर पालिका मुंडावर के वार्ड 12,13 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में, नगर पालिका किशनगढ़ बास के वार्ड 16, 17, 18 हेतु फायर स्टेशन नगर पालिका किशनगढ़ बास में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 11 अक्टूबर को नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड नंबर 46, 47, 48 हेतु कार्यालय नगर परिषद भिवाड़ी में तथा नगर पालिका मुंडावर के वार्ड नंबर 14, 15 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में लग रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 10 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत मीरका, तरवाला, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत बघेरी खुर्द, हरसौली, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत सोडावास, बल्लूवास, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत चावण्डी कलां, फुल्लावास, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत सारेकलां, फकरुदीनका में शिवरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 11 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत झिरण्डिया, तहनोली, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत झाड़का, पाटन अहीर, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत उलाहेडी, पीपली, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत पालपुर, मालियर जट्ट में शिवरों का आयोजन किया जाएगा।

## लायंस क्लब ने कराई पीस पोस्टर प्रतियोगिता



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** लायंस क्लब राजगढ़ के तत्वावधान में राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय रामू की बड़ी में पीस पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का थीम "एक साथ हम" रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया कार्यक्रम संयोजक लायन नंदलाल बैरवा ने बताया कि विद्यार्थियों ने थीम के अनुरूप सुंदर व प्रेरक पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को पेन, रबर, पेंसिल व अन्य अध्ययन सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरेश सैनी, क्लब अध्यक्ष लायन प्रदीप महावर, प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, वीरेंद्र दाधीच, लोकेश रावत, दुष्यंत आर्य, अजय यादव सहित क्लब सदस्यों का विशेष सहयोग रहा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्लब की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा।

# लायंस क्लब अलवर मत्स्य की पुण्य भरी 'सेवा सप्ताह, गौ सवामनी, प्रभुजनो व जरुरतमंदो को भोजन कराया

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई 1 के रीजन 9, जोन - 4, क्लब संख्या 095645 लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा आयोजित 'सेवा सप्ताह' - सेवांकुर के चौथे दिन गुरुवार को अम्बेडकर सर्किल स्थित जनता रसोई, आँचल संसथान द्वारा संचालित पर शाम को फूड फॉर हंगर के तहत भोजन कराकर मनाया। लायंस क्लब अलवर मत्स्य द्वारा मानव सेवा अलवर की सबसे सकारात्मक मुहीम बनाने हेतु एवं असहाय लोगो को भोजन की मदद हेतु 'अन्नपूर्णा भोजन प्रसादी वितरण' की मुहीम चलाई जा रही है जिससे ज्यादातर लोग भूखे ना सोये। कार्यक्रम मुख्य संयोजक लायन अनिल बंसल ने बताया कि गुरुवार को क्लब सचिव लायन सुधा गुप्ता का जन्मदिन भी था,



इस उपलक्ष्य में सुबह बुध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदीगौशाला में गौ सवामनी का आयोजन किया गया। जिसमे नंदी गौ शाला में उपस्थित गाय-बैलो को गुड एवं हरा चारा, सब्जियां इत्यादि खाने को दिया गया। शाम को सचिव लायन सुधा अग्रवाल के सान्निध्य में शाम को अम्बेडकर सर्किल स्थित जनता रसोई, आँचल संस्थान द्वारा संचालित पर शाम को फूड फॉर हंगर के तहत तकरीबन 193 से अधिक असहाय लोगो को फल, मिठाई एवं पेट भरकर भोजन अपने हाथो से खिलाया। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष एम.जे.एफ. लायन डॉ मंजू अग्रवाल ने बताया कि 'सेवा सप्ताह- सेवांकुर' के तहत मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे लायंस क्लब अलवर मत्स्य एवं मित्तल हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छ अलवर-स्वस्थ अलवर' के अन्तर्गत 'निशुल्क मधुमेह जाँच शिविर' तथा ब्लड प्रेशर की जाँच की जायेगी। शिविर का आयोजन कंपनी बाग में शनिवार दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को प्रात. 7 बजे से किया जाएगा। संयोजक एम.जे.एफ. लायन गिरीश गुप्ता ने बताया कि शिविर लगाने के पीछे उद्देश्य यह है कि अधिक काम के चलते आमजन अपनी व्यस्त जीवन शैली में से खुद के लिए बिलकुल भी वक्त नहीं निकाल पाते है और ये ही सब बीमारियाँ धीरे धीरे शरीर में पैदा होती जाती है जिसकी जानकारी इन लोगो को नहीं हो पाती तथा समय पर इलाज नहीं ले पाते कई बार तो ये बहुत ही भयानक बिमारी के रूप में पता चलती है अत स्वस्थ भारत अभियान के तहत लायंस क्लब अलवर मत्स्य ने यह शुरुआत करी है। लायंस क्लब अलवर मत्स्य की अध्यक्ष लायन डॉ. मंजू अग्रवाल, सचिव लायन सुधा अग्रवाल, लायन घनश्याम अग्रवाल, लायन सतीश कुमार गुप्ता, लायन रमा गुप्ता, लायन महेश धानावत, लायन शकुंतला धानावत, लायन सत्यनारायण अग्रवाल, लायन अनिल बंसल, लायन गोविन्द गोयल सहित बडी संख्या में लायंस सदस्यों ने भाग लिया।

## वन राज्यमंत्री ने राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण जागरूकता एवं ट्रेकिंग शिविर के समापन समारोह में की शिरकत




### सेवा ही धर्म की भावना को चरितार्थ करने में स्काउट गाइड महती भूमिका - वन राज्यमंत्री

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने नजर बगीची में आयोजित राष्ट्र स्तरीय पर्यावरण जागरूकता एवं ट्रेकिंग शिविर के समापन समारोह में शिरकत कर आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक पौधारोपण कर करने की अपील की। उन्होंने शिविर में सहयोग करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सेवा ही धर्म की भावना को बढाने के उद्देश्य से स्थापित भारत स्काउट गाइड बच्चों के चरित्र निर्माण व देश भक्ति की भावना विकसित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में आपदा की स्थिति में स्काउट गाइड के स्वयंसेवक अपने नारे 'सदैव तत्पर-तैयार रहो' को चरितार्थ करते हुए आपदा प्रबंधन में आगे बढकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से जूझ रहे है, जिसके दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड मां के नाम' अभियान शुरू किया है, जो जन-जन का अभियान बनकर उभरा है। इसी अभियान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में प्रारम्भ किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष साढे सात करोड पौधे लगाकर माई भारत पोर्टल पर मय फोटो अपलोड किए तथा इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने के लक्ष्य को अर्जित करते हुए प्रदेश में साढे ग्यारह करोड पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए गए हैं। उन्होंने नजर बगीची स्थित भारत स्काउट गाइड कार्यालय में मंच को कवर कराने एवं बैठने की व्यवस्था के लिए 10 लाख रूपये विधायक निधि कोष से देने की घोषणा की। साथ ही परिसर में पर्यावरण अनुकूल हट बनवाने का भी आश्वासन दिया। भारत स्काउट गाइड के निदेशक राजकुमार कौशिक ने भारत स्काउट गाइड के गठन, इसकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ट्रेकिंग शिविर प्रभारी भारत स्काउट गाइड के उप निदेशक अनलेन्द्र शर्मा ने शिविर के दौरान पर्यावरण संरक्षण के विषय पर की गई ट्रैकिंग के अनुभवों के बारे में अवगत कराया। कर्नाटक से आए रोवर सुभाष ने अलवर जिले में ट्रेकिंग शिविर व आउटिंग के अनुभव शेयर करते हुए बताया कि अलवर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों से समृद्ध है। यहां की साझा संस्कृति अपनापन लिए हुए हैं। भारत स्काउट गाइड की जिला सचिव विजय लक्ष्मी वर्मा ने आगन्तुकों का आभार जताया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रमोद कुमार शर्मा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, डीएफओ राजेन्द्र हुड्डा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रियंका रघुवंशी, भारत स्काउट गाइड के प्रधान एवं समाजसेवी श्रीकिशन गुप्ता, भारत स्काउट गाइड की जिला सचिव विजय लक्ष्मी वर्मा, सीईओ स्काउट गाइड राजेन्द्र मीणा, नीता शर्मा, जितेन्द्र राठौड, प्रमोद शर्मा, लोचन यादव सहित संबंधित प्रबुद्ध व्यक्ति, भारत स्काउट गाइड के प्रतिभागी एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग पर बड़ी कार्रवाई

### 113 गैस सिलेंडर जब्त





जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** गुरुवार को घरेलू गैस की अवैध रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु अलवर जिले में कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 72 घरेलू एवं 41 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर मय 3 गैस रिफलिंग मोटर, 5 गैस तौलने के कांटे एवं 6 रेग्यूलेटर जब्त किए गए। कार्यवाही मै. भगवान सिंह, स्टेशन रोड स्थित टी प्वाईंट, अलवर, मै. विशाल कुमार, शॉप नं0 13, भारत टॉकिज के पीछे केशव नगर, अलवर, मै0 दीपक शर्मा, शर्मा स्वीट्स, एरोड्रम रोड, आदर्श कॉलोनी, अलवर, मै. मिथलेश कुमार, अग्रसेन सर्किल पर फ्लाई ओवर के समीप एवं मै. दामोदर लाल, टेल्को चौराहे के समीप जसवंत नगर, अलवर पर की गई। उक्त स्थानों पर घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यासायिक उपयोग किया जाना पाया गया। घरेलू गैस सिलेण्डर्स का व्यावसायिक उपयोग किया जाना आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध होने के कारण समस्त सिलेण्डर्स को जब्त कर कब्जेराज लिया गया एवं सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त घरेलू गैस सिलेण्डर्स को मै. मोहन गैस सर्विस, अलवर एवं म. गोविन्द गैस सर्विस, अलवर की सुपुर्दगी में दिया गया जांच दल में रणधीर सिंह, प्रवर्तन अधिकारी, बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी, अमित कुमार यादव, प्रवर्तन अधिकारी, गुलाब चंद एवं नवरंग सिंह शामिल थे। जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में कार्यवाही जारी रहेगी।

## वन राज्यमंत्री ने जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

### विकसित भारत के संकल्प में विज्ञान एवं तकनीकी की महत्वपूर्ण भूमिका, इंस्पायर अवार्ड जैसी योजनाएं युवाओं को उपलब्ध करा रही है आगे बढने का प्लेटफॉर्म - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को अग्रवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी कार्यक्रम में शिरकत कर प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए विज्ञान मॉडल प्रोजेक्टों का अवलोकन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवा पीढी को केंद्र व राज्य सरकार विज्ञान एवं तकनीकी में नवाचार करने वाले विधार्थियो को आगे बढने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है। उन्होंने शिक्षा व काबिलियत के बल पर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी में चयनित जिले के 18 छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अलवर जिले के विद्यार्थियों के लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी में भाग लेने पर बधाई देते हुए कहा कि जिले में विज्ञान एवं तकनीकी से रूबरू होने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। अलवर में विज्ञान एवं तकनीकी के साथ जैव विविधता की दिशा में हो रहा है काम उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अलवर को साइंस पार्क, डिजिटल प्लेटेनेरियम, बायोलॉजिकल पार्क जैसी सौगातें दी गई है, इनमें बायोलॉजिकल पार्क की डीपीआर को स्वीकृति प्रदान कर दी गई, साइंस पार्क के निर्माण हेतु विज्ञान नगर में भूमि का आवंटन तथा डिजिटल प्लेटेनेरियम का कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने कहा कि अलवर शहर के एक छोर पर साइंस पार्क व डिजिटल प्लेटेनेरियम तथा दूसरे छोर पर बायोलॉजिकल पार्क बनने से न केवल अलवर का विकास होगा बल्कि विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आमजन को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में एवं वन विभाग के अधिकारियों की कुशल मॉनिटरिंग का परिणाम है कि सरिस्का अभयारण्य में अब बाघों की संख्या 50 हो गई है तथा निरन्तर बाघों के कुनबे में वृद्धि हो रही है। मंच संचालन शिक्षाविद राजेश मुखीजा ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सीडीईओ महेश गुप्ता, डीईओ महेश मेहता, जितेन्द्र राठौड, सीबीईओ सीमा शर्मा, अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, सीताराम चौधरी, दीपक गर्ग, विजय अग्रवाल, गजराज गौड सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में विद्यार्थी एवं आमजन मौजूद रहे।

## शेयरिंग कैब में सफर के बहाने चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

### युवतियों को फंसाकर फोटो-वीडियो से करता था ब्लैकमेल



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(नि.सं.)** थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल एप के जरिए शेयरिंग कैब बुक कर यात्रियों व वाहन चालकों के साथ चोरी की वारदात करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विजय चौधरी (32) पुत्र जयप्रकाश चौधरी निवासी फरीदाबाद, थाना सारन जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है, जो 2 हजार रुपये का वांछित अपराधी था अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि आरोपी मोबाइल एप से कैब बुक कर यात्रियों का विश्वास जीतकर उनके साथ यात्रा करता था और मौका मिलते ही कार व सामान लेकर फरार हो जाता था एक पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जयपुर से नोएडा जाते समय पिनान गांव के पास रेस्ट एरिया पर नाश्ता करने के दौरान आरोपी कार सहित उनका सामान लेकर फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना में फरीदाबाद से जयपुर आते समय आरोपी ड्राइवर दो यात्रियों के बाथरूम जाने का फायदा उठाकर कार समेत दो लैपटॉप व नकदी लेकर भाग गया पुलिस ने तकनीकी निगरानी व गोपनीय सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी से 2 कार, 5 लैपटॉप, 4 हार्ड डिस्क, 5 पेन ड्राइव, 2 कैमरे, एक सोने की चैन और विदेशी मुद्राएं बरामद की हैं पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी युवतियों को दोस्त बनाकर उनकी फोटो व वीडियो बनाता था और फिर ब्लैकमेल कर पैसे ऐंठता था।

# जिला कलक्टर ने राजगढ क्षेत्र का दौरा कर टोडा जयसिंहपुरा में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का किया निरीक्षण

### ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के दिए निर्देश

### टहला तहसील का किया निरीक्षण, आमजन की सुनी परिवेदनाएं

जयपुर टाइम्स

**अलवर(नि.सं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजगढ क्षेत्र का दौरा कर ग्राम पंचायत टोडा जयसिंहपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर



व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं शिविर में आए हुए आमजन से शिविर में प्रदान की जा रही सुविधाओं व सेवाओं का फीडबैक भी लिया तथा टहला तहसील का निरीक्षण कर आमजन की परिवेदनाएं सुनकर उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने शिविर में निरीक्षण कर विभागवार व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आमजन को दी जाने वाली सेवाओं की प्रक्रिया आदि का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर प्रभारी को निर्देश दिये कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिविर के दौरान आमजन को दी जाने वाली सेवाएं मौके पर ही दी जाए। उन्होंने लम्बित नोटिसों की तामील एवं फार्मर रजिस्ट्री को पूर्ण कराने, रास्ते खोलने, आपसी सहमति से विभाजन एवं नामांतरण, किसान गिरदावरी ऐप द्वारा गिरदावरी करवाने, मूल निवास व जाति प्रमाण बनाने एवं स्वामित्व योजना के तहत स्वामित्व पट्टे बनाने आदि की प्रगति का अवलोकन कर सभी कार्यों को यथासंभव मौके पर ही सम्पादित करने के निर्देश दिये। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जिनमें पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत दस हजार और गांवों में बीपीएल परिवारों का सर्वे करने, पीएमजेवाई कार्ड बनाने व वितरण करने, बीज मिनी किट वितरण, पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई, अटल पेंशन योजना एवं कर्मयोगी अभियान के तहत गतिविधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, पालनहार योजना, मुख्यमंत्री घुमन्तु आवास योजना से लाभांवित करावे। शिविर स्थल पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला कलक्टर ने शिविर में आए हुए ग्रामीणों से उनके कार्यों की जानकारी ली तथा शिविर का फीडबैक भी लिया। उन्होंने टहला तहसील का निरीक्षण कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया कि फरियादियों की परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण कर उन्हें सूचित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि ई-फाइलिंग सिस्टम से ही सभी कार्य किए जाए तथा रिकॉर्ड का संधारण सुव्यवस्थित रूप से करें। उन्होंने आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में लाभ का फीडबैक लेते हुए कहा कि अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी प्रदान कर उन्हें भी इन योजनाओं से लाभांवित करावे। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी राजगढ सीमा मीणा, तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने केवल वोट बैंक की राजनीति की, मोदी सरकार देश की तरक्की के लिए काम कर रही हैः डॉ. सतीश पूनियां



जयपुर टाइम्स

**जयपुर/बीकानेर(निसं.)** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बीकानेर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आज़ादी के बाद से अब तक केवल वोट बैंक की राजनीति की है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश की तरक्की, जनकल्याण और सुशासन के लिए कार्य कर रही है। डॉ. पूनियां ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा सरकार की आलोचना करने से पहले अपने कार्यकाल को देखना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि तीन बार मुख्यमंत्री रहे अशोक गहलोत आज तक बीकानेर तक नदी का पानी नहीं ला पाए, जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दो वर्षों में ही कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं – राज्य में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ, युवाओं के रोजगार पर काम चल रहा है और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। उन्होंने कहा कि देश में जब-जब चुनौतियाँ आईं, तब-तब प्रधानमंत्री मोदी ने दृढ़ नेतृत्व दिखाया – कोरोना संकट से निपटने, अनुच्छेद 370 हटाने, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना और जनधन योजना जैसे कदमों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। डॉ. पूनियां ने कहा, "कांग्रेस ने 55 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन समाज के उत्थान के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति की। भाजपा की सरकार राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर काम कर रही है।" उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए परिश्रम, प्रवास और कार्यकर्ताओं से संवाद ही उनकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कविता उद्धृत करते हुए कहा – 'कर्तव्य पथ पर जो मिला वह भी सही, जो नहीं मिला वह भी सही', और कहा कि यह पंक्तियाँ हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा हैं।

# अधेड़ महिला के दोनों पांव काटकर चांदी के कड़े लूट ले गए बदमाश, पुलिस ने दो जनों को पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले के गंगापुर सिटी थाना इलाके में बदमाशों ने मजदूरी के बहाने एक अधेड़ महिला को बुलाया और फिर उसके दोनों पांव काटकर करीब डेढ़ किलो वजन के चांदी के कड़े लूट कर फरार हो गए लघु लुहान अवस्था में सुनसान इलाके में बेहोश मिला अधेड़ महिला को उपचार के लिए जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में लाया गया है जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक ने सजगता दिखाते हुए तो बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया है जानकारी के अनुसार सवाई माधोपुर के बामनवास इलाके में सीतोड़ा थाना इलाके की कमला





देवी मजदूरी का काम करती है एक व्यक्ति ने गत पांच अक्टूबर को कमला देवी से मुलाकात की और कहा कि उसके कई जगहों पर ठेकेदारी के निर्माण कार्य चल रहे हैं उसे मजदूर की जरूरत है जिस पर उसने कमला देवी से उसके फोन नंबर ले लिए बाद में उसने कमला देवी को फोन करके गंगापुर सिटी में काम के लिए बुलाया जिस पर कमला देवी अपनी बहू सीमा और एक पड़ोसन उगन्ती को साथ लेकर गंगापुर सिटी चौराहे पर आ गई जहां पर इन्हें बुलाने वाला व्यक्ति बाइक लेकर मिला और उसने कमला देवी की बहु सीमा और उसकी पड़ोसन उगन्ती को अपनी बाइक पर बिठाया और इन दोनों को उदय मोड पर बाइक से नीचे उतरा और कहा कि मैं आपकी सास को भी लेकर आ रहा हूं इस दौरान उसने बहाना बनाकर सीमा का मोबाइल फोन भी अपने पास रख लिया इसके कई देर बाद जब वह व्यक्ति वापस नहीं लौटा तो सीमा को संदेह हुआ उसकी सास का भी उसे पता नहीं चल पाया था इसलिए उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई बाद में गुरुवार की सुबह कमला देवी लहू लुहान अवस्था में बेहोशी की हालत में गंगापुर सिटी के पास गंगा की कोठी के पास पड़ी मिली कमला देवी के दोनों गांव कटे हुए थे और दोनों पांव से करीब डेढ़ किलो चांदी के कड़े गायब मिले इसके बाद पुलिस ने कमला देवी की हालत को गंभीर देखकर उसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है पूरे मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और मिले संकेतों और सबूत के आधार पर आरोपी बदमाशों की तलाश की जिसमें दो बदमाशों को पुलिस ने पकड़ भी लिया है।

## भाजपा नेता ओमप्रकाश धनखड़ ने बीकानेर में रामेश्वर डूडी को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्वर्गीय रामेश्वर डूडी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि डूडी जी का निधन राजनीतिक और सामाजिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। धनखड़ बुधवार को बीकानेर पहुंचे और वहां उन्होंने स्वर्गीय रामेश्वर डूडी के निवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस दुखद घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि रामेश्वर डूडी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सदैव जनसेवा और किसानों के हितों की आवाज बुलंद की। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भाजपा नेता ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अलग हो सकते हैं, लेकिन डूडी जैसे समर्पित नेता समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहते हैं। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने भी भाग लिया और दिवंगत नेता को अंतिम नमन किया।





## वसुंधरा राजे और गोविंद सिंह डोटासरा में मुलाकात, किसने किसको क्या कहा ?





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर गुरुवार को प्रदेश के दो दिग्गज राजनेताओं के बीच आपस में मुलाकात हुई दोनों ही नेता अलग-अलग राजनीतिक पार्टी से ताल्लुक रखते हैं इसलिए दोनों के बीच जब काफी देर तक आपस में बातचीत हुई तो फिर राजनीतिक गलियारों में चर्चा होना भी स्वाभाविक है दोनों के बीच आपस में क्या बातचीत हुई इसको लेकर राजनीति के जानकार लोग अपने-अपने विवेक के आधार पर राय प्रकट कर रहे हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी से ताल्लुक रखने वाले इन दोनों नेताओं के बीच आपस में बातचीत होने के बाद कांग्रेस और भाजपा के छोटे-बड़े नेताओं में भी कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है दरअसल यह मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष से गोविंद सिंह डोटासरा के बीच हुई है गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को दिल्ली जाने कीविदाई देने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे थे उधर वसुंधरा राजे दिल्ली से सीधे यहां एयरपोर्ट पर विमान से आई थी इसलिए वसुंधरा राजे और डोटासरा दोनों का आमना सामना हो गया और दोनों नेताओं ने मुस्कुराते हुए एक दूसरे का अभिवादन किया और इसके बाद दोनों नेताओं के बीच जब बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर होता ही चला गया दोनों के बीच काफी देर तक बातचीत हुई उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा लगातार प्रदेश की भजनलाल सरकार पर हमला बोल रहे हैं बार-बार पर्ची की सरकार कह कर संबोधित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ वसुंधरा राजे हालांकि अब पहले की तरह पार्टी से नाराज नहीं चल रही लेकिन कभी-कभी इशारों में अपनी बात कह कर प्रदेश की राजनीति को गर्म जरूर कर देती हैं इसलिए गुरुवार को जब वसुंधरा राजे और डोटासरा के बीच काफी देर तक बातचीत हुई तो प्रदेश के राजनीतिक गलियों में इन दोनों नेताओं के मुलाकात को लेकरफिर से कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है।

## मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडियाः ऋतु शुक्ला



### पीआईबी की अतिरिक्त महानिदेशक समेत एक्सपर्ट्स ने मेंटल हेल्थ की चुनौतियों पर समाधान पर किया मंथन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वर्तमान समय में सोशल मीडिया और पारंपरिक मीडिया दोनों मिलकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ सकते हैं। केंद्र सरकार की टेली मानस पहल के माध्यम से स्कूल के बच्चों और कामकाजी वर्ग के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यह बात प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने राजस्थान विधानसभा के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान में कही। उन्होंने मीडिया वर्कशॉप को संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र सरकार आमजन के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। यूनिसेफ राजस्थान और फ्यूचर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई इस कार्यशाला में 'वॉइसेज ऑफ रेजिलिएंसद रोल ऑफ मीडिया इन प्रमोटिंग मेंटल हेल्थ' विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर यूनिसेफ राजस्थान के चीफ इंचार्ज रूषभ हेमानी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य वेलनेस वीक के अवसर पर हम केवल पेशेवरों के रूप में नहीं, बल्कि एक साझा मिशन के साझेदारों के रूप में काम करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम आत्महत्या की रोकथाम चाहते हैं, तो हमें एक साथ काम करना होगा। वहीं, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश माथुर ने पाठकों के दृष्टिकोण से सकारात्मक और नकारात्मक समाचारों के बीच संतुलन बनाए रखने में मीडिया की जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस दौरान आईआरएस हरिनारायण मीणा, एम्स जोधपुर की डॉ.नीति रुस्तगी, यूनिसेफ के चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट संजय निराला, मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील शर्मा, कवि व स्तंभकार राजेश कुमार व्यास, वरिष्ठ पत्रकार योगेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. मीना शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा और यूनिसेफ के हेल्थ ऑफिसर डॉ. अनुराग ने भी अपने विचार रखे। समापन सत्र में यूनिसेफ के कम्यूनिकेशन स्पेशलिस्ट अंकुश सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। फ्यूचर सोसाइटी की उपाध्यक्ष रविता शर्मा ने बताया कि इस विषय की गंभीरता देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ दिवस पर यह आयोजन किया गया।

## नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर गुरूवार को समीक्षा बैठक कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ऑनलाइन सर्विसेज़, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, संपर्क पोर्टल, बजट घोषणा सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र कुमार बंसल सहित जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने सभी जोन उपायुक्तों से कहा कि प्रतिदिन फील्ड में जाए, मुख्य मार्गों सहित विभिन्न स्थानों की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। दीपावली पर्व से पूर्व मुख्य मार्गों पर सफाई अभियान चलाकर सफाई की जाए तथा रोडसाइड कचरा पात्र भी लगवाये जाये। कचरा डिपो/जीवीपी पॉइंट (गारबेज वल्नरेबल पॉइंट) को शीघ्र सफाई कर उनका सौंदर्यीकरण किया जाए। खराब लाइटों को दुरूस्त कर नई लाइटें भी लगाई जाए। गौरतलब है कि नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा अब तक समस्त जोनों एवं वार्डों में कुल 648 ओपन कचरा डिपो में से 558 ओपन कचरा डिपो समाप्त कर दिए गए हैं। साथ ही शेष 90 ओपन कचरा डिपो की समाप्ति भी टीमों द्वारा की जा रही है। जिससे उन्हें शीघ्र समाप्त कर उनका सौंदर्यीकरण किया जाए। आयुक्त ने मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्र



आवेदकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आयुक्त ने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, नगरीय विकास कर के संबंध में कैंप की प्रगति रिपोर्ट, आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाने के लिए की जा रही फोगिंग संबंधी गतिविधियों के संबंध में चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में विद्युत शाखा द्वारा पिछले माह में हैल्प लाईन पर प्राप्त 7861 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिसमें से 7813 शिकायतें निस्तारण करवा दिया गया है। विद्युत शाखा द्वारा रोजाना रात्रिकालीन निरीक्षण कर बन्द लाईटों, सर्किटों को तत्परता से दुरूस्त करवाने का कार्य भी किया जा रहा है। विद्युत शाखा द्वारा नई लाईटें लगाने हेतु 11477 नई लाईटें लगाने के कार्यादेश जारी किये जा चुके है जिसमें से 5220 एलईडी लाईटें नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र में लगायी जा चुकी है। शेष लाईट्स दीपावली पर्व से पूर्व निगम क्षेत्राधिकार के वार्डो में लगवा दी जावेगी। उन्होंने बताया कि 10 हजार नग नई एलईडी लाईटें लगाये जाने का कार्य के प्रस्ताव भी प्रक्रियाधीन है।

## त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु उपभोक्ता मामले विभाग की सख्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों में वजन एवं माप उपकरणों के नियमों का उल्लंघन करने के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा दुकानों का निरीक्षण कर नियमों का पालन न करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को अतिरिक्त आयुक्त, खाद्य विभाग एवं पदेन नियंत्रक विधिक मापविज्ञान उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देशन में विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं डिब्बा बंद वस्तुएँ नियम 2011 के तहत जयपुर में दीनानाथ जी की गली स्थित 14 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त प्रतिष्ठानों पर कांटे व बाटो के सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नही पाये जाने तथा अनाधिकृत व भ्रामक पैकेजिंग पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर कारवाई की गई। विभागीय अधिकारियो द्वारा सभी प्रतिष्ठानों पर कुल 177000 रुपए का जुर्माना लगाया जाकर राजकोष में जमा करवाया गया। निरीक्षण के



दौरान जाँच दलों का घेराव कर प्रवर्तन कार्यवाही को बाधित किए जाने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन की सहायता लेकर कार्यवाही निरन्तर की गई। विभागीय अधिकारियों द्वारा स्थानीय व्यापार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी व्यापारियों को विधिक मापविज्ञान अधिनियम तथा डिब्बा बंद वस्तुए नियम की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए पाबन्द किया गया। उल्लेखनीय है कि गलत माप तौल एवं पैकेजिंग मापदंडों के विरुद्ध यह अभियान 13 से 19 अक्टूबर तक सम्पूर्ण प्रदेश में विशेष रूप से चलाया जायेगा।

## राजीविका और C3 के बीच एमओयू साइन, ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और जेंडर समानता की दिशा में बड़ा कदम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जेंडर एकीकरण को सुदृढ़ करना और महिलाओं की संस्थागत भागीदारी को मजबूत बनाना है। जयपुर स्थित राजीविका राज्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरी और C3 की कार्यकारी निदेशक डॉ. अपराजिता गोगोई ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रीति सिंह, परियोजना निदेशक (प्रशासन) और मीणा नीरू तुलसीराम, राज्य परियोजना प्रबंधक सहित दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साझेदारी के तहत C3, राजीविका को ब्लॉक स्तर पर जेंडर रिसोर्स सेंटर के संचालन के लिए तकनीकी और संस्थागत सहयोग प्रदान करेगा। ये केंद्र जेंडर मुद्दों पर क्षमता निर्माण, केस प्रबंधन और महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस व पंचायती राज संस्थाओं के साथ समन्वय का कार्य करेंगे। इस पहल के जरिए राजस्थान के 50,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं लाभान्वित होंगी। महिलाओं के लिए जेंडर सेंसिटिविटी ट्रेनिंग, नेतृत्व विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरी ने कहा, "यह सहयोग हमारी उस प्रतिबद्धता को सशक्त करता है जिसके तहत हम समानता और सम्मान पर आधारित ग्रामीण संस्थाओं का निर्माण कर रहे हैं

# सहायक सब इंस्पेक्टर को 20000 और तकनीकी विशेषज्ञ को 10000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक बर ओ की ओर से प्रदेश में नागौर और झुंझुनू जिले में दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए रिश्वत की रकम के साथ आरोपी लोगों को गिरफ्तार किया है एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के नागौर जिले में पादु कल थाने में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर सुखराम ने परिवादी से एक मामले की जांच उसके पक्ष में करने के बदले 20000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद ब्यूरो ने आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर सुखराम को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक



कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को पदुकला थाने के सामने चाय की थड़ी पर जैसे ही परिवार दी आरोपी सहायक सब इंस्पेक्टर सुखराम को रिश्वत के रुपए देने लगा वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने 20000 रुपए की रकम के साथ सुखराम को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की इस कार्रवाई के बाद थाने में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में क्या थाने में तैनात अन्य किसी अधिकारी का भी कोई हिस्सा निर्धारित किया हुआ है फिलहाल इस पूरे मामले की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है इसी तरह से एक अन्य मामले में गुरुवार को प्रदेश के झुंझुनू जिले में राजगढ़ नगर पालिका में शहरी स्तर पर तकनीकी विशेषज्ञ दीपक टेलर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत राशि के बदले परिवादी से रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को रिश्वत के रकम के साथ दीपक टेलर को मौके पर ही गिरफ्तार किया एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार परिवादी को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 250000 रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी इस राशि में एक लाख रुपए परिवादी को पहली किस्त के रूप में प्राप्त हो चुके थे और बाकी डेढ़ लाख रुपए की किस्त देने के बदले राजगढ़ नगर पालिका में शहर स्तर तकनीकी विशेषज्ञ पद पर नियुक्त दीपक टेलर ने पीएम आवास योजना के तहत 100000 रुपए देने के बदले 10000 रुपए रिश्वत की मांग की जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में दर्ज करवाई ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत गुरुवार को परिवादी ने रिश्वत के 10000 रुपए दीपक पटेल को दिए वैसे ही वहां पहले से तैयार बैठे इंटीग्रेशन ब्यूरो के अधिकारियों ने दीपक पटेल को रिश्वत की रकम के साथ मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम दीपक पटेल की ओर से हाल ही में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन जिन लोगों को पैसे दिए हैं उन सब मामलों की भी अब जांच कर रही है क्योंकि एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को यह संदेह है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन-जिन लोगों को पैसे दिए गए हैं उन सब से कहीं ना कहीं दीपक पटेल ने रिश्वत की रकम जरूर ली है इसलिए इस पूरे मामले की एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है।

# एक-दूसरे की जरूरत बने भारत-ब्रिटेन



इसमें मुक्त व्यापार समझौते की भूमिका अहम होने वाली है। करीब तीन साल के अथक प्रयासों के बाद अमल में आया यह व्यापार समझौता इतनी ठोस बुनियाद पर किया गया है कि अब जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा हो रही है, उसमें यही समझौता मानक बन गया है। इससे मिलने वाले परस्पर लाभ को इसी से समझा जा सकता है कि जहां ब्रिटेन के एल्कोहल उद्योग एवं वाहन उद्योग की भारत जैसे बड़े एवं उभरते बाजार में पहुंच बनेगी, वहीं भारत के कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे व्यापक श्रम खपत वाले उद्योगों को ब्रिटेन जैसे आकर्षक बाजार में पैठ बढ़ाने में मदद मिलेगी। ट्रंप की आक्रामक नीतियों के इस दौर में यह समझौता और अधिक उपयोगी साबित होता दिख रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच बढ़ते समन्वय के बीच कुछ गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। जैसे व्यापार समझौते के बावजूद ब्रिटेन में भारत के स्टील एवं फर्टिलाइजर उत्पादों को लेकर कुछ

ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीएर स्टार्मर और उनके साथ 125 सदस्यीय विशाल प्रतिनिधिमंडल भारत आ चुका है। बतौर प्रधानमंत्री यह उनका पहला भारत दौरा है। इससे पहले जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐतिहासिक ब्रिटिश दौरे के बाद द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से स्टार्मर के भारत दौरे पर नजरें टिकी हुई थीं। वैश्विक उथलपुथल और टैरिफ को लेकर चल रही खींचतान ने भी इस दौरे का महत्व और बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी के ब्रिटिश दौरे पर जिन बिंदुओं पर सहमति बनी थी, इस दौरे पर उनकी प्रगति की समीक्षा के साथ ही द्विपक्षीय रिश्तों को नए आयाम दिए जाने की व्यापक रूपरेखा भी तैयार की जाएगी। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के इतने बड़े दल के साथ स्टार्मर का आना इस दौरे की महत्ता को ही दर्शाता है। इस समय ब्रिटिश अर्थव्यवस्था जिन चुनौतियों से जूझ रही है उन्हें देखते हुए यह स्वाभाविक है कि उनसे निपटना सरकार की प्राथमिकता में होगा, क्योंकि मौजूदा परिस्थितियों में प्रधानमंत्री की लोकप्रियता भी प्रभावित हो रही है। इसलिए स्टार्मर चाहेंगे कि वे इस दौरे को अधिक से अधिक सार्थक बनाकर ही स्वदेश लौटें। स्टार्मर के दौरे के कार्यक्रम की रूपरेखा से ही यही संकेत मिलते हैं कि आर्थिक-रणनीतिक एवं सांस्कृतिक संबंध इसके मूल में हैं। चाहे दौरे के लिए भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई का चयन हो या उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से उनकी मुलाकात, सीईओ फोरम में भागीदारी हो या ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में सहभागिता या भारतीय फिल्म निर्माण से जुड़े केंद्रों का अवलोकन, इन सभी गतिविधियों की आर्थिक एवं सांस्कृतिक कड़ियां जुड़ी हुई हैं। जुलाई में पीएम मोदी के ब्रिटेन दौरे पर जिस मुक्त व्यापार समझौते पर बात बनी थी, उसे प्रभावी बनाने से जुड़ी चर्चा भी इस दौरे के एजेंडे में शामिल है। इस बीच, ब्रिटिश कंपनियों द्वारा भारत में बड़े पैमाने पर निवेश की बात भी प्रमुखता से हो रही है, जिससे आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे ब्रिटेन की आर्थिकी को बड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है। यह दौरा उस पहलू को भी रेखांकित करता है कि भारत-ब्रिटेन संबंध अतीत की औपचारिकताओं से आगे बढ़कर व्यावहारिकता और परस्पर लाभ एवं विश्वास पर केंद्रित हो चले हैं। एक समय दोनों देशों के रिश्ते ऐतिहासिक संबंधों और प्रवासियों से तय होते थे, लेकिन अब ये उन बंदिशों से बाहर निकलकर भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी जैसी पहल से निर्धारित हो रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने वर्ष 2035 तक कुछ महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके जरिये व्यापार एवं निवेश, तकनीकी समन्वय एवं रक्षा सहयोग, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए साझा प्रयास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा का उन्नयन और लोगों के बीच बेहतर सामाजिक संपर्क जैसे बिंदु शामिल हैं। इस दौरे पर इन पहलुओं की समीक्षा होना स्वाभाविक है। इसमें भी व्यापार एवं निवेश और सामरिक रणनीति के ही मुख्य रूप से केंद्र में रहने के आसार हैं। दोनों देशों ने अपने व्यापार को बढ़ाकर जल्द ही 42 अरब पाउंड तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इसमें मुक्त व्यापार समझौते की भूमिका अहम होने वाली है। करीब तीन साल के अथक प्रयासों के बाद अमल में आया यह व्यापार समझौता इतनी ठोस बुनियाद पर किया गया है कि अब जिन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चर्चा हो रही है, उसमें यही समझौता मानक बन गया है। इससे मिलने वाले परस्पर लाभ को इसी से समझा जा सकता है कि जहां ब्रिटेन के एल्कोहल उद्योग एवं वाहन उद्योग की भारत जैसे बड़े एवं उभरते बाजार में पहुंच बनेगी, वहीं भारत के कपड़ा, चमड़ा एवं रत्न-आभूषण जैसे व्यापक श्रम खपत वाले उद्योगों को ब्रिटेन जैसे आकर्षक बाजार में पैठ बढ़ाने में मदद मिलेगी। ट्रंप की आक्रामक नीतियों के इस दौर में यह समझौता और अधिक उपयोगी साबित होता दिख रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच बढ़ते समन्वय के बीच कुछ गतिरोध अभी भी बने हुए हैं। जैसे व्यापार समझौते के बावजूद ब्रिटेन में भारत के स्टील एवं फर्टिलाइजर उत्पादों को लेकर कुछ हिचक का माहौल है। इसके पीछे इन उद्योगों के कार्बन उत्सर्जन को एक कारण बताया जा रहा है। इसी तरह भारत में ब्रिटिश कानूनी सेवाओं को लेकर भी विरोध के स्वर सामने आए हैं। व्यापार समझौते के बाद उम्मीद बंधी थी कि भारतीय पेशेवरों के लिए ब्रिटेन जाने की राह और सुगम होगी, लेकिन उसमें अपेक्षित रूप से सकारात्मकता नहीं देखी जा रही है। संभव है कि स्टार्मर के दौरे पर इन बिंदुओं को लेकर भी कुछ चर्चा के साथ कोई स्वीकार्य समाधान निकालने की दिशा में प्रयास किए जाएं। सामरिक सहयोग भी द्विपक्षीय संबंधों के केंद्र में बना हुआ है। चूंकि दोनों देश कई बिंदुओं पर साझा सोच रखते हैं, इसलिए सहयोग का मोर्चा भी सुगम दिखता है। समकालीन वैश्विक परिस्थितियों को भांपते हुए ब्रिटेन ने भी हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी पैठ बढ़ाने का समझदारी भरा रुख अपनाया है। इस क्षेत्र में भारत का प्रभाव उसे एक स्वाभाविक साझेदार बनाता है, जो पिछले कुछ समय में ब्रिटेन के साथ बढ़ रही सक्रियता में नजर भी आ रहा है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों को लेकर भी दोनों देश एकसमान दृष्टिकोण रखते हैं।

## सम्पादकीय

# यही समय है कल के लिए आज जीना स्थगित नही करे



लेखक - अमन जैन

जीवन अनमोल है इसका प्रत्येक पल अद्वितीय है इसका कोई मूल्य नही है में इसका एक घंटा भी खरीदने में सक्षम नहीं हूँ यही समय है कल के लिए आज जीना स्थगित न करें समय की घड़ी वो सुई है जो समय पर टिकती नही लेकिन जरूरी नही सबके समय पर ना टिके जिसकी मेल खा जाए वही इसका सिकंदर है क्योंकि जीवन को स्थगित करके मृत्यु के अतिरिक्त कुछ भी नहीं प्राप्त किया जा सकता लोग जीवनपर्यंत अपने-अपने कार्य क्षेत्र में व्यस्त या कहिए कि उलझे हुए रहते हैं इस बीच उन्हें यह सोचने का समय और विचार नहीं आता है कि अब तक हमने जीवन में क्या खोया और क्या पाया जब वे पारिवारिक या व्यावसायिक संसार से मुक्त होते हैं और कभी शांति से बैठकर सूची बनाते हैं तब पाते हैं कि इतनी भागदौड़ के बाद अंतत हमने सच में जीवन में बहुत कुछ पाया तो काफी कुछ खोया था। बहुत कुछ पाने की आस में जीवन बस आर्थिक जोड़-घटाव में ही फँसा रह जाता है मनुष्य वास्तव मे माने या न माने तनिक स्वार्थी तो होता है दूसरों की सफलता में कितने लोग सच्चे मन से प्रसन्न हो पाते हैं तथा कितने आशीर्वाद देकर बडे बन जाते हैं हर कोई अधिक और अधिक पाना चाहता है पर पाएगा तो उतना ही जितना उसकी झोली में समाएगा इस 'और-और'की प्रक्रिया में हम बहुत कुछ खोते जाते हैं वंचितों की सहायता कर उनके चेहरों पर क्षणिक खुशी हमें संतुष्टि से भर देती है वृद्ध और असहाय की सेवा प्रसन्नता का अनुभव अवश्य देती है सच्चे मन से स्वीकारें तो यही ईश्वर की अर्चना है भारत की अवधारणा सदैव वसुधैव कुटुंबकम की रही है ऐसे में देखें तो विश्व में कहीं भी युद्ध हो उससे विनाश के अतिरिक्त कुछ दृष्टिगत नहीं होता इसका परिणाम मात्र दुर्दशा व्याधि और विलाप के रूप में सामने आता है आम आदमी यह समझ ही नहीं पाता कि ऐसी विभीषिका में किसने क्या खोया क्या पाया दूर क्यों जाएँ आज विश्व में कुछ लोगों के वीभत्स कृत्य ने समाज को आक्रोश, घृणा, विलाप और लाचारी से घेर लिया है, इसे खोकर, किसने क्या पाया वहीं कोई बिना संघर्ष सब कुछ पा जाता है और कोई समझौते करने में ही कितना कुछ खोता जाता है जीतता वही है जो हार कर भी जीत का जश्न मनाता है

# वैश्विक मंच का चमत्कृत व्यक्तित्व हैं मोदी




नेतृत्व केवल नीतियों का ढांचा या आंकड़ों का हिसाब-किताब नहीं है। यह वह जीवंत कहानी है जो हर नागरिक के सपनों, आशाओं और संघर्षों को नई दिशा देती है। यह वह विश्वास है जो टूटे हुए मन को जोड़ता है और निराश चेहरों पर मुस्कान लाता है। सात अक्टूबर 2001 को जब नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब यह केवल एक राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि एक नए शासन-दर्शन की शुरुआत थी। यह एक ऐसी सोच थी जहां सरकार केवल आदेश देने वाली संस्था नहीं, बल्कि जनता की आवाज सुनने और उनके लिए कार्य करने वाली प्रणाली थी। वर्ष 2025 में, अपने सतत नेतृत्व के 25वें वर्ष में, नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के छोटे गांवों से लेकर वैश्विक मंच तक भारत को विश्वास, प्रगति और सशक्तिकरण का प्रतीक बनाया है। उनकी यह यात्रा केवल एक नेता की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र और जनता की आकांक्षाओं का उत्सव है। वर्ष 2001 में जब नरेन्द्र मोदी ने गुजरात की कमान संभाली, तब राज्य भयावह भूकंप की तबाही से उबरने की कोशिश में था। जनवरी 2001 का भूकंप, जिसने कच्छ और आसपास के क्षेत्रों को तहस-नहस कर दिया था, ने न केवल इमारतें गिराई थीं, बल्कि लोगों का विश्वास भी तोड़ दिया था। टूटे हुए घर, दरकती दीवारें और निराश चेहरे उस समय की कठोर वास्तविकता थे। ऐसे समय में, मोदी ने केवल प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान नहीं दिया, बल्कि जनता के दिलों में उम्मीद जगाई। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयों से बाहर निकलकर जमीन पर काम करने का निर्देश दिया। गांवों में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं और योजनाएं उनकी वास्तविक जरूरतों के आधार पर बनाईं। वर्ष 2003 में शुरू की गई ज्योति ग्राम योजना इस दृष्टिकोण का एक जीवंत उदाहरण थी। इस महत्वाकांक्षी योजना ने गुजरात के 18,065 गांवों और 16 हजार से अधिक बस्तियों में 24 घंटे बिजली पहुंचाई। यह केवल बिजली का विस्तार नहीं था, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देने और किसानों, छोटे उद्यमियों और बच्चों की पढ़ाई को सशक्त करने का प्रयास था। इस योजना के परिणामस्वरूप, ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों की संख्या में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और बच्चों की पढ़ाई में रात के समय बिजली की उपलब्धता ने शैक्षिक परिणामों को बेहतर किया। कृषि क्षेत्र में, मोदी ने सूक्ष्म सिंचाई और जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया। ड्रिप सिंचाई प्रणाली और जल संरक्षण तकनीकों ने गुजरात की कृषि उत्पादकता को 9.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर तक पहुंचाया, जो उस समय राष्ट्रीय औसत 4.5 प्रतिशत से कहीं अधिक थी। इससे पानी की बचत हुई, खरपतवार कम हुए, और फसलों की पैदावार बढ़ी है। वर्ष 2001 से 2014 तक, गुजरात की कृषि आय में तीन गुना वृद्धि हुई, जिसने किसानों को न केवल आर्थिक स्थिरता दी, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया। वाइब्रेंट गुजरात समिट, जिसकी शुरुआत वर्ष 2003 में हुई, ने गुजरात को वैश्विक निवेश का केंद्र बनाया। सड़कों, बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे के विकास ने गुजरात को औद्योगिक विकास का माडल बनाया।वर्ष 2001 में कच्छ, जो कभी भूकंप की तबाही से उबरने की चुनौती से जूझ रहा था, वहां 4.5 लाख घरों का पुनर्निर्माण हुआ। स्कूल, अस्पताल और सड़कें दोबारा खड़ी हुईं और लोगों की आंखों में डर की जगह उम्मीद नजर आने लगी। यह गुजरात मॉडल कोई नीति-पुस्तिका नहीं था, बल्कि जनता की जरूरतों, विश्वास और सहभागिता पर आधारित एक जीवंत प्रयोगशाला थी। मोदी का नेतृत्व केवल प्रशासनिक सुधारों तक सीमित नहीं था। उन्होंने जनभागीदारी को शासन का आधार बनाया। गांवों में पंचायत स्तर पर बैठकों से लेकर वैश्विक निवेशकों के साथ संवाद तक, उन्होंने हर स्तर पर लोगों को जोड़ा। 13 वर्षों तक लगातार तीन बार भारी बहुमत से मुख्यमंत्री चुने जाने के पीछे यही विश्वास था। यह मॉडल विकास को इमारतों और सड़कों से आगे ले गया। यह जनता के आत्मसम्मान और आशाओं का निर्माण था। वर्ष 2014 में जब नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तब उन्होंने गुजरात में सिद्ध जन-केंद्रित दृष्टिकोण को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया। उनकी नीतियों ने भारत को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से एक नए युग में प्रवेश कराया।

# प्रेम, विश्वास और अटूट बंधन का पर्व: करवा चौथ



सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

सनातन भारतीय संस्कृति में तीज-त्योहारों का प्रमुख व बड़ा स्थान है। कार्तिक का महीना इस दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। पाठकों को बताता चलूं कि प्रतिवर्ष कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सुहागिनों द्वारा करवा चौथ का व्रत रखने की पुरानी परंपरा रही है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष यह व्रत 10 अक्टूबर 2025 यानी कि शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस दिन सुहागिनें अपने पति की सलामती और दीर्घायु होने की कामना के साथ दिन भर करवा चौथ का निर्जला उपवास रख माता पार्वती सहित पूरे शिव परिवार की आराधना करती हैं। करवा चौथ की कथा सुनतीं हैं। पाठकों को बताता चलूं कि करवा चौथ व्रत कथा मुख्यतः एक साहूकार की बेटी और उसके भाइयों की कहानी है, जो पति की दीर्घायु और सौभाग्य के लिए व्रत रखती है। कथा के अनुसार, साहूकार की बेटी ने अपने भाइयों के कहने पर चंद्रमा के बजाय उनके द्वारा दिखाए गए अग्नि प्रकाश को चांद समझकर अर्घ्य दे दिया, जिससे उसका व्रत गलत तरीके से टूट गया। फलस्वरूप, उसका पति मृत्यु को प्राप्त हो गया। बेटी को जब अपनी गलती का अहसास हुआ तो उसने पूरे विधि-विधान से पुनः करवा चौथ का व्रत किया और चौथ माता से प्रार्थना की। उसकी श्रद्धा और भक्ति को देखकर चौथ माता ने उसके पति को पुनः जीवनदान दिया और उसके घर में फिर से सुख-समृद्धि लौट आई। इस कथा के अनुसार, निष्ठा और सच्ची श्रद्धा से व्रत करने पर पति की आयु बढ़ती है और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। एक अन्य कथा सत्यवान और सावित्री की करवा चौथ कथा भी प्रचलित है। ऐसा कहा जाता है कि जब मृत्यु के देवता यम, सत्यवान के प्राण लेने आए, तो सावित्री ने यम से उसे जीवनदान देने की विनती की। लेकिन यम अड़े रहे और उन्होंने देखा कि सावित्री ने खाना-पीना छोड़ दिया है और यम के पीछे-पीछे चल रही है, जब वे उसके पति को ले जा रहे थे। यम ने अब सावित्री से कहा कि वह अपने पति के जीवन के अलावा कोई भी वरदान मांग सकती है। सावित्री, एक बहुत ही चतुर स्त्री थी, उसने यम से संतान प्राप्ति का वरदान माँगा। और चूँकि वह एक समर्पित और निष्ठावान पत्नी थी, इसलिए वह किसी भी प्रकार के व्यभिचार की अनुमति नहीं देती थी। इस प्रकार, यम को सत्यवान को जीवन देना पड़ा ताकि सावित्री को संतान प्राप्त हो सके। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पर्व(करवा चौथ) वैवाहिक जीवन में प्रेम, विश्वास और आत्मीयता का उत्सव है, जो भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के अटूट बंधन का प्रतीक माना जाता है।यह पर्व नारी के त्याग, समर्पण और सौभाग्य के भाव को उजागर करता है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि परिवारिक जीवन केवल संबंधों पर नहीं, बल्कि आस्था, त्याग और विश्वास पर टिका होता है।'करवा' यानी मिट्टी का बर्तन (जल से भरा कलश) और 'चौथ' यानी चतुर्थी तिथि।इस दिन विवाहित महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं, नई साड़ी या लहंगा पहन अपने रूप को निखारती हैं। कई महिलाएं शादी के बाद अपनी पहली करवा चौथ पर शादी का जोड़ा पहनती हैं।मान्यता के अनुसार, जब व्रती करवा चौथ के दिन शादी का जोड़ा पहनती है, तो अग्नि से पवित्र हुआ जोड़ा पूजा के फल को और बढ़ा देता है। इसके अलावा माना जाता है कि ऐसा करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम बढ़ता है, खुशहाली आती है और संबंध मजबूत होते हैं।वास्तव में, इन दोनों के मेल से करवा चौथ का नाम पड़ा है। करवा 'स्थायित्व और समृद्धि' का प्रतीक माना जाता है।महाभारत काल से इस पर्व का जुड़ाव माना जाता है।ऐसा कहा जाता है कि द्रौपदी ने अर्जुन की सुरक्षा के लिए करवाचौथ व्रत रखा था, जब वे नीलगिरी पर्वत पर तप कर रहे थे। यह भी उल्लेखनीय है कि पहले जब पुरुष सीमाओं पर युद्ध करने जाते थे, तब उनकी पत्नियाँ उनकी रक्षा और दीर्घायु की कामना के लिए यह व्रत रखती थीं। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि किसी नवविवाहिता को पहली बार करवाचौथ व्रत उसकी सास या बहन ही करवाती है, इसे 'सौभाग्य आरंभ संस्कार' कहा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी इस व्रत का महत्व है, क्यों कि उपवास से शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन होता है और मानसिक अनुशासन बढ़ता है। यह व्रत शरीर और मन दोनों को संयमित करने का प्रतीक भी है। महिलाएं ही नहीं कुछ स्थानों पर पुरुष भी इस व्रत को रखते हैं ।पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के कुछ इलाकों में पति भी पत्नी के साथ व्रत रखते हैं, इसे 'समर्पण का प्रतीक' माना जाता है।पाठक जानते होंगे कि इस व्रत में चंद्रमा का विशेष महत्व होता है और चंद्रोदय के पश्चात ही रात्रि के समय व्रत तोड़ा जाता है। वास्तव में,चंद्रमा को शीतलता, सौंदर्य और दीर्घायु का प्रतीक माना गया है। व्रत रखने वाली महिलाएं पहले चंद्रमा को अर्घ्य प्रदान करती हैं, तत्पश्चात छलनी से चंद्रमा के साथ पति का चेहरा निहारती हैं। जानकारी के अनुसार इस बार चतुर्थी तिथि का आगमन नौ अक्टूबर गुरुवार की रात 2.49 बजे हो रहा है, जो 10 अक्टूबर शुक्रवार की रात 12.24 बजे तक रहेगी। अंत में यही कहूंगा कि करवा चौथ अटूट वैवाहिक प्रेम और नारी समर्पण का प्रतीक है।यह व्रत पति की दीर्घायु और मंगलकामना के लिए किया जाता है।इसमें नारी शक्ति, विश्वास और त्याग की झलक मिलती है।चंद्रमा को साक्षी मानकर स्त्री अपने पति के प्रति श्रद्धा प्रकट करती है। यह पर्व भारतीय संस्कृति में दांपत्य जीवन की पवित्रता और अटूट बंधन का संदेश देता है।



# भागवत के किरदार में आई चुनौतियों पर बोले जितेंद्र कुमार

अभिनेता जितेंद्र कुमार इन दिनों वे अपनी आगामी फिल्म भागवत चैप्टर 1- राक्षस को लेकर चर्चा में हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जितेंद्र इस फिल्म में नेगेटिव रोल अदा करते दिखेंगे।

फिल्म भागवत में जितेंद्र कुमार को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में देखा जाएगा। फिल्म की रिलीज से पहले जितेंद्र कुमार ने एक बिल्कुल अलग किरदार में अपनी दिलचस्पी को लेकर बात की। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में जितेंद्र ने कहा कि वह पिछले दो वर्षों से इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, यह एक हैरान कर देने वाली फिल्म है और इसे आश्चर्यजनक तरीके से बनाया गया है। हम ट्रेलर को मिली प्रतिक्रियाओं से काफी खुश हैं।

## किरदार के लिए लेखक और निर्देशक से की लंबी बात

जितेंद्र ने अपने किरदार को लेकर कहा कि उन्होंने इस भूमिका में ढलने के लिए लेखकों और निर्देशक के साथ व्यापक चर्चा की थी। जितेंद्र ने कहा, यह सुनिश्चित किया गया कि किरदार में रियलिज्म बरकरार रहे और मेरे किरदार की अलग-अलग परतों में भी यह हकीकत नजर आए। सभी सीन असली रियल लोकेशन पर फिल्माए गए, लेकिन मुझे कहानी की पृष्ठभूमि में गहराई से न जाने के लिए कहा गया, क्योंकि कहानी वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित है। उन्हें लगा कि यह गलत दिशा में जा सकती है।

## किरदार का हर हिस्सा अलग है

जितेंद्र ने अपने किरदार को चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने आगे कहा, इस भूमिका का हर हिस्सा एक अलग रंग और परत लेकर आता है। कुछ ऐसा, जो मैंने पहले कभी नहीं किया था। जितेंद्र ने बताया कि शूटिंग के दौरान खासकर एक सीन पूरा करने के बाद वह उत्साहित और घबराए हुए दोनों थे। उन्होंने आगे कहा, जब भी हम कोई नया सीक्वेंस शूट करते थे तो मैं अपनी परफॉर्मेंस को लेकर बहुत उत्सुक रहता था। हर सीन मुझे घबराहट से भर देता था। मैं सोचता था कि मुझे इसे जल्दी से करना है और फिर देखना है कि यह कैसा बना है। मुझे आगे क्या बदलाव करने की जरूरत है?



# आनंद देवरकोंडा के भाई संग पर्दे पर रोमांस करेंगी नितांशी गोयल

फिल्म लापता लेडीज से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल अब एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक नितांशी जल्द ही तेलुगु सिनेमा के लोकप्रिय चेहरे आनंद देवरकोंडा के साथ अपनी पहली पैन-इंडिया फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। लंबे समय से नितांशी के फैंस उनकी अगली फिल्म का इंतजार कर रहे हैं और अब इस खबर के बाद फैंस की एक्साइटमेंट काफी बढ़ गई है।

## पैन-इंडिया फिल्म की शुरुआत

अब खबर है कि नितांशी, आनंद देवरकोंडा के साथ एक पैन-इंडिया प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने जा रही हैं। इस फिल्म को सितारा एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस कर रही है और शूटिंग अगले महीने शुरू होगी। बताया जा रहा है कि यह प्रोजेक्ट 2025 की सबसे बड़ी क्रॉस-इंडस्ट्री फिल्मों में से एक होगा, जिसमें हिंदी और साउथ सिनेमा की लोकप्रियता को जोड़कर नए दर्शकों तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी। हालांकि फिलहाल मेकर्स की ओर से इसे लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है। खबरें हैं कि फिल्म के मेकर्स ने इसे बड़े पैमाने पर बनाने का प्लान तैयार किया है। भव्य सेट, दमदार म्यूजिक और स्टाइलिश विजुअल्स के साथ यह फिल्म दर्शकों को नया अनुभव देने वाली



है। हालांकि कहानी अभी तक गुप्त रखी गई है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि यह एक एनर्जेटिक एंटरटेनर होगी, जो हर उम्र के दर्शकों को आकर्षित करेगी।

## नितांशी का बढ़ता सफर

सिर्फ यही नहीं, नितांशी को एक और बड़े प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया गया है। खबरों के अनुसार, वह अभय वर्मा के साथ रत्ना सिन्हा के निर्देशन में बनने वाली फिल्म में भी नजर आ सकती हैं। माना जा रहा है कि यह फिल्म शादी में जरूर आना के सीक्वल के तौर पर तैयार की जा रही है।

### कान रेड कार्पेट पर भी छाईं

नितांशी ने हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी। वहां उन्होंने अपने लुक्स से पुराने दौर की दिग्गज अभिनेत्रियों- रेखा, मधुबाला, मीना कुमारी, नरगिस और श्रीदेवी को ट्रिब्यूट दिया। उनके इस अंदाज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें लाइमलाइट में ला दिया।

### लापता लेडीज से मिली पहचान

किरण राव के निर्देशन में बनी लापता लेडीज में नितांशी गोयल की एक्टिंग को खूब सराहा गया था। उनके साथ इस फिल्म में प्रतिभा रांटा और स्पर्श श्रीवास्तव भी मुख्य भूमिकाओं में थे। साधारण लड़की के किरदार को उन्होंने जिस गहराई और मासूमियत से निभाया, उसने दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। इसी फिल्म ने उन्हें इंडस्ट्री का उभरता सितारा बना दिया।

# भाई टोनी के साथ नया गाना कोका कोला-2 लेकर आ रही हैं नेहा कक्कड़

मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ और टोनी कक्कड़ फैंस के लिए तोहफा लेकर आ रहे हैं। नेहा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि वह कोका-कोला गाने का नया वर्जन लेकर आ रही हैं। नेहा कक्कड़ ने फैंस की उत्सुकता बढ़ाने के लिए इंस्टाग्राम पर गाने का पोस्ट साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कोका कोला-2 जल्द ही आने वाला है। तस्वीरों में नेहा भाई टोनी और जूनियर के साथ नजर आ रही हैं। नेहा एक शानदार लग्जरी कार पर स्टाइलिश पोज दे रही हैं, जबकि उनके दोनों तरफ भाई टोनी कक्कड़ और छोटा जूनियर खड़े हैं। नेहा ने कैप्शन में लिखा, कोका कोला-2 जल्द ही आने वाला है। यह पोस्ट देख फैंस गाने को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। इस नए वर्जन में टोनी कक्कड़ ने कम्पोजिंग, प्रोडक्शन और लिरिक्स का जिम्मा संभाला है। फैंस को उम्मीद है कि उनका क्रिएटिव टच हमेशा की तरह इस बार भी धमाकेदार रहेगा। डायरेक्शन का दमदार काम इनफिलक्ट ने संभाला है। बता दें, सॉन्ग कोका-कोला पहले टोनी कक्कड़ ने रैपर यंग देसी के साथ मिलकर बनाया था, जिसके बाद यह काफी वायरल हुआ था। इसके बाद इसे 2019 में फिल्म लुका-छुपी में नए वर्जन में रिलीज किया गया था। गाने को नेहा और टोनी कक्कड़ ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। इसके लिरिक्स टोनी और मैलो-डी ने मिलकर लिखे थे। वहीं टोनी ने संगीतबद्ध भी किया था। रैपिंग का काम यंग देसी ने किया था। अब यह गाना फैंस की उम्मीदों को पूरा करने को बेताब है।





# रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा ने की सगाई!

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के अफेयर की खबरें अक्सर मीडिया की सुर्खियों में रहती हैं। कथित तौर पर एक निजी समारोह में इन दोनों ने सगाई कर ली है। अगले साल फरवरी में इनके घर शहनाई बज सकती है।

## निजी समारोह में हुई सगाई

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों की सगाई एक प्राइवेट सेरेमनी में परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के बीच हुई है। कहा यह भी जा रहा है कि दोनों ने अपनी शादी का एलान करने से पहले कुछ दिनों इंतजार करने का फैसला लिया है। इसलिए सगाई को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## रश्मिका के हालिया पोस्ट ने दी अफवाहों को हवा

रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई की रूमर्स दरअसल, रश्मिका के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट से शुरू हुईं। रश्मिका ने कुछ फोटोज शेयर किए हैं, जिनमें वे साड़ी में नजर आ रही हैं। यह दशहरा के अवसर की तस्वीरें हैं। रश्मिका ने इन्हें साझा कर फैंस को दशहरा की शुभकामनाएं दी हैं और थामा के ट्रेलर को अच्छा रेस्पॉन्स मिलने पर शुक्रिया कहा है। मगर, नेटिजन्स ऐसे कयास लगा रहे हैं कि रश्मिका की यह फोटोज विजय के घर की हैं और दोनों की सगाई हो गई है। हालांकि, सगाई की कोई तस्वीर सामने नहीं आई है। न ही कोई आधिकारिक पुष्टि हुई है।



### पहले भी आती रही हैं ऐसी खबरें

बता दें कि रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी और सगाई से जुड़ी खबरें पहले भी आती रही हैं। कल रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म द गर्लफ्रेंड पर एक बड़ा एलान होने वाला है। ऐसे में दावे यह भी किए जा रहे हैं कि कहीं इसी सिलसिले में यह कोई पीआर स्टंट तो नहीं है। अब विजय और रश्मिका ने वाकई सगाई कर ली है या नहीं, यह तभी स्पष्ट हो पाएगा, जब दोनों की तरफ से इस बारे में कोई आधिकारिक सूचना जारी की जाएगी।



# काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने किया रिएक्ट

**बीते कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस चल रही है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे काम करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म स्पिरिट' को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया था। इसपर कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है। अब काम के घंटे को लेकर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी रिएक्ट किया है। साथ ही उन्होंने निर्देशन में अपने करियर को लेकर भी बात कही है।**

## शूटिंग के दौरान भी कैसी रखती थीं बच्चे का ख्याल?

एएनआई से बात करते हुए रानी मुखर्जी ने फिल्म हिचकी की शूटिंग के दिनों को याद किया और अपनी बेटी आदिरा के पालन-पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने हिचकी की थी, तब आदिरा 14 महीने की थी। मुझे सबकुछ करके शहर के एक कॉलेज में शूटिंग करने जाना होता था।'

## काम के बीच में जिम्मेदारियों को भी बैलेंस किया

आगे उन्होंने फिल्म की शूटिंग और पारिवारिक जिम्मेदारी के बीच में बैलेंस का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'जुहू स्थित मेरे घर से शूटिंग की जगह तक पहुंचने में लगभग दो घंटे लगते थे और ट्रैफिक भी बहुत ज्यादा रहता था। इसलिए मैंने तय किया था कि बेटी के लिए सबकुछ करके 6.30 बजे निकल जाती और शूटिंग शुरू कर देती। मेरा पहला शॉट सुबह 8 बजे होता था और मैं 12.30 से 01 बजे तक सब कुछ निपटा लेती थी। मेरे क्रू मेंबर्स बहुत योजनाबद्ध थे, जिस वजह से उन 6-7 घंटों में मैं अपनी शूटिंग पूरी कर लेती थी। शहर में ट्रैफिक शुरू होने से पहले, मैं 3 बजे तक घर पहुंच जाती थी। मैंने अपनी फिल्म इसी तरह की।'

## काम के घंटे आपसी समझ पर आधारित हैं

काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, 'आजकल ये बातें चर्चा में हैं क्योंकि शायद लोग बाहर इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन यह सभी कार्यों का एक सामान्य नियम रहा है। मैंने भी ऐसा किया है, जहां मैंने कुछ घंटों तक काम किया है। अगर निर्माता को इससे कोई आपत्ति नहीं है, तो आप फिल्म नहीं करते। इसलिए यह भी एक विकल्प है। कोई किसी पर कुछ भी थोप नहीं रहा है।'

## रानी मुखर्जी का वर्कफ्रंट

रानी मुखजी के काम की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार मिसेज चटर्जी वर्सेज नार्वे में देखा गया था। वहीं उनकी आगामी फिल्म मर्दानी 3 है।

### बताया कब करेंगी निर्देशन

अभिनेत्री से उनकी निर्देशने को लेकर रुचि के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि मैं इस पेशे में हमेशा कहती हू कि कभी ना मत कहो। मुझे लगता है कि मैं जिस तरह की इंसान हू, मुझे पता होता है कि मैं कब निर्देशन के लिए तैयार हूं या मुझे पता होता है कि वह समय कब आएगा। अभी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अभी, मैं एक अभिनेत्री होने और निर्देशित होने से बहुत खुश हूं।'

## अपमानजनक व्यवहार के विरोध में उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाईम्स

**चाकसू (निसं.)।** चाकसू उपखंड कार्यालय में गुरुवार को दी ग्रेट बाबा साहिब डॉ. अंबेडकर मूल निवासी वेल्फेयर संघ के कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि 6 अक्टूबर को दिल्ली स्थित सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की ओर जूता उछालने के प्रयास की घटना के विरोध में दिया गया। संघ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के दौरान वकील राकेश किशोर ने मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर जूता उछालने का प्रयास किया था। इस घटना पर संघ ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया। संघ के पदाधिकारियों ने इस कृत्य को भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में 'सबसे अपमानजनक और निंदनीय' बताया। वही मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई दलित वर्ग से सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं और इस तरह का अपमान वकील की दूषित मानसिकता को दर्शाता है। संघ ने राष्ट्रपति से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आरोपी वकील राकेश किशोर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर संघ के कई सदस्य मौजूद रहे।

## त्यौहारी सीजन में मिलावट खोरों की खैर नहीं

### खाद्य सुरक्षा दल की बड़ी कार्यवाही, नष्ट करवाया 2 क्विंटल दूषित मावा, 80 लीटर घी भी किया सीज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** त्यौहारी सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट कर आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने वालों की अब खैर नहीं। खाद्य सुरक्षा टीम लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर खराब और दूषित पदार्थों को नष्ट करने की कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त टी शुभमंगला और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा द्वारा गठित टीम ने शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत धौलपुर में 200 किलो बदबूदार मिलावटी मावे को नष्ट करवाया गया दरअसल पुराना बस स्टैंड से टेंपो द्वारा मिलावटी मावा बाड़ी जा रहा था। जिसे बीच में रुकवाकर जांच की गई तो ड्राइवर बताया कि हरिओम बाबा भंडार का मावा बाड़ी जा रहा है, जांच करने पर मावा बदबूदार मिलावटी प्रतीत हुआ नमूना लेकर के 200 किलो मावा गड्ढा खुदवाकर नष्ट करवाया गया। उसके पश्चात टीम द्वारा राजाखेड़ा में जैन डेयरी से घी का नमूना लिया साथ ही 80 किलो घी को सन्देह के आधार पर सीज किया गया। उसके पश्चात जैन मिष्ठान भंडार से गुजिया तथा गुप्ता मिष्ठान भंडार से गुजिया का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## धौलपुर पुलिस की कार्रवाई: दो माह से फरार अवैध शराब प्रकरण के दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चल रहे अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस ने दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डॉ. कमल कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी, मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर, एवं नरेंद्र मीणा वृत्ताधिकारी सरमथुरा के सुपरविजन में कृपाल सिंह (उप निरीक्षक), थानाधिकारी सरमथुरा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने देर रात बड़ तिराहा कस्बा सरमथुरा में दबिश देकर दो माह से फरार आरोपी रामलखन पुत्र भगवान सिंह मीना, निवासी रहटोटी थाना सरमथुरा, को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही अलग प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी हरिकेश पुत्र मोतीलाल मीना, निवासी बिलौनी थाना सरमथुरा, को भी पुलिस ने उसी क्षेत्र से पकड़ा। दोनों पर आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब से जुड़े मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में अवैध शराब की आपूर्ति श्रृंखला और अन्य सहयोगियों की जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी कृपाल सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, और ऐसे सभी फरार माफियाओं की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों को लगाया गया है।

## धौलपुर में जलभराव निस्तारण पर नगर परिषद की रिपोर्ट गृह मंत्रालय को भेजी गई, नागरिकों से मांगे गए प्रमाणित फोटोग्राफ

धौलपुर (जयपुर टाइम्स)।



धौलपुर नगर परिषद ने शहर में जलभराव की समस्या के निस्तारण से संबंधित सात पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट गृह सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली को भेजी है। इस रिपोर्ट में नगर परिषद ने एनएच 44 (कश्मीर से कन्याकुमारी मार्ग), एनएच 123 (रूपवास-धौलपुर-जयपुर मार्ग), एनएच 11 (धौलपुर-करौली-जयपुर मार्ग), हुंडावाल रोड, नालेवाला रोड, राजाखेड़ा बाईपास सहित 66 कॉलोनियों में सीवर ओवरफ्लो, बरसाती जलभराव और सड़कों पर गंदे पानी की स्थिति का उल्लेख किया है।नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे जीपीएस कैमरे से वास्तविक स्थिति के फोटो खींचकर ग्रुप पर भेजें ताकि रिपोर्ट में दिखाए गए निस्तारण कार्यों का सत्यापन किया जा सके। इच्छुक नागरिक सीधे सचिव, मुस्कान सोसाइटी को भी फोटो व जानकारी दे सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, स्थाई लोक अदालत ने 8 जनवरी 2025 को पारित निर्णय में सड़कों के दोनों ओर नालियां बनवाने, नालों और सीवर की सफाई कराने तथा तगावली एसटीपी की मोटरें चालू कराकर जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2018 में चिन्हित 66 अतिक्रमणों पर नगर परिषद द्वारा राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 245 के तहत कार्रवाई की प्रगति मांगी गई है। नागरिकों ने बताया कि 264 करोड़ रुपये की ड्रेनेज योजना का प्रस्ताव सरकार के पास लंबित है, जिससे शहर को स्थायी राहत नहीं मिल पा रही।नगर परिषद के अनुसार, राज्य और केंद्र सरकार के सुशासन अभियान के तहत यह रिपोर्ट जनसहयोग और पारदर्शिता को ध्यान में रखकर भेजी गई है। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अफवाहों से दूर रहकर लोकतांत्रिक और रचनात्मक तरीके से सहयोग करें ताकि 66 कॉलोनियों के लगभग 80 हजार नागरिकों की जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सके।

## शहरी सेवा शिविर का अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**गंगापुर सिटी(निसं.)।।** राज्य सरकार एवं स्वायत्त शासन विभाग जारी दिषा-निर्देषों की पालना में नगरीय निकाय गंगापुर सिटी द्वारा शहरी सेवा शिविर-2025 का आयोजन दिनांक 17 सितम्बर, 2025 से किया जा रहा है। दिनांक 09.10.2025 को वार्ड नं. 41 से 45 तक का कार्यालय सहायक अभियंता सालौदा पावर हाउस परिसर गंगापुर सिटी में आयोजित किया गया। उप जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद आयुक्त बृजेंद्र मीना ने बताया कि अतिरिक्त जिला कलेक्टर गंगापुर सिटी सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने बताया कि शिविर के दौरान कृषि भूमि नियमन के तहत पट्टे 6, ट्रेड लाईसेंस के 1, भवन निर्माण स्वीकृति के1, नाम हस्तान्तरण के , प्रधानमंत्री स्वनिधि के 12, स्ट्रीट लाईट के 9, यूडी टैक्स के, जन्म-मृत्यु विवाह पंजीयन के 49, घर-घर कचरा संग्रहण के 4, पूरक पोषाहार के 64, पेंषन के 1, पालनहार के 1, जनाधार के 26, खाद्य सुरक्षा के 10, अग्निषमन प्रमाण पत्र के1, विद्युत विभाग के 41 प्रकरणों सहित सीवरेज के 2 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।शिविर की व्यवस्थाओं में नोडल प्रभारी तरुण जैन, सहायक नोडल प्रभारी मनमोहन दुबे, प्रभारी अधिकारी सुरेश शर्मा, मानसिंह मीना, वरिष्ठ सहायक राजेश मीना, पट्टा प्रभारी लालाराम वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से जुटे रहे।10 अक्टूबर को शहरी सेवा शिविर का आयोजन वार्ड नं. 41 से 45 तक का कार्यालय सहायक अभियंता सालौदा पावर हाउस परिसर गंगापुर सिटी में आयोजित किया जावेगा।

## छांन्देल कला में ग्रामीण शिविर का आयोजन हुआ, शिविर प्रभारी तहसीलदार रहें

जयपुर टाईम्स



**चाकसू(निसं.)।** चाकसू उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छान्देल कलां में गुरुवार को ग्रामीण शिविर पखवाड़ा का आयोजन शिविर प्रभारी तहसीलदार विपुल चौधरी के नेतृत्व में किया गया। वहीं ग्राम पंचायत कार्यालय में राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, विघुत विभाग, क़ृषि विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग सामाजिक न्याय कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। लोगों ने बताया की जब शिविर में शिविर प्रभारी मौके पर नहीं रहने से कुछ कार्य पूरे नहीं हुए। अतिरिक्त विकास अधिकारी गोविंद गौड़, ग्राम विकास अधिकारी रामफूल जाट सहित समस्त विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहकर आम जन समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य रूप से राजस्व विभाग के मामले निपटाए गए, जिसमें मुख्य भूमी सुधार अभिलेख, तकास्मा, आदि मामले निपटाए गए।उपखंड कार्यालय लंबित नोटिस तामिल 18, फॉर्मर रजिस्ट्री 40, किसान गिरदावरी एप की जानकारी 380, मूल निवास प्रमाण पत्र 26, जाति प्रमाण पत्र 28, शुद्धिकरण भू राजस्व अधिनियम की धारा  136 में 74, कुरेर्जात रिपोर्ट का निस्तारण 1, आपसी सहमति तकास्मा 8, लंबित नामांतरण निस्तारण 22, आपदा प्रबंधन सहायता 2, पंचायत राज विभाग के 25 (आई एच एल ) दिनदयाल योजना 5, बीपीएल 10 मामले सहित अन्य मामले निपटाए गए।

## फर्जी तरीके से प्रेस पुलिस वकील और डॉक्टर के स्टीकर लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स







**धौलपुर (निसं.)।।** जिले में फर्जी तरीके से प्रेस पुलिस वकील और डॉक्टर के स्टीकर लगाकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। ऐसे वाहन सड़कों पर पुलिस प्रशासन को चकमा दे रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यह समस्या न केवल धौलपुर जिले में बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी देखी जा रही है, जहां अपराधी और असामाजिक तत्व फर्जी स्टीकर लगाकर पुलिस को चकमा देते हैं। पुलिस प्रशासन को ऐसे वाहनों की सघन जांच करनी चाहिए और फर्जी स्टीकर लगाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। आम जनता को भी ऐसे वाहनों की सूचना नजदीकी पुलिस थाने को देनी चाहिए। इससे पुलिस प्रशासन को ऐसे मामलों में सख्ती बरतने में मदद मिलेगी और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। फर्जी स्टीकर लगाने वाले अपराधी अक्सर अपने वाहनों पर प्रेस पुलिस वकील या डॉक्टर के स्टीकर लगाकर प्रभाव जमाने की कोशिश करते हैं। इससे वे पुलिस की जांच से बच जाते हैं और अपराध करने में आसानी होती है। इसलिए पुलिस प्रशासन को ऐसे मामलों में सख्ती बरतनी चाहिए और आम जनता को भी जागरूक करना चाहिए। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वे ऐसे वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाएं और फर्जी स्टीकर लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इससे अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकेगा और आम जनता को सुरक्षित महसूस होगा।

## भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट की बोर्ड बैठक सम्पन्न, नए ट्रस्टी हुए शामिल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।।** भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट की ट्रस्ट बोर्ड की बैठक ट्रस्ट कार्यालय में अध्यक्ष पी. सी. बौहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की गई। बैठक में सतीश दीक्षित (पत्रकार), राजेश शर्मा (पूर्व सरपंच मंहदपुरा), मुकेश शर्मा (हनुमानपुरा) और महेश चंद शर्मा  ने ट्रस्ट कोष में 1,11,000 रुपये का सहयोग देकर ट्रस्ट के नए सदस्य के रूप में सम्मिलित हुए। ट्रस्ट परिवार ने उनका स्वागत किया। कोषाध्यक्ष पं. किशन चंद शर्मा के निर्देश पर प्रबंधक सतीश शर्मा ने अब तक के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। ट्रस्टियों से उनके नामिनी/उत्तरजीवी की जानकारी सहित आवेदन कार्यालय में जमा कराने का आग्रह किया गया। साथ ही, दानदाताओं की सूची तैयार कर 31 अक्टूबर तक ग्रुप पर प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए अध्यक्ष बौहरा ने पाँच सदस्यों की समिति का गठन किया। बैठक में कुछ सदस्यों ने ट्रस्ट के ग्रुप को ओपन करने की मांग रखी, जिस पर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि ग्रुप वर्ष 2020 से लॉक है और इसे केवल आधिकारिक सूचनाओं के लिए उपयोग किया जाएगा। बैठक में ट्रस्ट की आगामी योजनाओं और आवश्यक कदमों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मीटिंग का संचालन प्रबंधक सतीश शर्मा ने किया, जबकि अध्यक्ष पी. सी. बौहरा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में संरक्षक समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे और अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजनान्तर्गत कन्याओं के विवाह पर दी जाएगी सहायता राशि

**धौलपुर(निसं.)।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे शहर चलो अभियान एवं ग्रामीण सेवा शिविर 2025 में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना जिसके अन्तर्गत अनाथ बच्चियों, बीपीएल, स्टेटबीपीएल, अन्त्योदय एवं आस्था कार्डधारी परिवार की बच्चियों, विधवा महिलाओं की बच्चियों, पालनहार योजना का लाभ प्राप्त करने वाली बच्चियों, उत्कृष्ट महिला खिलाड़ियों को विवाह पर कन्या की शैक्षणिक योग्यता अनुसार सहायता राषि 21 हजार रुपये 51 हजार रुपये प्रदान की जा रही है। योजनान्तर्गत लाभार्थी निर्धारित दस्तावेजों के साथ आवेदन ऑनलाईन ईमित्र के माध्यम से कर सकते है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की 18 वर्ष या इससे अधिक आयु की कन्याओं के विवाह पर 31 हजार रुपये अनुदान राशि तथा 10वीं पास कन्या पर 10 हजार रुपये एवं स्नातक पास कन्या पर 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि शेष सभी वर्गो के बीपीएल परिवारों, अंत्योदय परिवार, आर्थिक दृष्टि से कमजोर विधवा महिलओं, विशेष योग्यजन व्यक्तियों की कन्याओं, पालनहार योजना में लाभान्वित कन्याओं एवं स्वयं महिला खिलाड़ी के विवाह पर 21 हजार रुपये अनुदान राशि तथा 10वीं पास कन्या पर 10 हजार रुपये एवं स्नातक पास कन्या पर 20 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देय होगी। विभाग की योजनान्तर्गत दस्तावेजों की पूर्ति करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि आवेदक राजस्थान का मूलनिवासी हो, आवेदक के पास वर-वधु दोनों का जनाधार, आधार हो, आवेदन माता-पिता के नाम से किया जाए

## जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### रोल प्ले में कुर्रेंदा बाड़ी एवं लोक नृत्य में बाड़ा हैदरशाह धौलपुर बने विजेता

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर (निसं.)।** राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजनान्तर्गत जिला स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता 2025 का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार मंगल के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती शारदे की पूजा आराधना से हुआ। मुख्य अतिथि सीडीईओ महेश कुमार मंगल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं एवं शानदार कार्यक्रम आयोजन हेतु आयोजक विद्यालय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर की प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा, प्रतियोगिता प्रभारी उप प्राचार्य उपमा शर्मा एवं भगवान सिंह मीना को धन्यवाद दिया। संस्थापन अधिकारी धौलपुर अशोक उपाध्याय ने कार्यक्रम में शामिल प्रतियोगिता के आब्जर्वर,निर्णायकों एवं अन्य सहयोगियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है । उन्होंने कहा कि जो प्रतियोगिता के विजेता बने है वह बधाई के पात्र है लेकिन जो जीत नहीं सके वह आगे मेहनत करें निश्चित रूप से अगला मुकाम आपका होगा। उन्होंने प्रतियोगिता की समस्त तैयारियों में सहयोगी के रूप में सह प्रभारी भगवान सिंह मीना एवं अन्य सभी का धन्यवाद दिया। उन्होंने  बताया कि प्रतियोगिता में रोल प्ले में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुर्रेंदा बाड़ी,द्वितीय स्थान बाड़ा हैदरशाह,तृतीय स्थान बालिका धौलपुर का रहा। लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह धौलपुर,द्वितीय स्थान बालिका पचगांव एवं तृतीय बालिका धौलपुर का रहा। प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं का प्रशस्ति पत्र,मोमेंटो एवं माला पहनाकर सम्मान किया। अतिथियों,निर्णायकों एवं अन्य सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि जिले स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर ऑब्जर्वर प्रधानाचार्य नरेश कुमार जैन,उप प्राचार्य लोकेंद्र श्रोतिय, मंजू जादौन निर्णायकों में प्रधानाचार्य उमेश शर्मा,मिथलेश धाकरे,बृज मोहन शर्मा,सत्यपाल चाहर,सुभाष चंद एवं दल प्रभारी हेमंत शर्मा,अंजना मोदी, मनोज कुमार झा,गरिमा गर्ग सहित अन्य मौजूद थे।

# राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ का विद्युत भवन पर प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ द्वारा गुरुवार को विद्युत भवन, जयपुर में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया गया। संगठन ने अपनी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मांगों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार एवं प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, जयपुर को सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन से पूर्व बड़ी संख्या में विद्युत कर्मचारियों ने रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए सरकार से अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, त्रिपक्षीय औद्योगिक समिति का गठन, तथा विद्युत




अधिनियम 2003 एवं विद्युत संशोधन विधेयक 2023 पर पुनर्विचार जैसी मांगे शामिल हैं। वहीं, राजस्थान प्रदेश स्तरीय 24 सूत्रीय मांगों में अधिमानता पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायीकरण, सूचना सहायकों के पदोन्नति चैनल का निर्धारण, 3, 12, 21 और 30 वर्ष की सेवा पर नगद लाभ, योजना को राज्य सरकार के समकक्ष लागू करना, धुलाई भत्ता 180 रुपये प्रतिमाह करना, मंत्रालयिक पदों का पुनर्गठन, तथा बोनस और महंगाई भत्ते से संबंधित मामलों का समाधान शामिल है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 12 अगस्त को ऊर्जामंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में समाधान का आश्वासन देने के बावजूद अब तक कोई निर्णायक कदम नहीं उठाया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। धरने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसुदन जोशी, प्रदेश महामंत्री सुशील सैन, प्रदेश प्रभारी मुकेश सोलंकी, हरिमोहन शर्मा, जितेन्द्र कुमावत, वेदपाल सोलंकी, सतीश राठौड़, देवकरण सैनी, लालचंद लुहार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने संगठन को आश्वासन दिया कि मांगों पर शीघ्र बैठक बुलाकर उचित निर्णय लिया जाएगा।

## कॉलोनी वासियों ने स्वयं के खर्च से शुरू किया ग्रेवल सड़क का निर्माण



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** कस्बे की बाहरी बस्ती की तीन कॉलोनियों के बाशिंदों द्वारा लंबे समय से यहां रोड बनाने की मांग की जा रही थी। लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं होते देख कर कॉलोनी वासियों द्वारा खुद के पैसों से ही ग्रेवल सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया। घनश्याम सिंह कानावत ने बताया कि बालाजी नगर , केदार विहार और आदित्य नगर कॉलोनी वासियों ने विगत ग्राम पंचायत से लेकर वर्तमान नगरपालिका से कई बार सड़क निर्माण की मांग की लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे आहत हो कर तीनों कॉलोनियों के लोगों ने पैसे इकट्ठे कर स्वयं के खर्च से ग्रेवल सड़क का निर्माण शुरू किया हैं।साथ ही चुनाव के दौरान किसी भी प्रतिनिधि द्वारा इन कॉलोनियों में वोट मांगने आने पर उसका पुरजोर विरोध करने की चेतावनी भी दी।

## राजस्थान की 11 हजार पंचायतों में अब पूर्व सरपंच ही करेंगे पट्टा वितरण, सरकार ने जिलों को भेजा आदेश

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान सरकार ने बड़ा प्रशासनिक निर्णय लेते हुए उन ग्राम पंचायतों में भी पट्टा वितरण की प्रक्रिया जारी रखने का रास्ता खोल दिया है, जिनका कार्यकाल पूरा हो चुका है। राज्य की करीब 11 हजार पंचायतों में अब पूर्व सरपंच और पंच मिलकर प्रशासनिक समिति के रूप में पट्टे बांटेंगे। इसके लिए पंचायती राज आयुक्त और सचिव जोगाराम ने सभी जिला परिषदों को आधिकारिक चिट्ठी भेजी है। चिट्ठी के अनुसार, जिन पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, वहां मौजूदा सरपंचों और पंचों को प्रशासक के अधिकार दिए गए हैं। इनकी संयुक्त कमेटी अब पट्टा वितरण सहित अन्य प्रशासनिक कार्य कर सकेगी। यह निर्णय प्रदेशभर में चल रहे ग्रामीण और शहरी पट्टा वितरण अभियानों की निरंतरता बनाए रखने के लिए लिया गया है। पंचायती राज आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996 के तहत जहां वार्ड पंचों की कमेटी गठित करना आवश्यक है, वहां प्रशासक की ओर से ऐसी समिति बनाई जाए और उसी के माध्यम से पट्टा आवंटन की कार्रवाई की जाए। सरकार का यह कदम ग्रामीण स्तर पर लंबित भूमि आवंटन और स्वामित्व से जुड़े मामलों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे गांवों में पट्टा वितरण अभियान को गति मिलेगी और आमजन को स्वामित्व का प्रमाण पत्र समय पर मिल सकेगा।

### अब परीक्षा केंद्र की फोटो और लोकेशन भी मिलेगी

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड का बड़ा फैसला, 11 बजे से होगी परीक्षा, अभ्यर्थियों को नहीं करनी पड़ेगी रातभर की यात्रा

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया में कई अहम बदलाव किए हैं। अब अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र की गूगल लोकेशन और मुख्य दरवाजे की फोटो एडमिट कार्ड के साथ उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ ही परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से बदलकर 11 बजे कर दिया गया है, जिससे उम्मीदवारों को दूसरे शहर में रात बिताने की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि यह निर्णय उन समस्याओं को ध्यान में रखकर लिया गया है, जो पिछली परीक्षाओं में बार-बार सामने आईं। कई बार अभ्यर्थी गलत केंद्र पर पहुंच गए या उन्हें परीक्षा केंद्र का सही पता आखिरी समय तक नहीं मिल पाया। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए बोर्ड ने सर्वे किया, जो अब लगभग 50 प्रतिशत पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था की शुरुआत 2 नवंबर को होने वाली ग्रामीण विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा से की जाएगी। पहले चरण में इसे जयपुर सहित कुछ जिलों में लागू किया जाएगा और जल्द ही पूरे प्रदेश में विस्तार किया जाएगा।

## अलवर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण पर प्रशासन का शिकंजा, दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** त्योहारों की भीड़ से पहले शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन की बड़ी कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। प्रशासन ने कटला, पंसारी बाजार, होप सर्कस, घंटाघर और नगर निगम के आस-पास के क्षेत्रों में सख्ती दिखाते हुए दुकानों के बाहर रखे अतिक्रमित सामान को जब्त किया और दुकानदारों को भविष्य में ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

### प्रशासनिक अधिकारियों की सख्ती और अपील

एडीएम सिटी बीना महावर ने इस दौरान व्यापारियों को अतिक्रमण न करने और बाजारों को स्वच्छ रखने की नसीहत दी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि त्योहारी भीड़ को देखते हुए बाजारों में चौपहिया वाहनों की जगह दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करें। नगर निगम आयुक्त जीतेंद्र नरूका ने स्पष्ट किया कि बाजारों को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि "लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।"



### *यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान*

*ट्रैफिक सीओ मुकेश चौधरी ने आमजन से यातायात पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि लोग वाहनों को सड़कों पर यहां-वहां खड़ा न करें और उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्क करें। उन्होंने बताया कि त्योहारी भीड़ के मद्देनजर अभी बाजारों में दोपहर 3.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रखा गया है। शहर कोतवाल नरेश शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए आमजन से अपील की कि त्योहारों में बाहर से आने वाले ठेली पटरी वाले लोगों की सूचना पुलिस को दें, ताकि उनका आवश्यक वेरिफिकेशन किया जा सके। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान एडीएम सिटी बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जीतेंद्र नरूका, अलवर पुलिस सीओ सिटी अंगद शर्मा, शहर कोतवाल नरेश शर्मा, ट्रैफिक पुलिस सीओ मुकेश चौधरी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेश चौधरी, फायर ऑफिसर अमित मीणा, एईएन धर्मेंद्र मीणा, अतिक्रमण शाखा से रितिक चौधरी सहित निगम कर्मचारी और पुलिस जवान मौजूद रहे।*

## फुलेरा उप जिला चिकित्सालय में अव्यवस्था चरम पर, मरीज बेहाल

### एक ही पर्ची काउंटर और खराब प्रिंटर से जूझते रहे लोग, गर्भवती व दिव्यांगजन सबसे अधिक परेशान

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)।** उप जिला चिकित्सालय फुलेरा की अव्यवस्थाओं से मरीजों की परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रहीं। अस्पताल में पर्ची वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। सिर्फ एक ही पर्ची काउंटर के सहारे सैकड़ों मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है। अस्पताल में दो प्रिंटर मौजूद हैं, लेकिन इनमें से एक प्रिंटर लंबे समय से खराब पड़ा है। नतीजतन, पूरा पर्ची वितरण कार्य केवल एक प्रिंटर और एक कंप्यूटर के भरोसे चल रहा है। कई बार यह प्रिंटर भी खराब हो जाने से घंटों तक पर्ची वितरण ठप रहता है, जिससे मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ऑनलाइन पर्ची काटने की प्रक्रिया के कारण भी मरीजों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। निर्धारित समय पूरा होने के बाद सिस्टम पर्ची जनरेट नहीं करता, जिससे लाइन में लंबे समय से खड़े मरीजों



को पर्ची नहीं मिल पाती। कई मरीज घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी पर्ची न मिलने से निराश होकर बिना इलाज के ही घर लौटने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गर्भवती महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए अलग पर्ची काउंटर शुरू करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अस्पताल प्रशासन व स्थानीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि न तो उच्च अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि इस अव्यवस्था की सुध लेने आगे आ रहे हैं। नतीजा यह है कि आमजन को हर दिन सरकारी लापरवाही की कीमत अपनी सेहत से चुकानी पड़ रही है।

## सुजानगढ़ में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नाम एक ज्ञापन देकर सुजानगढ़ के सोहिल गोपालपुरिया ने सुजानगढ़ में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग की है। ज्ञापन में गोपालपुरिया ने बताया है कि सुजानगढ़ राजस्थान का प्रमुख शहर और सामाजिक, राजनैतिक, जनसंख्या हर दृष्टिकोण से जिला बनने की




योग्यता रखता है। ऐसे में यहां पर केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की महती आवश्यकता है। विशेष रूप से केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के लिए यहां पर केंद्रीय विद्यालय की आवश्यकता है। इसलिए विद्यार्थी हितों को ध्यान में रखते हुए सुजानगढ़ में केंद्रीय विद्यालय खोला जावे। ज्ञापन उपखंड कार्यालय में प्रदान किया गया।

सफलता की कहानियां

# महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहा 'सहकार सदस्यता अभियान'

### सहकारिता से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहीं महिलाएं

### आत्मविश्वास में हो रही वृद्धि, निर्णय लेने की क्षमता हो रही विकसित





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार द्वारा 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा 'सहकार सदस्यता अभियान' महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं में सहकारी समितियों की सदस्यता को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है और वे आत्मनिर्भर बनने तथा परिवार व समाज की उन्नति में योगदान देने के लिए समितियों की सदस्यता ग्रहण कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि अभियान के अंतर्गत युवाओं और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सहकारी समितियों से जोड़ने के विशेष रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए विशेष शिविरों का आयोजन कर उन्हें सहकारिता से जुड़ने के फायदे बताए जा रहे हैं तथा सदस्यता के लिए आवेदन पत्र भरवाए जा रहे हैं। पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में नवीन पैक्स के गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत जगह-जगह महिला पैक्स का गठन भी किया जा रहा है। सहकारी समितियों की सदस्य बनकर सक्रिय भूमिका निभाने से महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और वे समाज व परिवार में अपने निर्णय स्वयं ले पाती हैं। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से प्राप्त हो रही 'सफलता की कहानियां' महिला सशक्तीकरण की झलक प्रदर्शित कर रही हैं। कोटा जिले की देवली ग्राम सेवा सहकारी समिति में सहकार सदस्यता अभियान का शिविर महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से खास रहा। शिविर में 100 से अधिक महिलाओं ने उपस्थित होकर सहकारिता विभाग एवं सहकारी बैंक से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में मौजूद कार्मिकों ने उन्हें सहकारी समितियों से जुड़ने के फायदों के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित महिलाओं में योजनाओं से जुड़ने के लिए उत्साह नजर आया, जिसके चलते शिविर में ही 32 महिलाओं को सहकारी समिति का सदस्य बनाया गया। समिति के माध्यम से पूर्व में राजीविका से जुड़ी महिलाओं को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया है। साथ ही, बैंक की कनवास शाखा द्वारा 193 महिलाओं को ग्रामीण आजीविका ऋण योजना के अंतर्गत 1.50 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया गया है। इससे प्रेरित होकर महिलाओं में सहकारी समितियों का सदस्य बनने के प्रति रुचि नजर आई। सहकारिता से जुड़ना इन महिलाओं के लिए सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की ओर एक सकारात्मक कदम है। उदयपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा महाशक्ति राजीविका महिला सीएलजी के सहयोग से भीम ग्राम पंचायत में सहकार सदस्यता अभियान के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं के लिए विशेष रूप से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में भागीदारी कर महिलाओं ने अपने सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाया। करीब 150 महिलाओं ने शिविर में पहुंचकर सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और 41 महिलाओं ने समिति की सदस्यता के लिए आवेदन किया। समिति की सदस्यता के लिए आवेदन के बाद महिलाएं उत्साह से उत्साह से लबरेज नजर आई। उन्होंने शिविर आयोजन के लिए राज्य सरकार और सहकारिता विभाग का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से उन्हें सहकारिता से जुड़ने के लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त हो सकी। अब वे भी सहकारी समिति से जुड़कर आर्थिक सशक्तीकरण की ओर कदम बढ़ाएंगी और अपने परिवार व समाज की उन्नति में योगदान देंगी। सहकार सदस्यता अभियान के अंतर्गत डूंगरपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महिलाओं को नया कौशल सिखाने के साथ ही मौजूदा कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य था, जिसमें उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर ऋण योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला उत्थान के लिए सीखने के वातावरण का निर्माण, व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए वित्त प्राप्ति और वित्त प्रबंधन आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षक द्वारा महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, ब्यूटी पार्लर संचालन आदि का प्रशिक्षण देकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। नाबार्ड के अधिकारी ने महिलाओं को नाबार्ड द्वारा प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी। जबकि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने उन्हें सहकारी समितियों से जुड़कर सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. नगर खण्ड-तृतीय, जयपुर**

क्रमांक- 3177 दिनांक 01.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 55 / 2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | निर्माण एवं मरम्मत का कार्य । |
| 2 | कार्यों की संख्या | 11 works |
| 3 | निविदा की कुल लागत (रूपयों में) | 13.64 Lac |
| 4 | धरोहर राशि | 27280.00/- |
| 5 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अन्तिम तारीख | 9.10.25 |
| 6 | निविदा प्रपत्र जमा कराने की तारीख | 10.10.25 |
| 7 | निविदा खोलने की तारीख | 10.10.25 |

| NIT S. NO. | UBN NO. | NIT S. NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB13832 | 7 | PWD2526WSOB13838 |
| 2 | PWD2526WSOB13833 | 8 | PWD2526WSOB13839 |
| 3 | PWD2526WSOB13834 | 9 | PWD2526WSOB13840 |
| 4 | PWD2526WSOB13835 | 10 | PWD2526WSOB13841 |
| 5 | PWD2526WSOB13836 | 11 | PWD2526WSOB13842 |
| 6 | PWD2526WSOB13837 | | |

DIPR/C/14819/2025

(पवन कुमार कुलश्रेष्ठ)
अधिशाषी अभियन्ता
सानिवि नगर खण्ड तृतीय जयपुर

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD ELECTRIC DIVISION-I, JAIPUR**

File No. Date:

**Short Term Notice Inviting Bid-19/2025-26**

Bids for Electric work 1. All in All Comprehensive Maintenance of 4 Nos. 10 & 13 Passenger 10 stops Omega Elevator at Metro Court-II, Jaipur. 2. Electrical Main LT Panel & Distribution Board Related work at Police Commissionerate. Jaipur. 3. SITC of Transformer at District Rural Development Cell, Jaipur of subject matters of Procurement are Invited from intrested bidders upto 13.10.2025 6.00 P.M. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state: and http:// pwd.rajasthan. gov.in. The approximate value of the procurement is Rs. 27.78 Lacs.
UBN NO.:
PWD2526WSOB13893, PWD2526WSOB13894
PWD2526WSOB13895

DIPR/C/14833/2025

**(Pradeep Kumar Sharma)**
**Executive Engineer**
**PWD Electric Dn. 1, Jaipur**

**कार्यालय नगरपालिका मंडल, मंडावा (झुंझुनूं) राज.**

क्रमांक :- 3245 दिनांक :- 9/10/25

**आपति-सूचना**

एतद्धद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति ने नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। अत इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में स्वयं उपस्थित होकर मय प्रमाण के आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद गुजरने पर कोई एतराज मान्य नही होगा।

| क्र.स. | नाम व्यक्ति | भूमि स्थल | भूमि क्षेत्रफल | सबूत व भूमि किस्म | भूमि की चतुर्थ सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमति जरीना पत्नी मतलब, निवासी मखवास तह0 व जिला-झुंझुनू। | प्लॉट नं. 19. इन्दिरा कॉलोनी वार्ड नं. 10 मण्डावा | 260.00 वर्गगज | पट्टा शुदा आवासीय | उत्तर में- मण्डावा झुंझुनू रोड दक्षिण में- प्लॉट नं. 20 पूर्व में- प्लॉट नं. 18 पश्चिम में- रास्ता |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मण्डावा

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
10 अक्टूबर, 2025

# 5 साल में गहलोत सरकार ने जो कार्य नहीं किया भजन लाल सरकार ने 20 महीना में कार्य करके दिखाएं : बेरवा

## विकास, सेवा और पारदर्शिता के संकल्प के साथ राजस्थान में भाजपा सरकार कर रही है जन-कल्याण- चतुर्वेदी

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी, उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा और विधायक कुलदीप धनकड़ ने भाजपा सरकार के 20 माह बनाम पिछली कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यों पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार के 20 महीनों के कार्यकाल में विकास की जो गति और सेवा की भावना देखी गई है, वह पिछली सरकार की निष्क्रियता और दावों की सच्चाई को उजागर करती है। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि भजनलाल सरकार का सेवा और जन-संपर्क अभियान अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहा। सरकार बनने के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में जहाँ कानूनी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई थी वहीं आज प्रदेश में शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही देखने को मिल रही है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण सेवा शिविर और शहरी सेवा शिविर लगाए गए। इनमें लाखों नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी एवं लाल बहादुर जयंती तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया गया। शिविरों में भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, और जन आधार से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निपटारा हुआ। इसके साथ ही सरकार ने 2 अक्टूबर से सहकारी सदस्यता अभियान शुरू किया, जिससे सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता आई और आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ी। कांग्रेस के शासन में सहकारिता पर कुछ गुटों का नियंत्रण था, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने नियमों को सरल कर लोकतांत्रिक भागीदारी सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। बैरवा ने भाजपा सरकार के 20 माह और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यो पर आंकडे रखें और भाजपा की कार्यशैली स्पष्ट की। डॉ बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 20 महीनों में कई ऐसे कार्य किए हैं, जो पिछली कांग्रेस सरकार अपने पूरे 5 सालों में भी नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार के 20 महीनों के कार्यकाल में विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है जो कांग्रेस सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल की तुलना में कहीं अधिक है। भाजपा सरकार ने 20 माह में जहाँ 32,357 फार्म पौण्ड बनवाए वहीं कांग्रेस सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में केवल 29,430 केंद्र ही बना पाई। किसानों के हित में भाजपा ने 2.62 करोड़ मीटर खेतों की तारबंदी करवाई, जबकि पिछली सरकार केवल 1.20 करोड़ मीटर तक ही सीमित रही। पाइपलाइन वितरण के मामले में भी भाजपा ने 77519 किसानों को अनुदान दिया, जबकि कांग्रेस सरकार केवल 41,685 किसानों को ही लाभान्वित किया। भाजपा ने 59.25 लाख महिला कृषकों को बीज मिनी किट वितरित किए, जबकि पिछली सरकार ने महज़ 16.66 लाख महिलाओं को यह सुविधा दी। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि भजनलाल सरकार ने सहकारी बैंकों के माध्यम से 42,394 करोड़ का ऋण वितरित किया, जो पिछली सरकार की तुलना में लगभग दोगुना है। इसी तरह शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 66,695 मकानों का निर्माण भाजपा सरकार ने केवल 20 महीनों में पूरा कर लिया, जबकि कांग्रेस सरकार 5 वर्षों में सिर्फ 4,636 मकान ही बना सकी। गत शासन की तुलना में 15 गुना अधिक है। बिजली उत्पादन क्षमता में भी भाजपा सरकार ने 4,955 मेगावाट की वृद्धि की, जो कांग्रेस की 3,952 मेगावाट की वृद्धि से अधिक है। नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भाजपा सरकार ने 34284 हेक्टेयर भूमि अवंटन किया, जो कांग्रेस सरकार के 22,597 हेक्टेयर भूमि आवंटन से अधिक है। इसी तरह मिसिंग लिंक रोड के निर्माण में भाजपा सरकार 6,786 किलोमीटर सड़कें बनाईं जबकि कांग्रेस सरकार ने केवल 1,838 किलोमीटर ही बना पाई। वहीं विद्यार्थियों के हित में भाजपा सरकार ने 88,800 टैबलेट और लैपटॉप वितरित किए, जबकि कांग्रेस सरकार अपने पूरे कार्यकाल में केवल 986 विद्यार्थियों तक ही यह सुविधा पहुँचा सकी। डॉ बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बजट में की गई घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें। हर मंत्री, हर विधायक, हर ज़िला प्रभारी को ज़िम्मेदारी दी गई है कि वह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक योजना का लाभ ज़रूरतमंद तक पहुँचे। मुख्यमंत्री शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है।

# पूर्ववर्ती सरकार के समय में जल जीवन मिशन में फाईलों में ही लगे नलः कन्हैया लाल चौधरी

### जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के मंत्री की अशोक गहलोत को नसीहत, जल जीवन मिशन के बारे में जुबान ना खोल यही अच्छा रहेगा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जन जीवन मिशन के बारे में मूंह ही ना खोले तो बेहतर होगा। उनकी सरकार के मंत्री तो जेजेएम घोटाले में जेल में बंद हैं। अगर उन्होनें फाईलों में नल नहीं लगाये होते, तो आज उनके करीबी जेल नहीं जाते। चौधरी ने गहलोत पर तंज कसते हुए कहा कि तुम्हारी फाईलों में गांवों का मौसम गुलाबी था, मगर ये आंकडे झूठे था और ये दावा किताबी था। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि भजनलाल सरकार जल जीवन मिशन के तहत धरातल पर कार्य करते हुए आमजन को राहत पहुंचा रही है। चौधरी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में केवल छोटी परियोजनाएं ही मुख्य रूप से क्रियान्वित की गई थी। इनमें ना केवल पारदर्शिता का अभाव था, बल्कि गुणवत्ता की भी बड़ी शिकायतें थी। साथ ही क्रियान्वित परियोजनाओं में घरों में दिए गए कनेक्शनों में पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति प्रमुख समस्या के रूप में उभरी थी, जिससे जनता में व्यापक आक्रोश भी उत्पन्न हुआ। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लगभग 20 हजार करोड़ खर्च करने के बाद भी आधे से अधिक घरों में गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया था। उन्होने कहा कि भजनलाल सरकार द्वारा प्रभावी कार्य योजना बनाकर सभी परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है और सभी कार्यों में पारदर्शिता बरती जा रही है। इसके साथ ही, पूर्व में कार्यरत कार्मिकों और 1050 नए तकनीकी संविदाकर्मी के साथ योजना के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण पेयजल वितरण सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया जा रहा है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि भजनलाल सरकार के कार्यकाल में 7507 गावों में 100 प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान किये गये हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में केवल 5027 गावों में ही 100 प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान किये गये थे। इसी प्रकार हमारी सरकार के कार्यकाल में 5 ब्लॉक्स में 100 प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। वहीं गत सरकार के समय में किसी भी ब्लॉक्स में 100 प्रतिशत नल कनेक्शन प्रदान नहीं किये गये थे। उन्होनें कहा कि हमारी सरकार के कार्यकाल में 5897 गावों में हर घर जल कनेक्शन रिपोर्ट किये गये, जबकि पूर्व सरकार के कार्यकाल में 3360 गावों में हर घर जल कनेक्शन रिपोर्ट किये गये। इसी प्रकार राज्य सरकार के कार्यकाल में 3530 गावों में हर घर जल कनेक्शन प्रमाणित किये गये, जोकि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 1519 गावों तक ही सीमित था।

# भारत और ब्रिटेन दोनों देशों के पीएम आपसी संबंधों से खुश

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन प्रधानमंत्री से कई विषयों को लेकर को लेकर मुंबई में बातचीत**

## दोनों देश के प्रधानमंत्री सामाजिक व्यापारिक आर्थिक और वैश्विक इत्यादि क्षेत्र में एक दूसरे की साझेदारी से काफी खुश और संतुष्ट

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इन दोनों भारत के दौरे पर आए हुए हैं गुरुवार को मुंबई में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर किर स्टार मर ने अपनी उपस्थिति दिखाई दोनों देश के प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यापारिक सामाजिक आर्थिक और वैश्विक इत्यादि क्षेत्र में किए गए समझौते, संयुक्त रणनीति और एक दूसरे के सहयोग को काफी सराहा और दोनों ही देश के प्रधानमंत्री भारत और ब्रिटेन के तेजी से मजबूत हो रहे रिश्ते को भी अच्छा बताया द्य दोनों देश के प्रधानमंत्री ने गुरुवार को मुंबई में सीमित और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की जहां उन्होंने भारत ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने पर संतोष व्यक्त किया और वैश्विक शांति स्थिरता और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की उन्होंने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की दोनों प्रधानमंत्री ने भारत ब्रिटेन शिखर सम्मेलन के दौरान मुंबई में सीईओ फॉर्म बैठक का स्वागत किया दोनों नेताओं ने भारत ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते के जल्द से जल्द संपुष्टि की आशा जताई ताकि इसके लाभों को प्राप्त किया जा सके प्रधानमंत्री ने संयुक्त आर्थिक एवं व्यापार समिति के पुनर्गठन का भी स्वागत किया जो सी. इ.टी. ए. के प्रशासन एवं उपयोग को सहायता प्रदान करेगा तथा हमारी व्यापक व्यापार एवं निवेश साझेदारी को आगे बढ़ाएगी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ आए मजबूत व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण बुनियादी ढांचा और स्वच्छ ऊर्जा उन्नत विनिर्माण रक्षा शिक्षा खेल संस्कृति वित्तीय और व्यावसायिक सेवाओं विज्ञान प्रौद्योगिकी और उपभोक्ता वस्तुओं खाद्य जैसे प्रमुख सेक्टर में दोनों देशों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित किया नीति आयोग और सिटी ऑफ लंदन कारपोरेशन के बीच विद्यमान यूके इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज सतत विकास की हमारी संयुक्त महत्वाकांक्षाओं का एक उदाहरण है दोनों प्रधानमंत्री ने विमानन क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार और सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस बात का स्वागत किया कि दोनों पक्ष भारत ब्रिटेन वायु सेवा समझौते के नवीनीकरण के साथ-साथ विमान से जुड़े अन्य मामलों पर चर्चा कर रहे हैं यह दोनों देशों को एयर स्पेस क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का अवसर प्रदान करता है भारत और ब्रिटेन दोनों देशों के प्रधानमंत्री ने समावेशी आर्थिक विकास को गति देने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाने और वैश्विक नवो अन्वेषण के भविष्य को आकार देने के लिए अग्रणी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने की अपनी संयुक्त प्रतिबद्धता की पुष्टि की ऐतिहासिक प्रौद्योगिकी सुरक्षा पल के आधार पर दोनों नेताओं ने दूरसंचार महत्वपूर्ण खनिजों आर्टिफिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य तकनीक सहित महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में हुई ठोस प्रगति का स्वागत किया और भारत यूके कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर एक संयुक्त हब जो 6 -जी गैर स्थलीय नेटवर्क और दूरसंचार के लिए साइबर सुरक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क विकसित करने पर केंद्रित है इसके पहले चरण में काम से कम 24 मिलियन पाउंड का संयुक्त वित्त पोषण होगा भारत और ब्रिटेन के संयुक्त आर्टिफिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर सेंटर स्वास्थ्य जलवायु और इंजीनियरिंग जीव विज्ञान में उत्तरदाई और भरोसेमंद आर्टिफिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ा रहा है । भारत और ब्रिटेन क्रिटिकल मिनरल्स प्रोसेसिंग एंड डाउनस्ट्रीम कोलैबोरेशन गिल्ड ठोस साझेदारी का निर्माण करेगा जो महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत और विविधतापूर्ण बनाएगी और दोनों देशों में निवेश एवं विकास प्रदान करेगी उन्होंने खनिज कवरेज का विस्तार करने उन्नत तकनीक को और एकीकृत करने नए द्विपक्षीय निवेश अवसरों को खोलने और आईआईटी आईएसएम धनबाद में एक नया उपग्रह परिसर स्थापित करने के लिए यूके इंडिया क्रिटिक्स मिनरल्स सप्लाई चैन ऑब्जर्वेटरी के दूसरे चरण की घोषणाकी ।

# अंता से राष्ट्रीय लोक दल की ओर से उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया शुरू

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में अंता विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोक दल की ओर से भी उम्मीदवार खड़ा किए जाने की जानकारी मिली है हालांकि केंद्र सरकार में राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त हैं और राष्ट्रीय लोक दल एनडीए के ग्रुप में शामिल भी है लेकिन राष्ट्रीय लोक दल के रणनीतिकार अब राजस्थान में भी पार्टी के संगठन को दोबारा से मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहे हैं इसी क्रम में पिछले दिनों भरतपुर जिले के बयान में राष्ट्रीय लोक दल की ऐतिहासिक रैली का आयोजन किया गया था इस तरह की रैली प्रदेश के सभी संभागों में आने वाले दिनों में आयोजित होने का ऐलान भी राष्ट्रीय लोक दल राजस्थान के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना की ओर से किया जा चुका है इसके अलावा नगर निकाय और पंचायत राज संस्था के चुनाव में भी चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही राष्ट्रीय लोक दल की ओर से किया जा चुका है इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि अंता विधानसभा सीट पर भी राष्ट्रीय लोक दल अपना उम्मीदवार खड़ा करके पार्टी की जड़ों को मजबूत करने का प्रयास जरूर कर सकती है हालांकि राष्ट्रीय लोकदल ने अंता विधानसभा सीट को लेकर अभी पत्ता नहीं खोला है लेकिन पार्टी में इस बात की चर्चा जरूर है कि अंता विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना और अन्य सभी बड़े नेता सहमत जरूर दिख रहे हैं पार्टी के राजस्थान संगठन से जुड़े नेता चाहते हैं की पार्टी इस सीट पर चुनाव लड़े ताकि प्रदेश में पार्टी का माहौल बनाने में काफी मदद मिलेगी सूत्रों के अनुसार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना लखनऊ दौरे पर है लखनऊ दौरे के दौरान वे पार्टी के कई बड़े नेताओं से वहां मुलाकात कर भी रहे हैं अवाना के इस लखनऊ दौरे को अंता विधानसभा चुनाव से जोड़कर ही देखा जा रहा है संभावना है कि इस सीट पर पार्टी नरेश मीणा को टिकट दे सकती है पिछले दिनों अनशन पर रहने से जब नरेश मीना की तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती करवाया गया था उस समय जोगिंदर सिंह अवाना भी नरेश मीना से मुलाकात करने गए थे अवाना और नरेश मीणा के बीच काफी देर तक आपस में बातचीत हुई थी अब जिस तरह से कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रमोद जैन भैया को टिकट दे दिया गया है इसलिए नरेश मीणा की कांग्रेस पार्टी में वापसी अब मुश्किल हो गई है हालांकि नरेश मीणा और उनके समर्थक चाहते थे कि उन्हें कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट मिले लेकिन नरेश मीणा कांग्रेस पार्टी से निष्कासित चल रहे हैं और राजस्थान कांग्रेस के कई बड़े वरिष्ठ नेता नरेश मीणा को कांग्रेस पार्टी में शामिल करने के लिए बिल्कुल तैयार भी नजर नहीं आ रही हालांकि नरेश मीणा के समर्थकों को लग रहा था कि नरेश मीणा के संघर्ष और उनकी लोकप्रियता को देखकर राहुल गांधी उन्हें अंता विधानसभा सीट से टिकट दे सकते हैं लेकिन इस सीट पर कांग्रेस पार्टी ने प्रमोद जैन भाया पर ही दोबारा से विश्वास जताया है नरेश मीणा और हनुमान बेनीवाल के बीच अच्छे पॉलिटिकल और व्यक्तिगत संबंध है लेकिन राजनीति के जानकार लोगों का कहना है कि इन दोनों नेताओं के बीच लंबे समय तक आपस में एक ही पार्टी में रहकर काम करना काफी मुश्किल हो सकता है क्योंकि दोनों का स्वभाव ही ऐसा है कि एक साथ रहकर लंबे समय तक काम नहीं कर सकते हालांकि दोनों के बीच भले ही अच्छे संबंध हो लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि हनुमान बेनीवाल नरेश मीणा को अपनी पार्टी से टिकट देने के बारे में सोच रहे हो और खुद नरेश मीणा भी जानते हैं कि बेनीवाल के साथ उनके लंबे समय तक नहीं बन सकती जहां तक भारतीय जनता पार्टी का सवाल है भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और नरेश मीणा की विचारधारा आपस में मिलती नहीं है भारतीय जनता पार्टी में भी कई नेता ऐसे हैं जो यह नहीं चाहते की नरेश मीणा भाजपा में आए इसलिए अब जिस तरह से राष्ट्रीय लोकदल राजस्थान में अपने पुराने स्वरूप में आने के लिए जोरदार तरीके से तैयारी कर रही है पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने अवाना जैसे कुशल राजनीतिज्ञ के हाथों में पार्टी की कमान दी है और अवाना ने कुछ ही महीना में इस तरह से राष्ट्रीय लोक दल का माहौल राजस्थान में बनाया है उसके बाद नरेश मीणा कहीं ना कहीं राष्ट्रीय लोक दल से जुड़ने के बारे में सोच भी रहे हैं नरेश मीणा लंबे समय से प्रदेश में लोगों के लिए सड़कों पर लड़ाई तो लड़ रहे हैं लेकिन पिछले 25 सालों से कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अब तक विधानसभा या लोकसभा का चुनाव नहीं लड़वाया सचिन पायलट से भी नरेश मीणा की राजनीतिक दूरियां काफी बढ़ गई है अब नरेश मीणा को ऐसा लगता है कि अगर राष्ट्रीय लोकदल से चुनाव लड़े तो उनके पॉलीटिकल करियर को गति मिल सकती है क्योंकि राष्ट्रीय लोकदल पुरानी पार्टी है पूर्व में राजस्थान में इस पार्टी का अच्छा वर्चस्व रहा है अवाना जिस तरह से पार्टी के संगठन को मजबूती देने में जीत और मेहनत कर रहे हैं और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी धड़ाधड़ राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं उससे नरेश मीणा को ऐसा लग रहा है कि अगर इस पार्टी के बैनर के तले चुनाव लड़े तो उन्हें किसान वर्ग का भी अच्छा सपोर्ट मिलेगा क्योंकि राष्ट्रीय लोकदल के साथ दिवंगत चौधरी चरण सिंह और दिवंगत अर्जित सिंह की आत्मा सीधी जुड़ी हुई है इसलिए प्रदेश के किसानों में राष्ट्रीय लोक दल के प्रति अब भी पहले की तरह ही सम्मान की भावना है दूसरी तरफ राष्ट्रीय लोक दल के राजस्थानी इकाई के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह अवाना प्रदेश में पार्टी की जड़ों को मजबूत करने और संगठन के विस्तार के लिए जोशीले और ऊर्जावान युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं नरेश मीणा के संघर्ष और उनकी हर जाति और बिरादरी में बढ़ती लोकप्रियता को देखकर अवाना की निगाह नरेश मीणा पर टिकी हुई बताएं हालांकि अवाना ने इस विषय पर अभी कुछ भी नहीं कहा है लेकिन जिस तरह से सवाई मानसिंह अस्पताल में वे नरेश मीना से मिलने गए थे उसके बाद ही प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी थी कि नरेश मीणा कहीं ना कहीं राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ सकते हैं अब राष्ट्रीय लोकदल के संगठन से जुड़े नेताओं में ही चर्चा हो रही है कि पार्टी नरेश मीणा को अंता विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का मन बना रही है अब देखने वाली बात यह है कि इस सीट पर नरेश मीणा निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे या फिर राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर अपना भाग्य आजमाएंगे ।

### *राष्ट्रीय लोक दल के नरेश मीणा को टिकट देने पर भाजपा की बढ़ सकती है मुश्किल*

*हालांकि राष्ट्रीय लोकदल एनडीए का हिस्सा है केंद्र में मोदी सरकार में जयंत चौधरी कैबिनेट मंत्री भी हैं और जयंत चौधरी और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच बहुत अच्छे ताल्लुकात हैं राजस्थान में भी राष्ट्रीय लोक दल राजस्थान अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना पिछले दिनों का चुके हैं कि राजस्थान में राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन नहीं करेगी बल्कि प्रदेश के किसान और युवा वर्ग के लिए सरकार के साथ टेबल टू टेबल बैठकर बातचीत करेगी अवाना का यही कहना था कि केंद्र में जब भाजपा के साथ राष्ट्रीय लोकदल की दोस्ती है तो फिर राजस्थान में भी दोस्ती होना स्वाभाविक है लेकिन राजस्थान में राष्ट्रीय लोकदल अपने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश के किसान और युवाओ के हितों की रक्षा के लिए भजनलाल सरकार से नियमित रूप से संपर्क करेगी लेकिन अगर अंता विधानसभा सीट पर राष्ट्रीय लोक दल की ओर से चुनाव लड़ा जाता है चाहे नरेश मीना या किसी और नेता को राष्ट्रीय लोक दल यहां से चुनाव लड़वाती है तो फिर निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के लिए यहां जीत के रास्ते काफी कठिन हो सकते हैं और अगर नरेश मीणा को राष्ट्रीय लोक दल यहां से उम्मीदवार बनाती है तो भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की समस्या और बढ़ सकती है इस सीट पर भाजपा की ओर से प्रभु लाल सैनी आनंद गर्ग रमेश खंडेलवाल सहित आधा दर्जन नेता टिकट की लाइन में है अब देखने वाली बात यह है कि इस सीट पर केंद्र में दोस्ती निभा रहे भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल दोनों आपस में क्या रणनीति तैयार करते हैं या दोनों मिलकर आपस में चुनाव लड़ेंगे या फिर दोनों अलग-अलग कैंडिडेट खड़ा करेंगे यह काफी दिलचस्प और देखने वाली बात होगी ।*

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## केशवानन्दः काफी पर कन्वर्सेशन कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान समूह के आरबीएसई कैम्पस में एक नवीन पहल देखने को मिली। बोर्ड विद्यार्थियों के साथ शैक्षिक सुधार व गुणवता पूर्ण शिक्षा देने के लिए परिणाम में आये उत्कृष्ट विद्यार्थियों के साथ संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने कॉफी के साथ विद्यार्थियों से उत्कृष्ट परिणाम में ओर सुधार व शिक्षण के दौरान आने वाली सूक्ष्म समस्याओं के निराकरण हेतु विद्यार्थियों के सुझाव लिये, एवम् उनके निराकरण हेतु आरबीएसई प्राचार्य डां. विजेन्द्र सिंह व बोर्ड कक्षाओं के इंचार्जो के साथ विस्तृत वार्ता की। निदेशक ने बताया कि आगामी आने वाले समय पर शिक्षण में सूक्ष्म सुधार करने से गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जा सकती है। इस हेतु संस्थान संकल्पबद्ध है और नवीन तकनिकीयों के माध्यम से डिजीटल बोर्ड, ए आई का प्रयोग अतिआवश्यक हो गया है। जिसके लिए विद्यार्थी एवं शिक्षक दोनों को अपडेट होने की जरूरत है। जिससे कि परिणामों में धनात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। परिचर्चा के दौरान सभी उत्कृष्ट विद्यार्थियों ने अपनी समस्याओं व सुझावों से निदेशक को अवगत करवाया व कॉफी के साथ कन्वर्सेशन किया।

## राजकीय एसबीडी महाविद्यालय में बेडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को एमजीएसयू बीकानेर की अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता 2025 - 26 का उद्घाटन समारोह ऋषभ दूगड़ व अंजना दूगड़ के आतिथ्य में आयोजित किया गया। डॉ प्रभाकर दीक्षित ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ सुमंत कुमार पांडे ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने प्रतियोगिता प्रारंभ की घोषणा करते हुए सभी खिलाड़ियों को सद्भावना बनाए रखने संबंधी प्रतिज्ञा का संकल्प दिलाया। पहले दिन के मुकाबले में महिला वर्ग में डूंगर कॉलेज बीकानेर तथा मित्तल कॉलेज के मध्य खेले गए मैच में मित्तल कॉलेज तथा मित्तल कॉलेज व एसबीडी कॉलेज के बीच हुए मैच में एसबीडी कॉलेज विजेता रहा। पुरुष वर्ग में एसबीडी कॉलेज ने बीआर अंबेडकर कॉलेज गंगानगर को हराया। इस अवसर पर खेल पर्यवेक्षक धर्मवीर सिंह, खेल विशेषज्ञ मुकेश जोशी, कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर, पूर्व छात्र अध्यक्ष मुकेश जोशी, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ एमए खान, कार्यक्रम संयोजक संत कुमार मीणा सहित सभी संकाय सदस्य तथा कर्मचारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भवानीशंकर ने किया।

## कांशीराम की पुण्यतिथि पर बसपा ने दी श्रद्धांजलि, सरदारशहर में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा, नेताओं ने किया नमन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों ने उन्हें नमन किया। जिला स्तरीय इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में किया गया। कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके समाज सुधारक योगदान को याद किया। कार्यक्रम में जोन प्रभारी देईराम मेघवाल मुख्य अतिथि, डॉ राहुल कस्वां विशिष्ट अतिथि रहे। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश खेजड़ा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जबकि जिला प्रभारी एडवोकेट धर्मेंद्र रॉयल और विधानसभा अध्यक्ष भी उपस्थित थे। देईराम मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के सिद्धांत को अपनाया और देशभर में सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। सभा में नवरंग राम गोधा, लालचंद रायपुरिया, राजवीर खुडी तारानगर, जगदीश लूछं सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे। इस अवसर पर अमित कल्याणपुरा, ध्यानाराम असपालसर, चुनाराम, भगवानाराम और राजेंद्र सहित सैकड़ों लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया।

## भामाशाहों का किया सम्मान

**तारानगर (निसं.)** तारानगर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा की अध्यक्षता में एवं भामाशाह निरंजन कुमार के मुख्यतिथ्य में कस्बे की शान्ति देवी कंन्दोई राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा बढ़ावा देने एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के ट्रस्टी निरंजन कुमार कंन्दोई ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए अपनी तरफ से पूर्व की भांति भरपूर सहयोग करने का वादा किया एवं विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण, सीसीटीवी कैमरे लगवाने व स्मार्ट बोर्ड लगवाने की घोषणा की। प्रधानाचार्य विश्वनाथ भाटी ने सभी आँगनतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मोके पर अनिल कुमार, वीर बहादुर सिँह राठौड़, श्याम सुंदर, प्रमोद, अनूप शर्मा, आइदान, विनोद, ओंकार, निर्मल कुमार सहित विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

### सीटू का जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

# सोनम वांगचुंग को रिहा करने का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सोपा

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निसं.)।** सीटू जिला कार्यालय किशन सिंह ढाका भवन से कलेक्ट्रेट तक भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र, सीटू से संबंध यूनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर प्रदर्शन व आम सभा की गई। सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव बृजसुंदर जांगिड़ ने कहा कि लद्दाख के जन आंदोलन के नेता अंतर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त पर्यावरणविद् सोनम वांगचुंग को पिछली 24 सितंबर से रासुका में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद कर रखा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आम चुनाव में लद्दाख की जनता से किए गए चुनावी वादों लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, सशक्त विधायिका बनाने व लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर पिछले कई महीनो से लद्दाख की जनता आंदोलन कर रही,24 सितंबर से पहले आंदोलन के नेता जिनमें सोनम वांगचुंग भी थे, अनशन पर बैठे थे असामाजिक तत्वों द्वारा हिंसा करने व पुलिस की गोली से चार लोगों की हत्या के बाद आंदोलन ने उग्र रूप धारण कर लिया था। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू राजस्थान राज्य कमेटी के आह्वान पर जिला स्तरीय प्रदर्शन के कार्यक्रम में सीटू नेताओं ने कहा कि लद्दाख की जनता की न्यायोचित मांगों को अविलंब हल किया जाए और सोनम वांगचुंग को तत्काल रिहा किया जाए।आमसभा को भवन निर्माण मजदूर यूनियन सीटू के प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह बगड़िया, राजस्थान रोडवेज वर्कर्स यूनियन सीटू के प्रदेशाध्यक्ष रामदेव सिंह टाकरिया तथा ऑटो रिक्शा चालक यूनियन सीटू के महामंत्री दिलीप मिश्रा ने संबोधित करते हुए सरकार से मांग की की लद्दाख की जनता की मांगों को स्वीकार कर सोनम वांगचुंग को तत्काल रिहा किया जाए।आमसभा के बाद यूनियन के पदाधिकारी बृज सुंदर जांगिड़, भगवान सिंह बगड़िया, अनिल शर्मा, श्योदान शेषमा, ओम प्रकाश सैनी, रामचंद्र दुगोली तथा रघुवीर सिंह बारेठ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मिलकर राष्ट्रपति महोदया के नाम चार सूत्री मांग पत्र दिया। इस दौरान भवन निर्माण मजदूर यूनियन के नेता सुरेंद्र आंतरी, महावीर अजीतपुरा, रोडवेज वर्कर्स यूनियन के सांवरमल यादव, महावीर पारीक, ऑटो रिक्शा यूनियन के जगदेव खीचड़, विकास शर्मा, हंसराज बगड़िया, अमजद अंसारी, बलदेव भूरिया, भंवरलाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सीकर की मिसाल

# नाबालिग बालश्रम से मुक्त, बाल अधिकारों की दिशा में बड़ा कदम

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** शहर के गोकुलपुरा थाना क्षेत्र स्थित आनंद विहार में निर्माणाधीन भवन से तीन नाबालिग़ बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। जिला प्रशासन की सजगता और त्वरित कार्रवाई से आज एक बार फिर बाल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कदम उठाया गया।रेस्क्यू के बाद तीनों नाबालिगों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया तत्पश्चात उन्हें बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें कस्तूरबा सेवा संस्थान शिवसिंहपुरा में अस्थाई आवास व देखभाल हेतु प्रवेश के आदेश किए।

### संयुक्त टीम की तत्पर कार्रवाई

यह कार्रवाई हिदायत अली बाल कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में की गई, जिसमें विकास कुमार थाना गोकुलपुरा, जाग्रति बनिया लेबर इंस्पेक्टर, सुनिता चौधरी लेबर इंस्पेक्टर, नरेश कुमार सैनी जिला समन्वयक, गायत्री सेवा संस्थान, अभिषेक एवं जितेंद्र नाथावतपुरा फील्ड कोऑर्डिनेटर, गायत्री सेवा संस्थान तथा राकेश कुमार काउंसलर, चाइल्ड हेल्पलाइन सक्रिय रूप से मौजूद रहे। संयुक्त टीम के सशक्त समन्वय और तत्परता से तीनों नाबालिकों को बाल श्रम के दलदल से सुरक्षित रूप से मुक्त करवाया गया।मुक्त कराए गए बच्चों में से एक बालक 14 वर्ष का तथा दो बालक 15 वर्ष के पाए गए। जांच में सामने आया कि दो बालक बिहार निवासी और एक बालक टोंक निवासी है।बच्चों से बिना किसी सुरक्षा उपकरण के काम करवाया जा रहा था।यह तथ्य भी सामने आया कि इन नाबालिकों को ठेकेदारों द्वारा मजदूरी के लिए लाया गया था, रोजाना 12 घंटे से 14 घंटे काम करवाया जा रहा जिससे अंतरराज्यीय मानव तस्करी और श्रम शोषण के रैकेट की संभावना भी उजागर होती है।सीकर जिला प्रशासन ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बालश्रम, मानव तस्करी और बाल अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य किया जा रहा है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।यह अभियान एक सशक्त संदेश देता है कि सीकर जिला प्रशासन, श्रम विभाग, और गायत्री सेवा संस्थान जैसे सामाजिक संगठन मिलकर "बालश्रम मुक्त सीकर" के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं।

# विद्यालय के छात्रों ने किया विज्ञान मेले का भ्रमण

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी के विद्यार्थियों ने आज जिला स्तरीय विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में देखकर सीखने का बहुत बड़ा महत्व है, इसी को ध्यान में रखते हुए आज विद्यालय के विद्यार्थियों को मेले का भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए आयोजित प्रदर्शनी जिसमे अलग-अलग मॉडल बनाए गए थे उनका ध्यान पूर्वक अवलोकन किया। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक जांगिड़ ने कहा कि इस प्रदर्शनी का आयोजन का मुख्य उद्देश्य ही विद्यार्थियों को सीखने के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय को इस तरह की प्रदर्शनियों का अवलोकन करना चाहिए जिससे कि उनके विद्यार्थी भी आगे जीवन में सीख सके। इस अवसर पर विद्यार्थी में वर्किंग मॉडल को स्वयं भी ऑपरेट करके देखा। नोनैनिहलों के चेहरे पर कोतूहल देखने जैसा था। यवनी ने कहा कि विज्ञान के इतने सारे प्रयोग देखकर मै भी अगली बार नया बनाउंगी। मेला प्रदर्शन स्थल पर बनाए गए सेल्फी पॉइंट पर विद्यार्थियों ने सेल्फी लेकर मेले का आनंद लिया।

# जल संरक्षण की अलख जगाने से विद्यार्थियों ने संभाली पानी बचाने की जिम्मेदारी, जल है तो कल है का समझाया महत्व

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना ने एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल में नई पेयजल वितरण प्रणाली विकसित करने की परियोजना के तहत सामुदायिक जागरूकता और जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत सरदार भगत सिंह शिक्षण संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व और सरकार की लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना था। जल है तो कल है- अमूल्य जल के महत्व पर ज़ोर कार्यक्रम का कुशल संचालन आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में हुआ। सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने अपने संबोधन में जल के अमूल्य महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इस मूल मंत्र को दोहराया कि जल है तो कल है। शर्मा ने उपस्थित जनसमूह से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बल देकर कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है और इसका विवेकपूर्ण उपयोग ही भविष्य के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता को सुनिश्चित कर सकता है। विकास शर्मा ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत सरदारशहर में मीटरयुक्त और पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी जो जल संकट के समाधान में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों पर पड़ रहे दबाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अभी से जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो स्वच्छ जल का अभाव भविष्य में एक विकराल समस्या बन सकता है। इस अवसर पर छात्रों को व्यावहारिक रूप से जल बचाने के तरीके बताते हुए शर्मा ने प्रेरित किया कि वह फर्श को पाइप से धोने के बजाय पोछे का उपयोग करें। साथ ही शेविंग जैसे कार्यों के दौरान नल को अनावश्यक रूप से खुला न छोड़कर मग में जल लेकर उपयोग करें। उन्होंने समझाया कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयासों से ही जल की अपार मात्रा को संरक्षित किया जा सकता है। संस्थान के संस्थापक दलीप कुमार चाहर ने रूडीप की इस पहल की सराहना की।

## विकसित भारत युवा संसद 2026 के लिए 12 अक्टूबर तक करें आवेदन

**झुंझुनू(निसं.)।।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुंझुनू और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। पंजीकरण के लिए माय भारत पोर्टल पर 12 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। युवा संसद का विषय "आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक" होगा, जिसमें प्रतिभागी हिन्दी या अंग्रेजी में अधिकतम 3 मिनट तक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. शशिप्रकाश अहलावत ने बताया कि यह आयोजन युवाओं में वक्तृत्व कौशल और देश के वर्तमान व भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डॉ विकास मील ने बताया कि जिला स्तर पर 10 श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन होगा, जो राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेंगे। राज्य स्तर पर चुने गए शीर्ष 3 प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा संसद में अपनी बात माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष रखने का अवसर प्राप्त करेंगे। युवाओं से अपील की गई है कि इस अनूठे मंच का लाभ उठाने के लिए समय रहते पंजीकरण कराएं और अपनी आवाज बुलंद करें।

## जन-जन के लोकप्रिय कांग्रेस नेता स्वर्गीय पं. भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, विधायक अनिल शर्मा सहित सैकड़ों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित



**सरदारशहर(निसं.)।।** क्षेत्र में जन-जन के लोकप्रिय कांग्रेस नेता और राजस्थान की राजनीति में अपनी अलग ही पहचान बनाने में राजनीति के माहिर नेता स्वर्गीय पं. भंवरलाल शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर गुरुवार को तारानगर रोड स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक पं. अनिल शर्मा, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष केशरीचंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में समर्थकों, जनप्रतिनिधियों व गणमान्यजनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर याद किया। श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई। जिसमें ऋषिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम के बटुकों ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पं. शर्मा को नमन करने पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि पं. भंवरलाल शर्मा ने अपने जीवनकाल में 36 कौमों को साथ लेकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया। गरीब को गणेश मानते थे और उनकी सेवा को ही ईश्वर सेवा समझते थे। श्रद्धांजलि सभा में विधायक अनिल शर्मा, पूर्व प्रधान मनोहरी देवी शर्मा, उपप्रधान केसरीचंद शर्मा, देवस्थान बोर्ड अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी, पूर्व प्रधान रामकुमार मेघवाल, नंदलाल गोसाई, पूनमचंद पारीक, समाजसेवी बाबूलाल बोथरा, दुर्गाराम पारीक, बशीर खोखर, कमल पुजारी, जितेंद्र राजवी, राजेश पारीक, समसुद्दीन खोखर, महावीर माली, रतनलाल लाहोटी, संजय दीक्षित, रामचंद्र माली, प्रहलाद पांडिया, ओमप्रकाश मेघवाल, रामलाल सारण, प्रकाश माली, ओमप्रकाश नाई, शोभाकांत स्वामी, शंकरलाल सिंधी, अब्दुल रशीद चायल, परमेश्वर पारीक, बाबूलाल महर्षि, रमेश महर्षि, दिनेश महर्षि, भंवर गहलोत, किशोर सिंह राजपुरोहित, हनीफ खान, किशोर भारद्वाज, मांगीलाल जोशी, फ़ुसराज करनानी, पन्नालाल डागा, भंवरलाल धूत, लालबहादुर सेवदा सहित सैकड़ों शुभचिंतकों ने अपने नेता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। श्रद्धांजलि सभा का संचालन भरत गौड़ ने किया।

## महालक्ष्मी पूजा मे बड़ी संख्या में भक्तो

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निसं.)।** श्री कल्याण धाम सीकर में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा महोत्सव में दिन प्रतिदिन भक्तो की भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें भक्त सुबह एवं सायंकाल महालक्ष्मी की महाआरती कर रहे हैं मंदिर व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि करवा चौथ के पावन अवसर पर सौभाग्य का प्रतीक सिंदूर का वितरण दिनांक 10 अक्टूबर सायंकाल 07.15 की आरती में किया जाएगा एवं महंदी का वितरण प्रातः काल की महाआरती 08.15 बजे किया जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :– न.प.सु./सफाई शाखा/2025/6841 दिनांक :– 07/10/2025

**ई–निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद् सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 15.10.2025 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक :– (DLB2526SSOB20829) है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद् सुजानगढ़ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/11790

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419
क्रमांक :–न.प.सु/विकास/2025/6849 दिनांक :– 07.10.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 17.10.2025 को 12.00 बजे तक विक्रय की जाकर 1.00 बजे तक प्राप्त कर तथा दिनांक 22.10.2025 को सायं 5.00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी । उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक :– DLB2526GLOB20860 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिशद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/11788

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**
फोन नं– 01562.281224 ईमेल–mun_rnagar@yahoo.in
Date : 08-10-2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for of civil work invited from interested bidders upto 02:00 PM 17-10-2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.
UBN is: DLB2526WSRC20923, DLB2526WSRC20924, DLB2526WSRC20925, DLB2526WSRC20926, DLB2526WSRC20927, DLB2526WSRC20928, DLB2526WSRC20929, DLB2526WSRC20930, DLB2526WSRC20932, DLB2526WSRC20934, DLB2526WSRC20935, DLB2526WSRC20936, DLB2526WSRC20937, DLB2526WSRC20938

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar
Raj.Samwad/C/25/11743

# छात्राओं को दी साइबर क्राइम के बारे में जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय कनोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एसयूपीडबल्यू शिविर के चौथे दिन जागरूकता कार्यशाला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के रामेश्वरलाल खीचड़ ने बताया कि कार्यक्रम में सीआई बैगाराम मीणा, प्रधानाचार्या अनिता सुरेका, सरोज नारनोलिया, हरदयाल बीरड़ा, भावना सैन, चैनसिंह, विक्रम रोलण, पवन कुमार शर्मा आदि मंचस्थ रहे। इस अवसर पर सीआई बैगाराम मीणा ने उपस्थित छात्राओं को साईबर क्राईम और साइबर ठगी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सीआई मीणा ने कहा कि विद्यार्थी अगर साइबर जागरूकता को गंभीरता से लें, तो पूरा परिवार अपराध मुक्त हो सकता है और ठगी से भी बच सकता है। उन्होंने फ्रोड काल्स, फर्जी एप्स आदि से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रधानाचार्या ने धन्यवाद प्रकट किया। इससे पहले अतिथियों का स्वागत नानूराम, प्रेम फलवाड़िया, सुमन कच्छावा, अनिता सैनी, पप्लेश कुमार, सुलोचना आदि ने किया। संचालन रंजना साध ने किया। पांच दिवसीय शिविर के तहत सफाई श्रमदान किया गया और पोष्टिक भोजन के अवयवों के बारे में जानकारी दी गई।

# महिला जागृति ने किया प्रदर्शनी का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** महिला जागृति समिति द्वारा दीपावली प्रदर्शनी का आयोजन महेश्वरी सेवा सदन में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा नेता व बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल ने किया। समिति अध्यक्ष सुषमा मून्धड़ा ने बताया कि प्रदर्शनी ने बांगरवाल, साज सज्जा, खाने के आयटम्स, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, कलात्मक ज्वैलरी आदि से सम्बंधित स्टॉल्स लगाई गई। जिनका बीदासर प्रधान ने अवलोकन किया और कहा कि महिला स्वावलम्बन के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने रूचि दिखाई और खरीदारी की। आयोजन को सफल बनाने में मंत्री सज्ज बोकड़िया, सदस्य कुसुम लोढ़ा, बबीता मालपानी, सुधा मालानी, मधु सोमानी, सुनीता तापड़िया, रितम मुंधड़ा, राजकुमारी भुतोडिया, सरिता पिंचा, सरोज सोनी, सुमन चौरडिया, जन्नत बेगम, विजया रामपुरिया, कुसुम भूतडिया आदि ने योगदान दिया।

# आरटीई भौतिक सत्यापन दलों को दिया प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**चुरू(निसं.)।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल डूडी के निर्देशन में निजी शिक्षण संस्थानों में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेशित विद्यार्थियों के भौतिक सत्यापन के लिए गठित दलों को पंचायत समिति सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत चोटिया ने बताया कि सत्यापन दल को अवलोकन के लिए बालकों के आवेदन पत्र, आय प्रमाण पत्र, रिपोर्टिंग प्रपत्र ,रसीद बुक ,कैश बुक, एस आर रजिस्टर आदि विद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे। दक्ष प्रशिक्षक प्रधानाचार्य संजीव धेतरवाल ने आरटीई के दिशा निर्देशों को विस्तार से व्याख्यान दिया तथा बताया कि भौतिक सत्यापन प्रक्रिया के अंतर्गत गैर सरकारी विद्यालयों की प्रवेशित पूर्व प्राथमिक कक्षा से कक्षा 8 व वीर बाला काली बाई भील बालिका पुनर्भरण एवं मुख्यमंत्री बालक फीस पुनर्भरण योजना के तहत प्रवेशित कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत छात्र छात्राओं से संबंधित दस्तावेज का सत्यापन नियुक्त सत्यापन दल द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षक प्रधानाचार्य संजीव धेतरवाल और बन्ने सिंह लाम्बा द्वारा 153 दलों के अध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आरपी विनय कुमार सोनी, राजेंद्र सिंह राजावत, प्रीतम बेनीवाल, अजय पंवार सहित सत्यापन दलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# सचिन पायलट के साथ बीकानेर पहुंचे महन सरिया



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व एआईसीसी के महासचिव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता युवा दिलों की धड़कन सचिन पायलट ने जयपुर से बीकानेर जाते समय रतनगढ़ सर्किल पर चूरू नगर परिषद के पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया ने दर्जनों गाड़ियों में चूरू से गए। सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सचिन पायलट से मुलाकात कर पायलट के साथ पूर्व प्रतिपक्ष नेता रामेश्वर डूडी के निधन पर संवेदना व्यक्त करने बीकानेर पहुंचे। महन सरिया ने बताया कि पायलट के साथ सैकड़ो गाड़ियों के काफिले में अनेक विधायक व कांग्रेस पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद थे।

## डूडी को आज देंगे श्रद्धांजली

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्रीय जाट महासभा द्वारा पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता दिवंगत रामेश्वर डूडी को श्रद्धांजली अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम शुक्रवार को ग्यारह बजे भोजलाई चौराहे पर स्थित राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र कीलक के सानिध्य में आयोजित होगा।

# प्रशासन के आने के बाद बनी सहमति,स्टेट हाईवे का काम होगा शुरू, सड़क के मध्य से दोनों तरफ बराबर होगी तोड़फोड़

जयपुर टाइम्स





**खाचरियावास(निसं.)।** कस्बे में बाय रोड पर निर्माणधीन स्टेट हाईवे सड़क निर्माण में रास्ता चौड़ाइकरण को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा मिल बैठकर ग्रामीणों से समझाइस की जा रही थी लेकिन फिर भी सड़क निर्माण में रास्ता चौड़ाइकरण को लेकर सहमति नहीं बन पाई। आखिरकार गुरुवार को तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत व पीडब्ल्यूडी विभाग की सहायक अभियंता मेघा पारीक ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सामने सड़क के मध्य से बराबर नाप चौक किया। इसके बाद सभी ग्रामीणों को ग्राम पंचायत में बैठाकर समझाइश की। सड़क निर्माण में रास्ता चौड़ाइकरण को लेकर 34 फीट पर सहमति बनी। तहसीलदार महिपाल सिंह राजावत ने सड़क के मध्य से दोनों तरफ 17 फीट में आने वाले कच्चे पक्के निर्माण को हटवाने का कार्य भी मौके पर ही शुरू करवाया। प्रशासन ने तोड़फोड़ को लेकर दो दिन का समय दिया है इसके बाद भी तोड़फोड़ का कार्य शुरू नहीं करने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार ने सभी तोड़फोड़ की जगहो को चिन्हित कर जेसीबी से तोड़फोड़ का कार्य भी शुरू करवाया। गौरतलब है कि काफी दिनों से स्टेट हाईवे का काम बंद होने से मुख्य बाजार में गंदा पानी इकट्ठा होने से आवागमन बाधित हो रहा था। मुख्य बाजार में आने वाले राहगीर सहित आमजन काफी परेशान थे। इस दौरान प्रशासक रामलाल मीणा, गोविंद सिंह लांबा,नरेंद्र सिंह शेखावत, मंगलचंद बुरड़क,जीएसएस अध्यक्ष लालचंद बुरड़क,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आसिफ खान,सदीक मंसूरी,नासिर कायमखानी,दौलत सिंह,सहित ग्राम पंचायत के सदस्य,जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली मंडलों के पदाधिकारियों की बैठक

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** विधानसभा क्षेत्र के सभी बीजेपी मंडलों की -आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला.. का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया। जिसमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प लिया गया और 25 दिसंबर तक होने वाले अभियान कार्यक्रम की जानकारी दी गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा चूरू जिलाध्यक्षी बसंत शर्मा रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, जिला मंत्री पवन चितलांगिया, सुजानगढ़ मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, विधि प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट अभिषेक सैन, जिला प्रवक्ता अरुण तिवाड़ी, बीदासर मण्डल अध्यक्ष राजेश सोनी, कानूता मण्डल अध्यक्ष डूंगरराम मेघवाल,कातर मण्डल अध्यक्ष श्रीनिवास लिम्बा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अथितियों द्वारा भारत माता की प्रतिमा चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत अभियान पर संबोधित किया। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कार्यशाला में संबोधित करते हुए कहा कि सेवा के माध्यम से ही संगठन मजबूत होता है। योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अपनी पूरी शक्ति लगा दें। आत्मनिर्भर भारत एक सपना नहीं, बल्कि एक संकल्प है। यह भारत को गरीबी, पराधीनता और आयात पर निर्भरता से मुक्ति दिलाने का महायज्ञ है। प्रधानमंत्री मोदीजी ने हमें विजन दिया है, सरकार ने संसाधन दिए हैं। अब इस विजन को जमीन पर उतारने का दायित्व हमारा है। जब हर कार्यकर्ता आत्मनिर्भर बनेगा, जब हर गाँव और शहर आत्मनिर्भर बनेगा, तभी हमारा देश विश्वगुरु बनने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम का प्रारंभ वंदेमातरम व कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन गौरव इंदोरिया ने किया।

# 225 लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी सेवा शिविर 2025 के अन्तर्गत फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में वार्ड 43 व 32 का शिविर आयोजित किया गया। आयुक्त मघराज डूडी ने बताया कि आज शिविर में 3 पट्टा पत्रावली प्राप्त हुई व 41 पट्टा पत्रावलियों का निस्तारण कर पट्टे वितरित किये गये। यू.डी. टैक्स के आवेदन 17, एनएफएस के.ई.केवाईसी 25, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 09, जीवीपी. 12, सीवर कनेक्शन 03, रोड़ मरम्मत 02, नाली मरम्मत 02, निराश्रित पशु पकड़ने से संबंधित सूचना 05, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 34, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 13, जनआधर संशोधन व अद्यतन 23 के प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारित किये गये। प्रधानमंत्री स्वनिधि 45 प्रकरण प्राप्त हुए। पेड़ लगाये 42, इसी प्रकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल पाईप लाईन लिकेज 04, जिसको मौके पर निस्तारण किया गया। महिला बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना के अन्तर्गत 04 प्रकरण प्राप्त हुए एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी से 225 व्यक्तियों को अवगत करवाया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 12 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चिकित्सा शिविर में उपस्थित कुल उपचारित व्यक्ति 352, एन.सी.डी. 289 प्रकरण प्राप्त हुऐ जिनको माके पर निस्तारण किया गया। आयुर्वेद विभाग चूरू के अन्तर्गत 193 रोगियों ने चिकित्सक से परामर्श लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 03 प्रकरण प्राप्त हुऐ। उक्त शिविर में पार्षद रिछपाल बिजारणियां, राकेश प्रजापत, बाबूलाल कुलदीप, पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच, रविन्द्र पाण्डे, गणेश मंडावरिया ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी, सहायक अग्निशमन अधिकारी रूप सिंह व नगर परिषद सहित अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद - गुरु वंदन छात्र अभिनंदन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** भारत विकास परिषद्, चूरू द्वारा गुरुवार को शिव चन्दा मेटल चूरू के प्रोपराइटर राकेश जांगिड़ के आर्थिक सहयोग से गीतांजलि पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चूरू में गुरु वन्दन - छात्र अभिनन्दन के 17 वें चरण का आयोजन किया गया कार्यक्रम के दौरान जहां एक तरफ़ विद्यालय की बोर्ड कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त विधार्थियों में कृतिका धानुका, नेहा, वैशाली पंसारी, दिव्या गोसाई, हितेशिका पंसारी का अभिनंदन किया गया वहीं दूसरी तरफ़ विद्यालय के श्रेष्ठ गुरुजनों में राकेश यादव, पंचम शर्मा, दिवाकर शर्मा, लीलावती शर्मा एवं संस्था प्रधान वंदना गौतम को स्मृति चिन्ह, दुपट्टा व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन दामोदर गौतम ने परिषद के सदस्यों का विद्यालय परिवार में स्वागत कर परिषद् द्वारा किए जाने वाले सेवा एवं संस्कार कार्यों की प्रशंसा की परिषद अध्यक्ष उमेशचन्द्र चौहान ने भारत विकास परिषद की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाल कर भारत की गुरु शिष्य परंपरा पर उद्बोधन दिया संस्कार संयोजक ओम प्रकाश इंदौरिया ने विद्यार्थियों को देश हित में काम करके देश के विकाश में भागीदारी देने का आवाह्न किया। राकेश जांगिड़ ने छात्र -छात्राओं को जीवन प्रयन्त धूम्रपान न करने व नारी जाति का सम्मान करने की शपथ दिलवाई शाखा सचिव संदीप शर्मा, एडवोकेट ने विद्यालय एवं गुरुजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन निरंजन कुमार चोटिया ने किया इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पवन कुमार जांगिड़ एवं हनुमान प्रसाद प्रजापत व विद्यालय के अन्य स्टाफ ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सहयोग किया।

# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आया जाट समाज, 5.61 लाख रुपए की सहायता राशि देकर किया सहयोग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में जाट विकास संस्थान के तत्वावधान में जाट समाज द्वारा पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए 5.61 लाख रुपए की राशि भेंट की गई। यह राशि जन सहयोग से एकत्र की गई थी। संस्थान में आयोजित बैठक में सहायता कार्य को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संस्थान के महामंत्री महावीर प्रसाद सहू पटवारी, सेवानिवृत्त मैनेजर बीओबी एवं कोषाध्यक्ष नंदराम चाहर, सेवानिवृत्त मैनेजर एसबीआई एवं पूर्व महामंत्री रामजस चाहर, सेवानिवृत्त थानाधिकारी लालचंद सारण, तथा कृषि मंडी अध्यक्ष एवं संस्थान के पूर्व महामंत्री इंद्राज सारण शामिल रहे। समाज द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कमेटी के सदस्यों ने अमृतसर स्थित दरबार स्वर्ण मंदिर परिसर में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एसजीपीसी के मुख्यालय पहुंचकर सेक्रेटरी को 5.61 लाख रुपए का चेक भेंट किया। एसजीपीसी की ओर से बताया गया कि पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में फिलहाल अनाज व खाद्य सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था हो चुकी है। लेकिन डीजल और बीज की भारी आवश्यकता बनी हुई है। इस अवसर पर एसजीपीसी ने जाट विकास संस्थान सरदारशहर का आभार व्यक्त करते हुए कमेटी सदस्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मालसर गांव के बनवारी लाल सींवर जो इन दिनों जालंधर में व्यवसाय कर रहे हैं ने अमृतसर में कमेटी के सदस्यों को मुख्यालय तक पहुंचाने व उचित स्थान पर सहायता राशि भेंट करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कमेटी के सदस्यों ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी किया। उन्होंने बताया कि त्रासदी को एक माह बीत जाने के बावजूद कई जगहों पर अब भी पानी भरा हुआ है। जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। खासकर पशुधन और कृषि कार्यों में नुकसान अधिक होने से किसानों को भारी परेशानियां हुई है। पंजाब में आई त्रासदी को लेकर सरकार सहित पुरा देश सहयोग में आगे आया है।

# *दुकानों का मलबा हटवाने की मांग*

***सुजानगढ़(नि.सं.)।*** *जिला कलक्टर चूरू को एक ज्ञापन भेजकर व्यापारी महावीर प्रसाद पाटनी ने बारिश के दौरान गिरी दुकानों का मलबा हटवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस बारे में पहले भी ईमेल द्वारा प्रशासन को सूचित किया जा चुका है। इसी प्रकार नगरपरिषद आयुक्त, श्री दिगम्बर जैन समाज, दुकानदार धर्मराज प्रजापत को भी अवगत करवाया गया है, लेकिन आज दिन तक दुकानों का मलबा नहीं हटाया गया है। जबकि फिर से बारिश होने पर आस-पास की दुकानों को हर वक्त खतरा रहता है। इसलिए दुकानों का मलबा हटवाने की व्यवस्था की जावे, ताकि दीवाली के त्यौंहार पर मुख्य बाजारों के सौंदर्य को यह मलबा बिगाड़े नहीं। साथ ही आस-पास की दुकानों को रहे खतरे को भी टाला जा सके।*

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन, सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का किया आह्वान

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के पींचा गेस्ट हाउस में विधानसभा के सभी मंडलों की आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबंधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार ने आमजन को राहत देते हुए जीएसटी की दरों में भारी कटौती की है। हर भारतीय को इस छूट का लाभ मिलना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता इस विषय में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहां की किसी समय भारत विश्व व्यापार में पूरी तरह दूसरे देशों पर निर्भर रहता था। आज भारतीय उत्पाद विश्व में अपनी अलग ही पहचान बना रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि स्वदेशी अपनी पहचान है तथा भारत के प्रत्येक नागरिक को स्वदेशी खरीदारी पर अधिक से अधिक बल देना चाहिए। जिससे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो तथा भारत जल्दी से जल्दी विश्व गुरु बने। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने सेवा पखवाड़े के अंतर्गत चलाए जा रहे शहरी शिविरों में कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में आमजन को लाभ दिलवाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष तथा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के जिला संयोजक नरेश सहारण ने इस अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सेवा पखवाड़ा के प्रदेश टोली सदस्य जितेंद्र शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान भैरोंसिंह राजपुरोहित, सत्यनारायण सारण, डेयरी चेयरमैन लालचंद मुंड, भूमि विकास चेयरमैन ईशर राम डूडी, मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा, राजवीर सिंह, डालाराम, अश्विनी मकवाना, दीपक शर्मा, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया आदि मंचस्थ रहे। कार्यशाला का संचालन जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक ने किया। अभियान कार्यक्रम में संयोजक दुनीचंद जोशी, प्रदीप दीक्षित, राधेश्याम भार्गव, पवन सैनी, विकाश पारीक, विनोद बगड़िया, शंकरलाल सोनी, विक्रम जोशी, निरंजन धनका, प्रशांत स्वामी, जाकिर खोखर, जगदीश पिंगोलिया, पंचायत समिति सदस्य इन्दरसिंह शेखावत, रामनिवास पारीक, मोहनलाल बाना, सरपंच राजेन्द्र सिंह छाजूसर, गिरधारीलाल स्वामी, गोपाल शेखावत, जुगल सिंह सोमनसर, कन्हैयालाल मुण्ड सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुकुंदगढ़ मार्ग पर सड़क क्षतिग्रस्त, वाहन चालक परेशान

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निसं.)।** मुकुंदगढ़ मार्ग पर सड़क क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ के नाम पर सड़क का निर्माण हो रखा है तथा मुकुंदगढ़ मार्ग पर सरकारी अस्पताल व एसडीएम कार्यालय के पास मुख्य सड़क पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं तथा सड़क के साइड में मिट्टी का कटाव होने से हालात और भी खराब हो चुके हैं। पार्षद संदीप परिहार ने बताया कि सड़क क्षतिग्रस्त होने के चलते वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा स्कूली बच्चों को ले जाने वाले वाहन भी इस मार्ग से गुजरते हैं तथा सड़क पर गहरे गड्ढे व कटाव होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। गौरतलब है की इस क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग से दिन में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी दिन में कई बार गुजरते हैं तथा मुकुंदगढ़, नवलगढ़ को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग होने के कारण दिन भर वाहनों का आवागमन रहता है। दुपहिया वाहन चालक तो अक्सर रात्रि के समय गिरते रहते हैं। अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कभी भी क्षतिग्रस्त सड़क से कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



## भाजपा ने खुद के फायदे के लिए तैयार किया वार्ड परिसीमनः कांग्रेस

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा नगर पालिका के नए वार्ड परिसीमन को कांग्रेस ने भाजपा को फायदा पहुंचाने वाला बताया है। मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी ने गुरुवार को राज्य सरकार द्वारा नए वार्ड परिसीमन पर अपनी प्रति क्रिया में कहा की वार्ड परिसीमन पहली बात तो ये है कि वार्ड परिसीमन हुए ही गलत है ।2011 की जनगणना के आधार पर इन्होंने परिसीमन किया है जो कि 2011 की जनगणना के आधार पर 2025 में परिसीमन पहले ही हो चुका तो दुबारा उसी आधार पर परिसीमन करना सिर्फ राजनीतिक द्वेषता से किया गया है । आप नया परिसीमन देख कर खुद ही अंदाजा लगा सकते है किस किस वार्ड में बदलाव किया है । उससे ही इनकी मानसिकता का पता चल जायेगा ये लोग अभी से डरे हुए है । जो इस तरह से परिसीमन किया है । लेकिन हम इससे बिल्कुल विचलित नही है वोट इसी कस्बे के लोगो के पड़ने है यहां की जनता इनको भी जानती है और हमे भी जानती है इस नए परिसीमन में भी 25 की 25 सीटें कांग्रेस पार्टी जीत रही है।



## दीपावली पर मिट्टी के दीपकों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. अरुण गर्ग ने दीपावली के महापर्व को देखते हुए कुम्हारों एवं माटी कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर पारंपरिक रूप से कुम्हार समुदाय एवं अन्य माटी कलाकारों द्वारा मिट्टी के दीपक, गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमाएं तथा विभिन्न सजावटी सामान तैयार कर बाजारों में विक्रय के लिए लाए जाते हैं। इन पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिला कलक्टर ने सभी नगर पालिकाओं, नगर परिषदों एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया है कि इन कुम्हारों व माटी कलाकारों से किसी प्रकार का कर या शुल्क वसूला न जाए, ताकि उनकी आजीविका पर विपरीत प्रभाव न पड़े। डॉ. गर्ग ने आमजन से भी अपील की है कि वे दीपावली पर मिट्टी के दीपकों का अधिक से अधिक उपयोग करें और स्थानीय कारीगरों की मेहनत का सम्मान करते हुए मिट्टी के उत्पादों को प्राथमिकता दें। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि पारंपरिक कारीगरी को भी बढ़ावा मिलेगा।



## शराब ठेके के बाहर बाइक सवार युवकों ने की हवाई फायरिंग, पुलिस मौके पर पहुंची

जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(चूरू)।** शहर के सांखु फाटक स्थित शराब के ठेके के बाहर दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने वहां पहुंचकर हवाई फायरिंग कर दी। घटना करीब दोपहर 12 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक सिर पर तोलिया बांधे हुए थे। ठेके के सामने आकर पहले युवक ने पिस्टल से एक हवाई फायर किया। दूसरा युवक भी फायर करने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसकी पिस्टल जाम हो गई। इसके कुछ ही देर बाद दोनों युवक बाइक पर सवार होकर चूरू रोड की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सादुलपुर थाना अधिकारी राजेश सिहाग, बीएसपी किशोरीलाल मीणा व डीएसपी अभिजीत सिंह पाटिल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। पास के दुकानदार मनोज कुमार ने बताया की अचानक आवाज आई और देखा तो एक राउंड फायरिंग कर दूसरी बार कोसिस कर रहा था पिस्टल चला नहीं फिर पब्लिक क़ो देखकर भाग गए. फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुटी है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।



## जिला अस्पताल के मामले मे चिकित्सा अधिकारी बैठे चुपी सादे आखिर कब तक आएगा कमेटी का फैसला परिजनों ने लगाई जिला कलेक्टर से गुहार

### राजकीय ज़िला अस्पताल नवलगढ में हुआ एक अनोखा मामला ऑपरेशन मे नसबंदी करने के बाद बच्चे का होना आश्चर्य

जयपुर टाइम्स




**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के राजकीय जिला अस्पताल में 19 अगस्त को अस्पताल मे डॉ माया सैनी को दिखाया उसके बाद मरीज के पेट मे तेज दर्द होने लगा डॉ माया ने विभिन्न जांच लिखी और वो हमने करवाई डॉ ने रिपोर्ट की जांच कर ऑपरेशन की सलाह दी और नसबंदी की सलाह दी उन्होंने बताया की मरीज के ट्यूब मे बच्चा है जो की खतरनाक हो सकता है ट्यूब फटने के कारण मरीज को हानी हो सकती है तो हमने ऑपरेशन के लिए तिक समझा और डॉ माया को ऑपरेशन करने के लिए कहा तो डॉ द्वारा नसबंदी करने के बाद मुझे आशवस्त कर दिया की आप ठीक हो मे उस दिन ठीक थी फिर थोड़े दिनों बाद फिर पेट दर्द हुआ तो डॉ ने मुझे दवाइया दी और मे ठीक थी एक दिन अचानक जोर से दर्द बढ़ने लगा तब डॉ के पास गए तो उन्होंने जांच करवाई तो उसमे बच्चेदानी में बच्चा था डॉ को पता तक नहीं चला। ओप्रेशन 24 सितंबर को किया गया तब क्यों पता नहीं चला डॉक्टर को जब नसबंदी कर ही दी तों ये बच्चादानी में बच्चा केसे एक महिला के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने का काम किया गया। जब डॉ से जयपुर टाइम्स के नवलगढ संवाददाता ने बात की तो डॉ के द्वारा पत्रकारों को तमाशा खड़ा करने वाला बताया गया और मैं किसी प्रकार का जवाब नहीं दूंगी और फ़ोन पर किसी अन्य के आदेश पर ग़लत भाषा शैली का उपयोग किया गया पूर्व में जब मरीज़ का इलाज किया तो सुर्खीया बटोरने के लिए लोकल यूट्यूब चैनल पर प्रकाशित करवाया गया आज़ सवालों का जबाब तक नहीं डॉ के पास , भाषा मे पत्रकार तमाशा खड़ा करते है इस प्रकार की भाषा शैली महेंद्र कुमार सबलानिया ने बताया कि ये मामला सोमवार को मेरे समक्ष आया और मेंने मरीज़ से लिखित में बयान लिए तत्पश्चात कमेटी गठित की गयी और मामले को संज्ञान में लेकर दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएं ये आदेश दिए आज गुरुवार को ये मरीज और परिजन आए और जिला कलेक्टर के नाम इन्होंने ज्ञापन दिया ये ज्ञापन मे इनके साथ हुई बातों को दिखाया गया जिला कलेक्टर की गुहार आखिर कब तक पहुचती है आमजन कब तक सहेगा ऐसे डाक्टर की मार मरीज़ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है राजकीय ज़िला अस्पताल के प्रति आमजन का विश्वास दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है एक ही डाक्टर के बार-बार शिकायतें आयी सामने पिछले दिनों मरीज़ से बहार की जांच करवाकर पैसे का आरोप लगा और आज ओप्रेशन से पूर्व इलाज के पश्चात् लगभग 45 दिनों के बाद बच्चें का पता चला। इलाज में आखिर क्या किया जिसकी सुर्खियां बटोरीं गयी।

## उपखंड अधिकारी ने नगर पालिका में शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स




**मंडावा(निसं.)।** उपखंड अधिकारी मुनेश कुमारी ने नगर पालिका कार्यालय परिसर में चल रहे शहरी सेवा फॉलोअप शिविर का निरीक्षण किया। एसडीएम ने ईओ से पट्टे कम बनने मामले को लेकर विस्तृत जानकारी ली जिस पर ईओ जैकीराम गोयल ने बताया कि 69 ए के पट्टे नहीं बन रहे हैं जिसका कारण वैकल्पिक दस्तावेजों में सरकार द्वारा छुट नही देने के कारण लोग पट्टे बनवाने नहीं आ रहे हैं तथा और प्रकार के जो पट्टे जारी किए जा रहे हैं उसमें कोई दिक्कत नहीं है। वही एसडीएम ने वार्ड वाइज कमेटी गठित करके लोगों को जागरूक करने साफ सफाई, लाइटिंग व्यवस्था व पेयजल सप्लाई जल्द सही करने के निर्देश देते हुए कहा की जहां भी वार्डों में आम रास्तों पर निर्माण सामग्री पड़ी है उनको हटवाएं तथा जो भी पीडब्ल्यूडी की व नगर पालिका क्षेत्र में सड़के क्षतिग्रस्त है उनको दुरुस्त करवाएं एवं उनकी पूरी रिपोर्ट मेरे को दे बनाकर। एसडीएम ने साफ सफाई एवं अन्य जो भी जन समस्याएं हैं उसके लिए आमजन को जागरूक करके समाधान करवाने के निर्देश दिए। मौके पर एक व्यक्ति ने एसडीएम से वार्ड 25 में नालियों की सफाई नहीं होने व पानी नहीं आने की शिकायत की जिस पर एसडीएम ने ईओ को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। मौके पर एसडीएम मुनेश कुमारी ने पट्टे भी वितरित किए। इस दौरान वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद बिहारी सोलंकी, सफाई निरीक्षक सत्यनारायण बावलिया, तेजपाल सैन, रूडिप फर्म के एसओटी जगदीश मीणा, मल्ला रेड्डी सहित अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद थे।

## मण्डावा में सीवरेज बनी जीका जंजाल

## सीवरेज चेंबर का गंदा पानी बना परेशानी का कारण, समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निसं.)।** वार्ड 2 में सीवरेज चैंबर से निकलने वाला गंदा पानी वार्ड वासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। गुरुवार को वार्ड से जय चौधरी, संजय परिहार लोगों के साथ शिकायत लेकर नगर पालिका पहुंचे तथा ईओ जैकीराम गोयल से सीवरेज कंपनी कर्मचारियों की मौजूदगी में समाधान करने की मांग रखी। वार्ड के लोगों ने बताया कि पिछले कई महीनो से सीवरेज चैंबर से रोजाना निकलने वाला गंदा पानी ब्रह्म बगीची के पास स्थित शिव मंदिर के नजदीक इकट्ठा हो रहा है और उक्त गंदा पानी बदबू मारता रहता है जिसके कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालु तथा वार्ड में निवास करने वाले आसपास के घरों के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सीवरेज का गंदा पानी एकत्रित होने से मंदिर को भी नुकसान हो रहा है तथा इस मंदिर का जीर्णोदार लाखों रुपए लगाकर कुछ महीने पहले ही किया गया था। इस समस्या को लेकर लगातार शिकायत की जारी है लेकिन कोई स्थाई समाधान अभी तक नहीं हुआ है। रोजाना टैंकर से सीवरेज चेंबर का पानी निकाल कर ले जाते हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है कुछ देर बाद ही वापस ओवरफ्लो होकर चैंबर से गंदा पानी निकलने लग जाता है। वार्ड के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर 3 दिन में समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ईओ की मौजूदगी में सीवरेज कंपनी के कर्मचारी विनय रेड्डी व अन्य ने बताया कि 3 दिन में इस समस्या का स्थाई समाधान करवा दिया जाएगा।

## *एनसीसी कैडेट्स ने मण्डावा में सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण किया*

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निसं.)।** आदर्श विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल मण्डावा के एनसीसी कैडेट्स ने गुरुवार को विशेष सामाजिक एवं सांस्कृतिक कर्तव्य गतिविधि के अंतर्गत मण्डावा की प्रसिद्ध थलिया हवेली और चोखानी हवेली का भ्रमण किया। यह गतिविधि 3 राज नेवल यूनिट एनसीसी जयपुर के तत्वावधान में आयोजित की गई। थलिया हवेली में पर्यटन व्यवसायी किशोर थलिया ने कैडेट्स को मण्डावा की ऐतिहासिक धरोहरों, भित्तिचित्रों और स्थापत्य कला की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन धरोहरों का संरक्षण न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत बनाता है। एनसीसी नेवी सीटीओ गोविन्द सोनी ने कहा "एक सच्चा कैडेट केवल देश की सीमाओं की रक्षा नहीं करता, बल्कि उसकी संस्कृति और धरोहरों का भी रक्षक होता है।" प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने कहा "संस्कृति किसी राष्ट्र की आत्मा होती है। ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ-साथ जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भावना भी जागृत करते हैं।" कैडेट्स ने मण्डावा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से बबिता, राकेश चौधरी, गौतम कालोया सहित सभी कैडेट्स उपस्थित रहे।

## 70 युनिट रक्तदान हुआ, रक्तदान करना पुण्य का कार्य- डॉक्टर यादव

जयपुर टाइम्स



**पलसाना(निसं.)।** निकटवर्ती ग्राम मंढा स्थित श्री श्याम धर्मशाला में माधुराम यादव की छठवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रामगोपाल बलवीर यादव ने बताया कि गुरुवार को हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता मांगूराम भावरिया ने की ।वहीं मुख्य अतिथि डॉक्टर मंगल यादव व विशिष्ट अतिथि गंगासहाय यादव थे। अतिथियों ने स्व. यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की। कार्यक्रम में 70 यूनिट रक्तदान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ मंगल यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान करना पुण्य का कार्य है, जो मरते हुए व्यक्ति को जीवन दान देता है। इसीलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति कों रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर आयोजकों द्वारा अतिथियों का सम्मान करने के साथ रक्तदाताओं का भी मंच के माध्यम से हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी रक्तदान की महता पर प्रकाश डाला। इस दौरान दांतारामगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष हरलाल सिंह यादव, जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद यादव, संभाग युवा अध्यक्ष बलराम यादव, जिला युवा अध्यक्ष मुकेश यादव, रामनिवास यादव, गोपाल सिंह शेखावत ,एडवोकेट मुकेश सैनी, सुरजा राम बाजडोलिया, महेंद्र यादव ,रोहिताश यादव, मुकेश यादव, मानवेंद्र सिंह, रामगोपाल यादव ,बलवीर सिंह ,सुभाषचंद्र, राम, महेश चंद , प्रकाश चंद मिश्रा, इंद्र कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लगा तकनिकी सहायक 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप



जयपुर टाइम्स

**सूरजगढ़ (झुंझुनूं)** सूरजगढ़ नगरपालिका में ए.सी.बी. मुख्यालय से मिले निर्देशों को बाद झुंझुनू एसीबी टीम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में लगे एक तकनीकी सहायक को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रेप किया है। एएसपी शब्बीर खान के नेतृत्व में झुंझुनू एसीबी ने कार्रवाई को अंजाम दिया है। आपको बता दे कि एसीबी टीम ने कार्यवाही करते हुये आरोपी दीपक टेलर, शहर स्तरीय तकनिकी विशेषज्ञ, कम्पनी के मार्फत नगर पालिका सूरजगढ को परिवादी से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुये पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी झुंझुनूं को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी को प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत 2.50 लाख रुपये स्वीकृत हुये थे। जिसमें परिवादी को एक लाख रुपये का भुगतान हो चुका है तथा शेष एक लाख पचास हजार रुपये के भुगतान की एवज में दीपक टेलर 40,000/ रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। रिश्वत मांग सत्यापन दिनांक 06.10.2025 को आरोपी श्री दीपक टेलर ने परिवादी से प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत हुये एक लाख रुपये की एवज में 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की तथा शेष भुगतान स्वीकृत करवाने की एवज में बाद में बताने की कही है एवं पूर्व में भुगतान करवाई गई किस्त की एवज में 10,000 रुपये की मांग की गई जिस पर रिश्वत मांग के अनुसरण में आज दिनांक 09.10.2025 को ट्रेप कार्यवाही का आयोजन कर परिवादी से आरोपी दीपक टेलर, शहर स्तरीय तकनिकी विशेषज्ञ, कम्पनी के मार्फत नगर पालिका सूरजगढ ने रिश्वत राशि प्राप्त कर अपनी पेंट की जेब में रख ली जहां से रिश्वत राशि 10,000 रुपये बरामद हो चुकी है। मौके पर अग्रीम कार्यवाही जारी है। जिस पर ए.सी.बी. जयपुर रेंज के राजेश सिंह, उप महानिरीक्षक पुलिस के सुपरवीजन में ए.सी.बी. झुंझुनूं के शब्बीर खान, उप अधीक्षक पुलिस मय टीम के द्वारा ट्रेप कार्यवाही जारी है। आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर श्रीमाधोपुर जिले में विजयदशमी उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ

### समाज की सज्जन शक्ति के साथ में मातृशक्ति की विशेष भागीदारी रही

### संघ के दायित्वानो का बस्ती व गृह संपर्क अभियान पर दिखाई दिया जोश

जयपुर टाइम्स



**कांवट/ श्रीमाधोपुर(निसं.)।।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में श्रीमाधोपुर जिले में भव्य विजयदशमी उत्सव का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह व गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन जिले के आठ खंडों और दो नगरों श्रीमाधोपुर व नीमकाथाना में एक साथ आयोजित किया गया। जिसमें हजारों स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। बड़ी संख्या में नए स्वयंसेवकों ने पथ संचलन एवं अन्य संघ गतिविधियों में सक्रिय भाग लेकर सृजनशीलता का परिचय दिया। आयोजन की विशेष बात यह रही कि केवल सज्जन शक्ति ही नहीं, अपितु मातृशक्ति की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। महिला वर्ग ने आयोजन में सहकार्य करते हुए सामाजिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। संघ दृष्टि से जयपुर प्रान्त के श्रीमाधोपुर जिले में आठ खंडों के मंडल व श्रीमाधोपुर नगर व नीमकाथाना की बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित हुए। समारोह में प्रांत प्रचारक विशाल एवं क्षेत्रीय संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल प्रांत व्यवस्था प्रमुख कैलाश गुप्ता, विभाग प्रचारक चैतन्य कुमार का बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिसमें संघ की स्थापना की पृष्ठभूमि, डॉ. हेडगेवार जी का जीवन परिचय, संघ का मूल उद्देश्य एवं उसकी सामाजिक भूमिका पर प्रभावी उद्बोधन विस्तृत विचार रखे गए। विशेषकर संघ के "पांच परिवर्तन" - व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण एवं विश्वकल्याण - पर व्यापक विमर्श हुआ। आयोजित कार्यक्रम में रेवासा पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज, रींगस खंड के धींगपुर मंडल में जर्मन मूल के भारतीय संत श्री श्री 1008 ज्ञानेश्वर पुरी जी महाराज, श्रीमाधोपुर महामंडलेश्वर ओंकार दास जी महाराज, तथा खंडेला में नाथ संप्रदाय के संत श्री राम योगी जी, चतुरदास जी सहित अन्य संतों का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ, जिनके उद्बोधन से उपस्थित स्वयंसेवकों को आध्यात्मिक दिशा का ज्ञान व ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, सेना, बैंकिंग जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े सेवानिवृत्त अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सह जिला संघ चालक चैन सिंह शेखावत ने बताया कि यह आयोजन न केवल संघ के शताब्दी वर्ष का प्रतीक था, बल्कि यह समाज को संघ के विचारों व मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी रहा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
10 अक्टूबर, 2025

# एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी की रिहाई की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम दिया तहसीलदार के प्रतिनिधियों को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स




**अजीतगढ़(निसं.)** प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनोद जाखड़ एवं अन्य पदाधिकारीयो को रिहा करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अरुण शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अजीतगढ़ उप तहसील के तहसीलदार के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में लिखा कि गत दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे एक कार्यक्रम का एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में पदाधिकारी ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध किया था जिस कारण पुलिस ने जाखड़ समेत पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया था। ज्ञापन में लिखा कि पुलिस ने उन पर झूठे मुकदमे दर्ज कर पिछले 8 दिनों से उनको हिरासत में ले रखा है। ज्ञापन में लिखा कि विरोध दर्ज करना प्रत्येक नागरिक कॉल लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार है जिस कारण एन एनएसयूआई के पदाधिकारी की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यो के विरुद्ध है जिस कारण उनको तुरंत रिहा किया जाए। इस अवसर पर एनएसयूआई यह प्रदेश महासचिव अरुण शर्मा ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में भी सरकार राजनीतिक कर रही है जिसको एनएसयूआई सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार विकास के कार्यों में तो ध्यान नहीं दे रही है उल्टे कांग्रेस समर्थित संगठनों के पदाधिकारी पर झूठे मुकदमे दर्ज कर उनको गिरफ्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने की स्वतंत्रता है लेकिन राजस्थान की भाजपा सरकार राजनीतिक कर ऐसा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की भाजपा सरकार के कार्यकाल में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है एवं समाज का हर वर्ग दुखी व परेशान हो रहा है साथ ही महिलाओं पर अत्याचार बढे हैं महंगाई एवं बेरोजगारी आसमान छू रही है जिस कारण प्रदेश की जनता त्राहीमान, त्राहीमान कर रही है। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अरुण शर्मा, अजीतगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता मोहनलाल बुनकर, कांग्रेसी नेता किशन योगी, लखन पारीक पारीक,ओमपाल सिंह, अनिल सैनी, भूपेंद्र यादव, विनोद लूनाका, नीरू शर्मा, रोहित गुर्जर, भवानी सिंह, गजेंद्र बड़सीवाल समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य पुरस्कार में लॉटरी गाइड्स का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ में 9 अक्टूबर को स्थानीय प्रेरणा उच्च माध्यमिक विद्यालय की दो गाइड्स झुंझुनू में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित राज्य पुरस्कार जांच शिविर में भाग लेकर लौटने पर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया संस्था निदेशक मनोज यादव ने बताया कि विद्यालय की गाइड यूनिट लीडर सुनीता देवी के नेतृत्व में गाइड खुशी पुत्री जितेंद्र दिकवाल वह निशा पुत्री नेकीराम महान उक्त शिविर में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उक्त शिविर सफल होने पर इन्हें महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रमाण पत्र एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा उक्त शिविर में गाइड्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें पायनियरिंग मैपिंग विभिन्न प्रकार की गांठे प्रार्थना झंडा गीत राष्ट्रगान आदि सब में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया लौटने पर जिला प्रधान गंगाधर सिंह सुंडा स्थानीय संघ सचिव अर्जुन सिंह संखनीय लीडर ट्रेनर राम अवतार सबलानिया मुरली मनोहर चोपदार प्रहलाद राय जांगिड़ ओम प्रकाश आर्य प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह शिवकुमार ओमप्रकाश सेन सहित विद्यालय परिवार ने गाइड्स का स्वागत व बधाइयां प्रेषित की।

## पर्यावरण व जन चेतना रैली का आयोजित हुई



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)** नवलगढ के हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय झुंझुनू के निर्देशन में आर आर मोरारका कॉलेज नवलगढ़ में प्लास्टिक मुक्त जन चेतना रैली का आयोजन किया गया महाविधालय के प्राचार्य अरविंद कुमार महला डीओ स्काउट प्रदीप ईशरवाल मंडावा ब्लॉक उपाध्यक्ष सत्यवीर पूनिया व रोवर लीडर श्रवण सैनी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में महाविधालय के रोवर रेंजर ने भाग लिया और जागरूकता का संदेश दिया कार्यक्रम के दौरान हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर ने सभी का आभार व्यक्त किया उम्मेद सिंह महला ने कहा की पर्यावरण ही जीवन है और हमें इस भागदौड के विलासिता के जीवन से प्रकृति की और लौट चलना चाहिए..कालिका पेट्रोलियम भी उपस्थित रही व महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों को लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर क्षेत्र में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश से किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह खराब हो गई हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। जिसे लेकर गुरुवार को क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। किसानों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन करते हुए मुआवजे की मांग की। पार्षद हरिसिंह बेनीवाल ने बताया कि बारिश के कारण फसलें नष्ट हो गई हैं और खेतों में पानी भर गया है। इस वजह से किसानों कि मेहनत पर पानी फिर गया है। सरकार तत्काल खेतों का सर्वे करवाकर किसानों को फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने, मूंग की सरकारी एमएसपी पर खरीद शुरू कराने, चना का बीज उपलब्ध कराने, सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध कराने आदि की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मोहरसिँह ज्याणी, रामस्वरूप झाझड़िया, शीशपाल धीनवाल, जीताराम जांदू, मनोज कस्वां, विकास बेनिवाल, विकास सिहाग सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## नो दिवसीय108 अष्टोतरशत कुंडी ये श्री गोपाल महायज्ञ का आयोजन 9 नवंबर से

### महायज्ञ की तैयारी हुई शुरू

**अजीतगढ़(निसं.)** निकटवर्ती ग्राम आसपुरा के धुणी धाम ब्रह्मलिन संत रामदास महाराज की दिव्य प्रेरणा से जो दिवसीय 108 कुंडीये श्री गोपाल महायज्ञ का आयोजन 9 नवंबर से शुरू होगा जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। आसपुरा धुणी के संत गोपालदास महाराज ने बताया कि यह महायज्ञ यह महायज्ञ धुणी के ब्रह्मलीन संत रामदास महाराज की दिव्य प्रेरणा एवं धुणी धाम के संत गोपाल दास महाराज के सानिध्य में 9 नवंबर से लेकर 17 नवंबर तक चलेगा। महाराज ने बताया कि 9 नवंबर को सुबह दशविध स्नान के पश्चात हवन, कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश का आयोजन होगा साथ ही 10 नवंबर से 16 नवंबर तक10 नवंबर से 16 नवंबर तक नित्य देव पूजा एवं स्वाहाकार यज्ञ का आयोजन होगा साथ ही 16 नवंबर को दोपहर 12.15 बजे संत विदाई एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। महाराज ने बताया कि 17 नवंबर की सुबह से देव पूजा, उत्तर पूजा, बलि पूजा एवं दोपहर 12.15 बजे यज्ञ की पूर्णाहुति व भंडारा आयोजित होगा साथ ही महायज्ञ के यज्ञाचार्य पंडित चिरंजीवी शास्त्री होंगे। महाराज ने बताया कि महायज्ञ की तैयारी शुरू कर दी है एवं महायज्ञ के आयोजन के लिए कार्यकर्ताओं की टीम का गठन करने का कार्य शुरू किया जाएगा एवं प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी जिम्मेदारी के अनुसार ही कार्यकर्ता काम करेंगे।

## पलसाना में निजी स्कूलों को पाबंद करने की मांग, बीईओ ने कहा- नियम तोड़ने वालों को नोटिस देंगे

जयपुर टाइम्स



**पलसाना(निसं.)** ब्लॉक में निजी स्कूलों की मनमानी और परिवहन में लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शर्मिला हाड़ा को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने विभागीय नियमों की अनदेखी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षा विभाग की ओर से सुबह 10 बजे स्कूल का समय निर्धारित किए जाने के बावजूद निजी स्कूल अपनी मनमर्जी से संचालित हो रहे हैं। ठंड और कोल्ड फ्लू के खतरे के बावजूद छोटे बच्चों को सुबह 6 बजे स्कूल जाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनके बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि पलसाना ब्लॉक में पहले भी निजी संस्थाओं की लापरवाही के कारण कई बच्चों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निजी संस्थाओं को तुरंत पाबंद कर स्कूल के समय और परिवहन सुविधाओं में सुधार किया जाए।

### शिक्षा अधिकारी ने कहा- नियम तोड़ने पर दिया जाएगा नोटिस

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शर्मिला हाड़ा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को नोटिस जारी किया जाएगा। शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसी स्थिति पर पेरेंट्स और ग्रामीण भी ध्यान दें कि कोई भी निजी स्कूल वाहनों में अधिक बच्चों को बैठाते हैं तो उनके खिलाफ करवाई करें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में तुरंत संज्ञान नहीं लिया गया, तो वे जिला शिक्षा अधिकारी का घेराव करेंगे और संबंधित विभाग और निजी संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए उग्र आंदोलन करेंगे।

### ये लोग रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने वालों में इब्राहिम खान, सुभाष राव, गौतम कादिया, कर्मवीर वर्मा, पिंटू खटीक, कानाराम, नगेंद्र, अंकित, महावीर वर्मा सहित कई युवा और ग्रामीण शामिल थे।

## पलसाना में आयुर्वेदा एवं फिजियो थेरेपी हॉस्पिटल का शुभारंभ

### माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय ने किया उद्घाटन, बोले- आयुर्वेद आज के तनावपूर्ण जीवन में वरदान

जयपुर टाइम्स



**पलसाना(निसं.)** पलसाना कस्बे में गुरुवार को अमृत आयुर्वेदा पंचकर्म एवं फिजियोथेरेपी हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टॉक, दांतारामगढ़ भाजपा प्रत्याशी गजानंद कुमावत और पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मंत्रोच्चारण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि प्रहलाद राय टॉक ने कहा कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा पद्धति का एक प्राचीन और प्रभावी स्वरूप है, जो आज के तनावपूर्ण जीवन में लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि अमृत आयुर्वेद हॉस्पिटल जैसे संस्थान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी सौगात हैं। अस्पताल संचालक डॉ. सुनील शास्त्री और डॉ. दीपक कुमावत ने बताया कि यहां पंचकर्म, फिजियोथेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा, योग थेरेपी और आयुर्वेदिक परामर्श जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मरीजों को अनुभवी वैद्य और चिकित्सकों की टीम द्वारा संपूर्ण उपचार प्रदान किया जाएगा। मंच संचालन नवीन कुमार दक्ष ने किया। जबकि अनिल मारोठिया और नरेंद्र वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया। इस अवसर पर बाबू सिंह बाजोर, जीण माता मंडल अध्यक्ष कैलाश कुमावत, सुभाष सिंह बिजारणियां, रूप सिंह शेखावत, कैलाश रावोरिया, पंचायत समिति सदस्य सुमन वर्मा, ममता निठारवाल, जनसेवक मनोज कुमावत, महेंद्र पाराशर, महावीर वर्मा, सुशील शर्मा, बाबूलाल हल्दुनिया, त्रिभुवन सिंह दुधवा, परमेश्वर यादव और बजरंग जाटोलिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अक्षत को गोल्ड सहित दोहरी सफलता, निखिल तीसरे स्थान पर रहे

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस.)।** शहीद राजेश कुमार फगेड़िया राउमावि घांघू के अक्षत नागवाण ने ज़िला स्तरीय ट्रिपल जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए लंबी कूद में भी सिल्वर मेडल प्राप्त कर दोहरी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक शफी मोहम्मद ने बताया कि राजगढ़ में चल रही 69 वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के सात सदस्यों का दल भाग ले रहा है। उन्होंने बताया कि अक्षत के अलावा निखिल रेवाड़ ने 5 किमी वॉक में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा अन्य विद्यार्थी भी सराहनीय प्रदर्शन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा तैयार करवाए गए विद्यालय खेल मैदान का छात्रों को भरपूर लाभ मिल रहा है और भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं आगामी समय में और भी अच्छे खिलाड़ी गांव के विद्यालयों से निकलने की उम्मीद है। अक्षत एवं निखिल की कामयाबी पर ग्राम पंचायत प्रशासक विमला देवी, प्राचार्य प्रताप कुमावत, सामाजिक कार्यकर्ता महावीर नेहरा, बीरबल नोखवाल, केसर देव प्रजापत, रामलाल फगेड़िया, पूर्व एथलीट हरफूल सिंह सहित ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## श्री राम कथा के उपलक्ष में भव्य कलश यात्रा का आयोजन



### आज से प्रारंभ होगी श्री राम कथा अयोध्या धाम से पधारे श्री धर्मदास जी महाराज करेंगे कथा का वाचन

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ कस्बे में सार्वजनिक राम कथा का आयोजन 10 अक्टूबर शुक्रवार दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगा आज कथा से पूर्व कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई नरसिंह भैरव मंदिर में भरत मुरारका उनकी धर्मपत्नी संतोष मुरारका ने गणपति कलश नरसिंह भगवान का पूजन किया कलश यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल मुरारका मैरिज गार्डन पहुंची वैदिक मंत्रों से पंडितों ने विधि विधान से पूजा करवाई कथा वाचक धर्मदास जी महाराज ने व्यास पीठ पर विराजमन होकर कहा यह कथा हिन्दू संत सनातन गौ माता प्रयागराज संकल्प के उद्देश्य से आयोजित हो रही है भाजपा नेता विकेश कुलहरी अतिथि के रूप में शामिल होकर सभी सनातनियों से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में कथा का रसपान करने को कहा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया इस कलश यात्रा में समाजसेवी कैलाश चोटियां विकेश कुलहरी भरत मुरारका राजू कोलसियावाला श्रीकांत मुरारका, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य मुरली मनोहर चौबदार, राज चौधरी, सुनील सामरा, विशाल पंडित, प्रमोद सैन,रमेश कुमार यादव, ओमी पंडित संतोष मुरारका रेखा शर्मा पूजा जांगिड मंजू देवी विनोद जीनागल रंजना कंवर टीना सैनी पूनम शर्मा कमला श्याकोरी देवी ग्यारसी देवी सहित आदि श्रद्धालु शामिल हुए ।

## गोशाला नवीन सदस्यता/सदस्यता नवीनीकरण अभियान

**अजीतगढ़(निसं.)।** अजीतगढ़ शहर में आजादी से पूर्व वर्ष 1945 से स्थापित श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ का प्रतिवर्ष नवीन सदस्यता/सदस्यता नवीनीकरण अभियान 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। गोशाला सचिव मूलशंकर शर्मा ने बताया कि गोशाला के सदस्य 1100 रुपए देकर अपनी सदस्यता वर्ष 2025- 26 का नवीनीकरण करवा सकेंगे। इसके अलावा नवीन सदस्य 1500 रुपए शुल्क व सदस्यता फॉर्म भरकर नवीन सदस्य बन सकेंगे। सचिव शर्मा ने बताया कि गोशाला के पुराने सदस्य जिन्होंने सदस्यता नवीनीकरण नहीं करवाया है वो भी विगत वर्षों का बकाया नवीनीकरण शुल्क(1100 रुपए प्रतिवर्ष) देकर सदस्यता ले सकेंगे।

## बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**अजीतगढ़.(निसं.)।** शुक्रवार को 33 केवी लाइन अजमेरी एवं 33केवी टटेरा लाइन पर ट्री ट्रिमिंग रखरखाव एवम् मेंटिनेंस होने के कारण शुक्रवार की सुबह 8 बजे से दोपहर 12बजे तक हाथीदेह , जमनाडी, अजमेरी ,टटेरा सबस्टेशन की सप्लाई बंद रहेगी। जिससे उससे संबंधित क्षेत्र, हाथीदेह ,सांवलपुरा तंवरान, जुगलपुरा,अजमेरी, खटखड़, किशोरपुर, टटेरा, रायपुर जागीर , जमनाडी फैक्ट्री क्षेत्र की विधुत सप्लाई बंद रहेगी। एवं शुक्रवार को ही 33केवी सबस्टेशन हरिपुरा पर आवश्यक रखरखाव एवं मेंटीनेंस का कार्य होने के कारण सुबह 8 बजे से 12 बजे तक सप्लाई बंद रहेगी।जिससे हरिपुरा, सांवलपुरा शेखावतान, सुरानी हरदासकाबास की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उक्त जानकारी अजीतगढ़ बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता अजय पलसानिया ने दी।

## दांता में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**दांतारामगढ़(निसं.)।** स्व. ताराचंद कासलीवाल की पुण्य स्मृति में राजेन्द्र, सुमंत, राधव कासलीवाल द्वारा शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर के तत्वाधान में गुरुवार को अग्रवाल भवन दांता में नि:शुल्क मोतियाबिन्द जाँच एवं नेत्र लैस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संयोजक बाबूलाल भिण्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 48 रोगियों की आँख जाँच की गई जिसमें से 18 रोगियों को मोतियाबिंद के कारण लैस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के लिए रवाना किया गया।

## रात्रि चौपाल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएँ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बुधवार को लक्ष्मणगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत बाटडानाऊ में रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में जलदाय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, राजस्व, कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। चौपाल में पेयजल, विद्युत, सड़क, अतिक्रमण, सामाजिक न्याय, पंचायती राज, आदि विभागों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सभी प्रकरणों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी मोहर सिंह मीणा, सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, तहसीलदार फारूक अली, बीजेपी जिला अध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित जिला व उपखंड स्तर के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।